सूर्योदय 7:19 सूर्यास्त 5:29

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9.0 न्यू | 18.0 अधि |
| धर्मशाला | 11.0 न्यू | 21.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85,041.45 |
| निफ्टी | 26,042.30 |
| सोना | 1,37,914 |
| चांदी | 2,32,100 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 29 दिसंबर 2025 | 14 पौष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 2, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### सुप्रीम कोर्ट में सेंगर की जमानत पर सुनवाई आज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उन्नाव दुष्कर्म केस में दोषी ठहराए गए और आजीवन कारावास की सजा काट रहे पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को राहत देने वाले दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर अब सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। सोमवार, 29 दिसंबर को शीर्ष अदालत सीबीआई की उस याचिका पर विचार करेगी, जिसमें सेंगर की सजा निलंबन और जमानत को चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट की कॉज लिस्ट के मुताबिक, इस अहम मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ करेगी। इस पीठ में न्यायमूर्ति जेके महेश्वरी और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह भी शामिल होंगे। (अनंत ज्ञान)

### अरावली मामला: सुप्रीम कोर्ट आज करेगा सुनवाई



**एजेंसी, जयपुर।** अरावली पर्वतमाला को लेकर उठा विवाद एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। दरअसल, जमीन से 100 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाली पहाड़ियों को ही अरावली मानने की नई परिभाषा का विरोध हो रहा है। अब इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की वैकेशन बेंच सोमवार को सुनवाई करेगी। बेंच में जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह भी होंगे। सीजेआई के वैकेशन कोर्ट में यह मामला पांचवें नंबर पर लिस्टेड है। अब सभी की नजरें सुप्रीम कोर्ट की इस सुनवाई पर टिकी हैं, जहां केंद्र और राज्य सरकारों को नए निर्देश जारी किए जा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### भारतीयों के प्रोटेस्ट में खालिस्तानियों का हुड़दंग

**एजेंसी, लंदन।** लंदन स्थित बांग्लादेश हाई कमीशन के बाहर हिंदू समुदाय के एक प्रदर्शन में खालिस्तानी समर्थकों ने हुड़दंग मचाया। भारतीय और बांग्लादेशी हिंदू बांग्लादेश में बढ़ रहे हिंदुओं की मौत और हिंसा से जुड़े मामलों को लेकर 27 दिसंबर को प्रदर्शन कर रहे थे। इसी बीच 'सिख फॉर जस्टिस' संगठन से जुड़े खालिस्तानी कार्यकर्ताओं ने वहां आकर भारत विरोधी नारे लगाए और खालिस्तानी झंडे लहराए। खालिस्तानियों के हाथ में पोस्टर थे, जिन पर 'शहीद निज्जर', 'शहीद हादी' 'एसेसिनेशनंस बाय मोदी' लिखा हुआ था। पोस्टर में प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर पर माला चढ़ी हुई थी। खालिस्तानियों ने प्रदर्शनकारियों के साथ धक्का-मुक्की की और भारत विरोधी नारे भी लगाए। उन्होंने भारत सरकार पर हादी को मारने का आरोप लगाया। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- 4 साल से जंग खा रही ऑक्सीजन मशीन -पेज 2
- अनाथ बच्चों के लिए प्रदेश सरकार बनी 'अभिभावक' -पेज 3
- जहां व्यवस्था नहीं पहुंची, वहां संजय पराशर बने सहारा -पेज 5
- देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में एफआईआर -पेज 9
- नव वर्ष मनाने मनाली आ रहे हैं तो करवा लें एडवांस में बुकिंग -पेज 11


# नए साल में प्लेटिनम कार्ड लॉन्च करेगा प्रदेश पर्यटन विकास निगम

## बार-बार हिमाचल घूमने आने वाले पर्यटकों को एचपीटीडीसी की ओर से मिलेंगी विशेष सुविधाएं, विशेष छूट भी दी जाएगी

**अनंत ज्ञान टीम, शिमला/धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने क लिए एचपीटीडीसी नए वर्ष में प्लेटिनम कार्ड योजना लांच करेगा। इसके तहत बार-बार हिमाचल आने वाले पर्यटकों को पर्यटन विकास निगम की ओर से विशेष सुविधाएं व छूट प्रदान की जाएगी। इसके अलावा भी राज्य में पर्यटन विकास को लेकर विभिन्न योजनाओं को नए वर्ष से शुरू किए जाने को लेकर घोषणा कर दी गई है। वहीं, मेक माई ट्रिप के साथ हुए एग्रीमेंट के तहत दो करोड़ एचपीटीडीसी खाते में जमा हो गए हैं। इसके अलावा विभिन्न 197 एमओयू से एचपीटीडीसी ने सवा करोड़ रुपए कमाए हैं। साथ ही विभिन्न साधनों से अब लगातार कमाई में बढ़ोतरी हो रही है।

एचपीटीडीसी की ओर से अपना रेवेन्यू बढ़ाने की रणनीति और कस्टमर लॉयल्टी पहलों के तहत, बार-बार यात्रा करने वालों और संस्थागत ग्राहकों के लिए एक प्लैटिनम कार्ड लांच करेगा। यह कार्ड पर्यटकों को खास फायदे प्रदान करेगा। इसमें कमरा टैरिफ पर छूट, प्रायोरिटी बुकिंग, कॉम्प्लिमेंट्री सेवाएं, खास डाइनिंग ऑफर और मौसमी प्रमोशनल सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। प्लैटिनम कार्ड को बार-बार आने वाले ग्राहकों, कॉर्पोरेट क्लाइंट्स और लंबे समय तक रुकने वाले टूरिस्ट को आकर्षित करने के लिए डिजाईन किया जाएगा। यह ब्रांड के प्रति वफादारी भी बढ़ाएगा, और ग्राहकों को प्राइवेट होटलों के बजाय एचपीटीडीसी प्रॉपर्टीज को चुनने के लिए प्रोत्साहित करेगा। इसके साथ ही आधुनिक डिजिटल उम्मीदों के साथ तालमेल बिठाने के लिए, एचपीटीडीसी अपने अधिकारिक वेब पोर्टल को और अधिक आकर्षक, यूजर-फ्रेंडली और तकनीकी रूप से एडवांस्ड बनाने के लिए उसका व्यापक रूप से नया रूप दे रहा है। नया वेब पोर्टल निगम की सेवाओं के लिए एक केंद्रीय डिजिटल हब के रूप में काम करेगा, जो ओटीए पार्टनरशिप को पूरा करेगा, और साथ ही डायरेक्ट बुकिंग और ब्रांड पहचान को मजबूत करेगा। धार्मिक और मंदिर पर्यटन पैकेज के लिए आईआरसीटीसी के साथ सहयोग किया जा रहा है। मंदिर पर्यटन पैकेज डिजाईन करने और बढ़ावा देने के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन के साथ टाई-अप करने की प्रक्रिया में है। निगम की ओर से कुछ यूनिट्स, जैसे होटल हमीर, हमीरपुर, होटल हॉलिडे होम, शिमला, होटल मेघदूत, कियारीघाट, होटल रेणुका, रेणुकाजी और होटल ज्वालाजी आदि के रेनोवेशन का काम जल्द ही शुरू किया जा रहा है, जिसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, और काम सफल कॉन्ट्रैक्टर को दे दिया गया है। निगम का वर्ष 2024-25 के लिए जेनरेटेड रेवेन्यू 10867.03 लाख रुपए रहा। जनवरी 2024 से कॉर्पोरेट ऑफिस सहित सभी यूनिट्स में ई-ऑफिस सफलतापूर्वक लागू किया है और रोजाना का फाइल वर्क ई-ऑफिस के माध्यम से किया जा रहा है।

### पर्यटन के लिए बनाई जा रही योजनाएं : बाली



**इस** संबंध में हिमाचल पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने बताया कि पर्यटन विकास के लिए विभिन्न योजनाएं बनाकर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश को पर्यटन क्षेत्र में विश्व मानचित्र में स्थापित किए जाने के लिए कार्य किया जा रहा है। इसके प्रभाव निगम के विभिन्न कार्यों व कमाई में भी देखने को मिल रहा है।

# सीएम ने वार्ता के लिए बुलाए डॉक्टर्स

## कहा- अहंकार छोड़कर जल्द काम पर लौटें, मरीज हो रहे परेशान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

आईजीएमसी शिमला में मरीज और डॉक्टर के बीच हुई मारपीट की घटना के बाद प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। एक ओर अस्पतालों में इलाज के लिए पहुंचे मरीज परेशान हैं, वहीं दूसरी ओर रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल ने हालात को और संवेदनशील बना दिया है। इसी पृष्ठभूमि में सरकार की भूमिका, फैसलों और मंशा को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

दिल्ली से लौटने के बाद पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पूरे मामले पर अपना पक्ष रखा। उन्होंने डॉक्टरों से अपील की कि वे अहंकार छोड़ें और आज से काम पर लौटें। उन्होंने यह भी बताया कि वह सोमवार को सीनियर डॉक्टरों को बुलाकर उनसे बातचीत करेंगे और पूरे मामले में समाधान निकालने की कोशिश की जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार किसी भी मामले में भावनाओं में बहकर निर्णय नहीं लेती, बल्कि हर पहलू की गंभीरता से समीक्षा करने के बाद ही आगे बढ़ती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य किसी डॉक्टर का करियर बर्बाद करना नहीं है, बल्कि व्यवस्था को दुरुस्त करना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि मामले में दोबारा जांच यानी री-इन्क्वायरी के आदेश पहले ही दिए जा चुके हैं और सरकार टकराव नहीं चाहती। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ डॉक्टरों को बुलाकर बातचीत के जरिये समाधान निकालने की कोशिश की जाएगी और सभी पक्षों की बात सुनी जाएगी। गौरतलब है कि डॉक्टर राघव के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के विरोध में रेजिडेंट डॉक्टर शुक्रवार से ही अवकाश पर चले गए थे और शनिवार से उन्होंने पूर्ण हड़ताल शुरू कर दी है।



दिल्ली से लौटने के बाद पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत करते सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

**किसी का करियर बर्बाद नहीं करना चाहती सरकार**

### डॉक्टर का मरीज के साथ व्यवहार नहीं था सही

**सीएम** सुक्खू ने कहा कि सामने आए वीडियो और तथ्यों के आधार पर संबंधित डॉक्टर का मरीज के साथ व्यवहार ठीक नहीं था। सरकार का उद्देश्य किसी का करियर बर्बाद करना नहीं है, बल्कि व्यवस्था को सही करना है। उन्होंने कहा कि सरकार अपने फैसलों की समीक्षा कई बार करती है और जरूरत पड़ने पर सुधार भी करती है।

### डॉक्टरों के एक गुट ने वापस ली हड़ताल

**प्रदेश** के सबसे बड़े आईजीएमसी शिमला में चल रही रेजिडेंट डॉक्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल को एक गुट ने वापस ले लिया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के आश्वासन के बाद रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने हड़ताल वापस लेने का फैसला लिया है। इसके साथ ही अस्पताल में सामान्य स्वास्थ्य सेवाएं बहाल होने का रास्ता साफ हो गया है। रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन की ओर से जारी प्रेस नोट में कहा गया है कि मुख्यमंत्री ने 28 दिसंबर को आश्वासन दिया है कि पूरे मामले की विस्तृत जांच कराई जाएगी। साथ ही डॉक्टर राघव निरुला की टर्मिनेशन को लेकर भी पुनर्विचार किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुक्खू के आश्वासन पर भरोसा जताते हुए आरडीए ने जनहित में तत्काल प्रभाव से हड़ताल वापस लेने का निर्णय लिया है। आरडीए ने स्पष्ट किया है कि जब तक टर्मिनेशन आदेश वापस नहीं लिए जाते, तब तक जांच प्रक्रिया में संगठन पूरी तरह शामिल रहेगा। इस पूरे मामले को लेकर अगली रणनीति पर 3 जनवरी 2026 को बैठक कर आगे का फैसला लिया जाएगा।

# केसीसी बैंक के पूर्व एमडी समेत 8 अधिकारियों पर एफआईआर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

कांगड़ा सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड (केसीसीबी) से जुड़े एक बहुचर्चित होटल लोन मामले में बैंक के पूर्व प्रबंध निदेशक विनोद कुमार सहित आठ अन्य अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। थाना सदर ऊना में यह एफआईआर जिला मंडी के गांव भूरा, डाकघर राजगढ़ निवासी युद्ध चंद बैंस पुत्र पूरन चंद की शिकायत पर पंजीकृत की गई है।



एफआईआर में जिन बैंक अधिकारियों/कर्मचारियों को आरोपी बनाया गया, उनमें तत्कालीन मैनेजिंग डायरेक्टर केसीसीबी विनोद कुमार, राकेश शर्मा जनरल मैनेजर तत्कालीन डीजीएम रिकवरी, कुलदीप भारद्वाज डीजीएम रिकवरी, वीनू शर्मा एजीएम, सतीश कुमारी एजीएम, सुरजीत राणा एजीएम, दिनेश शर्मा ग्रेड-3 बाबू राम ग्रेड-2 शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक अमित यादव ने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। जांच के दौरान एफआईआर में लगाए आरोपों की गहनता से जांच की जाएगी।

### एक प्रतिष्ठित होटल व्यवसायी की शिकायत पर हुई कार्रवाई

**शिकायतकर्ता** एक प्रतिष्ठित होटल व्यवसायी है। शिकायतकर्ता ने वर्ष 2016 में केसीसी बैंक ऊना से होटल प्रोजेक्ट के लिए करीब 12 करोड़ का टर्म लोन स्वीकृत करवाया। लोन के बदले दोनों होटल प्रॉपर्टियों को बैंक के पास गिरवी रखा गया था। लोन स्वीकृत होने के बावजूद समय पर पूरी राशि जारी नहीं की गई और अनियमित तथा देरी से किए गए वितरण के कारण होटल प्रोजेक्ट को भारी नुकसान उठाना पड़ा। शिकायतकर्ता के अनुसार प्रोजेक्ट की कुल अनुमानित कीमत लगभग 240 करोड़ रुपए थी, जबकि बैंक द्वारा की गई कथित कार्यवाहियों से प्रोजेक्ट प्रभावित हुआ। बैंक अधिकारियों ने गिरवी रखी गई प्रॉपर्टी की आरक्षित मूल्य तय करने से जुड़े मूल्यांकन रिकॉर्ड में हेराफेरी की, जरूरी ऑफिस नोटिंग्स को हटाया गया और कुछ पेज जानबूझकर गायब कर दिए गए। ये रिकॉर्ड बैंक की कस्टडी में थे और इनके गायब होने की जिम्मेदारी बैंक अधिकारियों पर बनती है। शिकायतकर्ता ने एफआईआर में यह भी आरोप लगाया है कि आरबीआई की गाइडलाइन और कोविड-19 के दौरान लागू मोरेटोरियम के बावजूद वर्ष 2021 में लोन को गलत तरीके से एनपीए घोषित कर दिया गया। इसके चलते मामला हाईकोर्ट हिमाचल प्रदेश और डेब्ट रिकवरी ट्रिब्यूनल, चंडीगढ़ तक पहुंच गया। शिकायतकर्ता ने आरटीआई के माध्यम से जानकारी मांगी, जिसमें खुलासा हुआ कि केसीसीबी की रिकवरी शाखा से उसकी लोन फाइल के कई महत्वपूर्ण पेज, विशेषकर रिजर्व प्राइस फिक्सेशन और वैल्यूएशन से संबंधित नोटिंग्स गायब हैं।

# तीन आयुर्वेदिक डॉक्टर्स ने फर्जी ईडब्ल्यूएस से हासिल की नौकरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

फर्जी ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र के आधार पर आयुर्वेदिक डॉक्टर की नौकरी हासिल करने के मामले में विजिलेंस ने कार्रवाई तेज कर दी है। मंडी जिले से जुड़े इस प्रकरण में अब तक तीन आयुर्वेदिक डॉक्टरों को पकड़ा गया है, जिनमें से एक को गिरफ्तार कर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि दो अन्य डॉक्टरों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। विजिलेंस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में तीनों के ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र संदिग्ध पाए गए हैं और दस्तावेजों का गहन सत्यापन किया जा रहा है।

**एक डॉक्टर गिरफ्तार दो को हिरासत में लेकर की जा रही पूछताछ**

जानकारी के अनुसार जांच के दौरान प्रमाणपत्र जारी करने वाले राजस्व अधिकारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में आई है। आरोप है कि आवेदन के बाद बिना उचित जांच के लोक मित्र केंद्र के माध्यम से ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र जारी किए गए। विजिलेंस यह पता लगाने में जुटी है कि फर्जी प्रमाणपत्र किसकी मिलीभगत से बने। मामले में तथ्यों के सामने आते ही आगे और गिरफ्तारियां भी संभव बताई जा रही हैं।

#### प्रधानमंत्री ने मन की बात में भारत की 2025 की उपलब्धियां गिनाईं

# ऑपरेशन सिंदूर देश का गर्व बना : पीएम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 129वीं कड़ी और वर्ष के अंतिम एपिसोड की शुरुआत वर्ष 2025 में देश की उपलब्धियों से की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भारत ने कई मील के पत्थर साबित होने वाली उपलब्धियां हासिल की हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा (ऑपरेशन सिंदूर), खेल (महिला विश्वकप) और वैज्ञानिक नवाचार जैसे क्षेत्रों में हुई प्रगति ने वैश्विक मंच पर भारत के प्रभाव को दर्शाया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर देश का गर्व बना। उन्होंने कहा कि साल 2025 में आस्था, संस्कृति और भारत की आध्यात्मिक विरासत एक साथ दिखाई दी। वर्ष की शुरुआत प्रयागराज के कुंभ से हुई और अंत अयोध्या में राम मंदिर के ध्वजारोहण कार्यक्रम के साथ हुआ, जिसने हर भारतीय को गर्व से भर दिया। प्रधानमंत्री ने युवाओं के देश के लिए कुछ करने के जज्बे को सलाम किया और कहा कि आज के युवा विभिन्न माध्यमों से राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर 'यंग लीडर डायलॉग' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें वे स्वयं भी भाग लेंगे। (अनंत ज्ञान)



### युवाओं में कुछ नया करने का जुनून

**पीएम** ने कहा कि भारत के युवाओं में हमेशा कुछ नया करने का जुनून रहता है और वे उतने ही जागरूक भी हैं। इस क्रम में उन्होंने हाल ही में संपन्न हुए स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का उल्लेख किया, जिसमें छात्रों ने जीवन से जुड़ी वास्तविक चुनौतियों के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। भविष्य को लेकर तकनीक से जुड़ी चिंताओं पर प्रधानमंत्री ने कहा कि मानव विकास के लिए अपनी जड़ों से जुड़े रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इस संदर्भ में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस में चल रहे 'गीतांजलि' जैसे संस्कृत प्रयास का उल्लेख किया।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने आईएनएस वाघशीर पनडुब्बी में की यात्रा

**एजेंसी, कारवार**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को पहली बार कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के कारवार स्थित कदंबा नौसेना अड्डे का दौरा किया और अरब सागर में भारतीय नौसेना की पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर में यात्रा की। इसके साथ ही वे पनडुब्बी में यात्रा करने वाली भारत की दूसरी राष्ट्रपति बन गई हैं। कदंबा नौसेना अड्डे पर पहुंचने पर राष्ट्रपति मुर्मू का कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

उल्लेखनीय है कि एशिया के सबसे बड़े नौसेना अड्डों में शामिल कदंबा नौसेना अड्डे के दूसरे चरण का कार्य पूर्ण हो चुका है। यह अड्डा अब युद्धपोतों और पनडुब्बियों के लिए एक प्रमुख रणनीतिक केंद्र के रूप में विकसित हो गया है। नौसेना अड्डे के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आईएनएस वाघशीर पनडुब्बी में लगभग एक घंटे की ऐतिहासिक समुद्री यात्रा की। इस दौरान उनके साथ नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी और रियर एडमिरल विक्रम मेनन सहित भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



# 36 घंटे में 80 ड्रोन और नूर खान एयरबेस तबाह

## ऑपरेशन सिंदूर पर पाक विदेश मंत्री इशाक डार का बड़ा कबूलनामा

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तान ने एक बार फिर अपनी किरकिरी करा ली है। दरअसल, अब पाकिस्तान की सरकार ने स्वीकार किया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के हमले में उनके नूर खान एयर बेस को भारी नुकसान हुआ था। ये बात किसी और ने नहीं बल्कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने स्वीकार की है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इशाक डार ने स्वीकार किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के सटीक हमलों में उनके नूर खान एयरबेस को भारी नुकसान पहुंचा और यहां तैनात जवान भी घायल हुए।



पाकिस्तान ने दावा किया था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उन्हें खास नुकसान नहीं हुआ, लेकिन अब उनकी सरकार के ही वरिष्ठ मंत्री ने उनके दावे की पोल खोल दी है। इशाक डार ने कहा कि भारत ने 36 घंटों के भीतर पाकिस्तानी क्षेत्र में कई ड्रोन हमले किए और एक ड्रोन ने उनके सैन्य प्रतिष्ठान को नुकसान पहुंचाया, जो ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय हमलों की सटीकता को उजागर करता है। इशाक डार ने कहा, 'भारत ने पाकिस्तान की ओर ड्रोन भेजे।

36 घंटे के भीतर कम से कम 80 ड्रोन भेजे गए। हम 80 में से 79 रोकने में सफल हुए और केवल एक ड्रोन ने सैन्य प्रतिष्ठान को नुकसान पहुंचाया और इस हमले में हमारे कर्मी भी घायल हुए।' (अनंत ज्ञान)

### ऑपरेशन सिंदूर से घुटनों पर आया था पाकिस्तान

**इस** साल अप्रैल में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में भारत के 26 निर्दोष नागरिक मारे गए। इस हमले के जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, जिसके जवाब में पाकिस्तान ने भी भारत पर हमले की नाकाम कोशिश की। इससे दोनों देशों में हिंसक संघर्ष शुरू हो गया। भारत ने सटीक हमले करते हुए चकलाल स्थित पाकिस्तानी वायुसेना बेस नूर खान को निशाना बनाया था और इसे तबाह कर दिया था। भारत के इन तीखे हमलों से पस्त पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ के समक्ष संघर्ष विराम का प्रस्ताव रखा था।

**पर्यटन** | स्पीति में उमड़ रही सैलानियों की भीड़, कैफे में बैठकर चाय और कॉफी की ले रहे चुस्की

# पर्यटकों को आकर्षित कर रहा बर्फ का बना अनूठा कैफे

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू/काजा।** लकड़ी, पत्थर से बने कैफे तो सभी ने देखे होंगे, लेकिन शीतमरुस्थल जनजातीय जिला लाहौल स्पीति के स्पीति स्थित लिंगती में एक ऐसा अनोखा कैफे है, जो बर्फ से बना है। यह आइस कैफे आज देश का पहला आइस कैफे बनकर देश-विदेश के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है।

इस कैफे में बैठकर गर्म मीठी व नमकीन चाय या कॉफी की चुस्की लेना सैलानियों के लिए किसी रोमांचक अनुभव से कम नहीं है। सैलानी इसे अपने मोबाइल में कैद करना भी नहीं भूलते। रोजाना सैकड़ों की तादाद में सैलानी यहां पहुंच रहे हैं और बर्फ से बने इस अनोखे कैफे के साथ-साथ आसपास जमें बर्फीले झरनों और प्राकृतिक हिम संरचनाओं को अपने मोबाइल कैमरों में कैद कर रहे हैं। यह आइस कैफे स्पीति उपमंडल स्थित काजा से करीब 15 किलोमीटर दूर लिंगती गांव में बनाया गया है। पूरी तरह से पानी को जमाकर तैयार किए गए इस आइस कैफे की दीवारें, छत और अंदरूनी संरचना इसे आम कैफे से बिलकुल अलग पहचान देती हैं। चारों ओर जमीं बर्फ, शीत मरुस्थलीय वातावरण और पास में बहते जमे हुए झरने इसकी खूबसूरती में चार चांद लगा देते हैं।



आईस कैफे।

**ठोस बर्फ से बना है देश का पहला आइस कैफे**

### छेरिंग लोबदे के मन में कैसे आया आइस कैफे का विचार?

**स्पीति** आने वाले देश-विदेश के पर्यटक हमेशा कुछ अलग और यादगार अनुभव की तलाश में रहते हैं और यही सोच आइस कैफे की नींव बनी। 'मैंने पहली बार दिसंबर 2024 में लिंगती आइस कैफे बनाया और तब से हर सर्दियों में इसे चला रहा हूं। आइस कैफे बनाने का विचार मुझे सर्दियों के दौरान तब आया, जब सुबह-सवेरे पानी लेने नाले जाया करते थे। 'मैंने देखा कि स्पीति में चांगमा के पेड़ों की टहनियों पर कभी-कभी पाइप फटने से पानी की धार जमकर बेहद सुंदर आकृतियां बना लेती थी। उसी प्राकृतिक दृश्य ने मुझे पानी को जमाकर संरचनाएं बनाने की प्रेरणा दी और यहीं से आइस कैफे का विचार मेरे मन में आया और फिर आइस कैफे बनाया।

> **लिंगटी** में स्थानीय युवा द्वारा आइस कैफे का निर्माण कर पर्यटन को बढ़ावा देने की अनूठी पहल की गई है। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए कड़ाके की ठंड में पानी को जमाकर आइस कैफे तैयार किया गया है। यह पहल स्पीति घाटी को पर्यटन के मानचित्र पर नई पहचान दिला रही है। यह प्रयोग घाटी के पर्यटन को मजबूती देगा और स्थानीय लोगों के लिए आजीविका के नए अवसर भी सृजित करेगा।
>
> **-अनुराधा राणा, विधायक, लाहौल-स्पीति**

## न्यूज ब्रीफ

### पहले घर में की तोड़फोड़, फिर पालतू कुत्ता भी मारा

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज क्षेत्र में दो गंभीर हिंसक घटनाओं की जानकारी मिली। गांव बजवाल में आदर्श कुमार ने घर में तोड़फोड़ की और धारदार हथियार से पालतू कुत्ते की हत्या की। वहीं, गांव कक्कड़ में पड़ोसी विवाद के दौरान 65 वर्षीय कमला देवी और उनके पुत्रों को चोटें आईं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्रशासन ने जनता से शांति बनाए रखने और विवाद शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने की अपील की।

### शिविर में छात्रों ने किया 52 यूनिट रक्तदान

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय, सुजानपुर टीहरा में राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना और रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज में रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना और मानव सेवा की भावना को सुदृढ़ करना था। शिविर का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षक, अन्य कर्मचारी और छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवकों और अन्य विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कुल 52 यूनिट रक्त स्वेच्छा से दान किया। रक्त संग्रहण सरकारी अस्पताल हमीरपुर और डॉ. राधाकृष्णन अस्पताल की विशेषज्ञ टीम द्वारा सभी मानकों और सावधानियों के साथ संपन्न कराया गया।

### पूर्व विधायक कमलेश ने सुनी 'मन की बात'

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक एवं भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री कमलेश कुमारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 129वां संस्करण बूथ नंबर 101 रथवाणी पर कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों के साथ सुना। कमलेश कुमारी ने कहा कि यह कार्यक्रम देशवासियों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी और सकारात्मक सोच के लिए प्रेरित करता है। प्रधानमंत्री द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों, नवाचारों, जनभागीदारी और राष्ट्रीय मुद्दों पर साझा किए गए विचार लोगों में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर इस तरह के कार्यक्रम कार्यकर्ताओं में संगठनात्मक मजबूती लाते हैं और आम जनता सीधे प्रधानमंत्री के संदेश से जुड़ती है।

### ग्रामीणों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** कंज्याण में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम 'मन की बात' को जनप्रतिनिधियों, पार्टी कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय ग्रामीणों के साथ सामूहिक रूप से सुना। इसमें पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर तथा जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष अनिल काकू भी उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री ने युवा शक्ति और किसानों की भूमिका को राष्ट्र की प्रगति का आधार बताया। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा, नवाचार और किसानों की मेहनत से ही आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य साकार होगा तथा गांव और खेती देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करते हैं। इस मौके पर राकेश ठाकुर ने प्रधानमंत्री के संदेश की सराहना करते हुए कहा कि मन की बात कार्यक्रम देशवासियों को सकारात्मक सोच, स्वच्छता से जोड़ने का सशक्त माध्यम है।

### 'मन की बात' विकास के लिए करती प्रेरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हमीरपुर विधानसभा के बूथ नंबर 1, अमरोह में भाजपा नेता नवीन शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 129वें संस्करण को पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों के साथ सुना। नवीन शर्मा ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों से सीधे संवाद का माध्यम है और उन्हें देश के विकास, जनकल्याण, विज्ञान, खेल, संस्कृति और स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूक करता है। कार्यक्रम में 2025 की उपलब्धियों, 'ऑपरेशन सिंदूर', अंतरिक्ष और सौर ऊर्जा की पहल सहित युवाओं की प्रेरक कहानियों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम लोगों को देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है। मौके पर भाजपा पदाधिकारी और स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे और प्रधानमंत्री के संदेश को अपनाने का संकल्प लिया।

### 'बडैहर प्रीमियम लीग' क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के बडैहर में रविवार को 'बडैहर प्रीमियम लीग 2025-26' मेगा क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन बडैहर के पूर्व पंचायत प्रधान एवं पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष वतन सिंह डोगरा ने किया और उन्होंने 5,100 रुपये अपने तरफ से दिए। इस टूर्नामेंट में कुल 32 टीमें भाग ले रही हैं और यह 8 जनवरी 2026 तक चलेगी। सभी मुकाबले राजकीय प्राथमिक पाठशाला बडैहर (पुल के पास) स्थित खेल मैदान में आयोजित होंगे। प्रतियोगिता में किसी भी क्षेत्र की टीम भाग ले सकती है, जिससे स्थानीय और बाहरी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। विजेता टीम को 71,000 रुपये नकद व ट्रॉफी, जबकि उपविजेता को 51,000 रुपये नकद व ट्रॉफी दी जाएगी। प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच और पूरे टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी रखा गया है।

### वाजपेयी के विचारों, सिद्धांतों पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र में भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर अटल स्मृति सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बड़सर विधायक लखनपाल के नेतृत्व में कालका माता मंदिर, टिक्कर में संपन्न हुआ। पूर्व विधायक राजेन्द्र राणा ने अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों, सिद्धांतों और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और कहा कि उनका जीवन राष्ट्रसेवा और संवाद की राजनीति का प्रेरणास्रोत है। विधायक लखनपाल ने कहा कि अटल का जीवन साधारण से असाधारण बनने की प्रेरक गाथा है। कार्यक्रम में पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनोद ठाकुर, भाजपा के जिला और मंडल पदाधिकारी, कार्यकर्ता, मातृशक्ति और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### डाडू के राशन डिपो में स्थायी सेल्समैन की मांग

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** ग्राम पंचायत डाडू के राशन डिपो में राशन कार्ड धारकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डिपो में लगभग 500 राशन कार्ड धारक पंजीकृत हैं, जबकि राशन वितरण केवल 10 दिनों तक ही संभव होता है। इसका मुख्य कारण यह है कि राशन वितरित करने वाला सेल्समैन दूसरे डिपो से आता है और दो डिपुओं का कार्यभार संभालता है। इस वजह से लोग सुबह 6 बजे से लाइन में खड़े रहते हैं और कई बार पूरा दिन राशन लेने में ही बीत जाता है। पूर्व उपप्रधान राकेश शर्मा ने विभाग से आग्रह किया है कि डाडू डिपो में स्थायी सेल्समैन नियुक्त किया जाए, जिससे पूरे महीने राशन वितरण संभव हो और उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

### बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय उच्च कन्या विद्यालय सुजानपुर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें विधायक कैप्टन रणजीत सिंह मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती को नमन व दीप प्रज्वलित करके किया गया। विधायक का विद्यालय में स्वागत गरमजोशी के साथ किया गया और उन्हें शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। प्रधानाचार्या ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें पढ़ाई और खेल-कूद में छात्रों की उपलब्धियों का उल्लेख किया गया। हेडमास्टर ने भवन निर्माण में विधायक के योगदान के लिए धन्यवाद दिया। विधायक ने कहा कि भवन निर्माण का कार्य जल्द पूरा होगा और उद्घाटन के बाद बच्चों को सौंपा जाएगा। उन्होंने ₹10,000 की प्रोत्साहन राशि भी वितरित की और वार्षिक पुरस्कार बच्चों को प्रदान किए।

### तुलसी के अर्क से साबुन बनाने की विधि सिखाई

**अनंत ज्ञान, नादौन।** एनएसएस के सात दिवसीय शिविर के पाँचवें दिन आयुष विभाग के डॉ. सुनील कुमार और उनकी धर्मपत्नी पूजा स्वयंसेवकों को तुलसी के अर्क से साबुन बनाने की प्रक्रिया सिखाने पहुंचे। उन्होंने प्रत्यक्ष प्रदर्शन के माध्यम से साबुन बनाने की विधि सरल और चरणबद्ध तरीके से समझाई। डॉ. सुनील ने बताया कि तुलसी के औषधीय गुण त्वचा के लिए लाभकारी हैं और संक्रमण से बचाव में सहायक हैं। उन्होंने तुलसी के आध्यात्मिक महत्व और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने की क्षमता पर भी प्रकाश डाला। इसके साथ ही स्वयंसेवकों को मानव शरीर की सकारात्मक और नकारात्मक आभा (ऑरा) के बारे में जानकारी दी गई। स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सत्र में भाग लिया और व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नवीन शर्मा, आदिका और प्रो. योगेश कौंडल उपस्थित रहे।

### नादौन में नशा मुक्त भारत पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, नादौन।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में उपमंडल नादौन की विधिक सेवा समिति के सहयोग से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नादौन में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर की अध्यक्षता माननीय अनुज वहल, सीनियर सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नादौन ने की। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'नशा मुक्त समाज-भारत का संकल्प' के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और आपदा पीड़ितों के पुनर्वास पर केंद्रित रहा। अध्यक्ष ने बताया कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति का सर्वांगीण विकास करना है, जिससे विश्लेषणात्मक सोच और समस्याओं को हल करने की क्षमता विकसित होती है। इस अवसर पर एसएचओ और अधिवक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# 4 साल से जंग खा रही ऑक्सीजन मशीन

## आयुर्वेदिक अस्पताल में नहीं हो पाई इंस्टॉल, और इधर एंबुलेंस भी बनी कबाड़

विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान



### नीलामी के लिए कर रहे इंतजार: दिलीप

**आयुर्वेदिक** संस्थान के एस डॉक्टर दिलीप सिंह ठाकुर का कहना है कि यह उन्हें मालूम नहीं कि इन्हें यहां क्यों रखा गया है। बहुत पहले के हैं। कई सालों से खड़े हैं, इनकी नीलामी तो हो सकती है, लेकिन हायर अथॉरिटी से स्वीकृति मिलनी बाकी है।

### कई सालों से खड़ी 4 एंबुलेंस



**आयुर्वेदिक** अस्पताल के परिसर में तकरीबन चार ऐसी एंबुलेंस टाइप स्वास्थ्य विभाग के वाहन पिछले कई सालों से खड़े हैं। जो अब इस्तेमाल नहीं होते, लेकिन सिस्टम ने इन्हें जंग के हवाले कर रखा है। जब तक इन्हें नीलामी करके बेचा जाएगा, तब कबाड़ के अलावा और कुछ नहीं जाएगा। लेकिन विडंबना यह है कि कबाड़ में भी सरकारी खाते में शायद उतना पैसा नहीं आ पाएगा, जितना समय पर नीलाम करने पर मिल सकता है।

**हमीरपुर।** सरकारी व्यवस्था की विडंबना भी निराली होती है। अधिकारी ऐसी खरीद भी कर लेते हैं, जिसका इस्तेमाल ही नहीं होना है, लेकिन इससे उन्हें क्या फर्क पड़ता। बजट तो सरकारी खजाने से जाना है। ऐसी स्थिति किसी एक विभाग की नहीं है। जहां देखें वहीं गड़बड़ है, लेकिन यहां जिला मुख्यालय पर स्थित आयुर्वेदिक अस्पताल के परिसर में ऑक्सीजन प्लांट के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली लाखों की मशीन चार साल बाद भी ना तो इस्तेमाल हुई और ना ही इंस्टॉल करने की इसकी कोई जरूरत महसूस हो रही। मंगवाई किस वजह से थी? इसका भी अधिकारियों को पता नहीं है।

अब इतने लंबे समय के बाद भवन के एक कोने में पड़ी-पड़ी यह मशीन लगता है किसी काम की नहीं है। क्योंकि यदि 4 साल बाद भी इसे इस्तेमाल नहीं किया जा रहा, तो फिर इसकी खरीद ही क्यों हुई? यक्ष प्रश्न यही है। लेकिन इसका उत्तर अधिकारियों के पास नहीं है।

खोजबीन से पता चला है कि कोरोना काल के समय तकरीबन 18 लाख की लागत से यह मशीन खरीदी गई थी इसका मकसद ऑक्सीजन प्लांट के रूप में इस्तेमाल किया जाना था लेकिन यह इंस्टॉल ही नहीं हुई और खरीद की सप्लाई आने के बाद जहां इसे छोड़ दिया गया, यह वहीं पर अभी भी विराजमान है।

सवाल यह है कि क्या इसका इस्तेमाल किसी दूसरी जगह नहीं हो सकता था यदि आयुर्वेदिक विभाग में इसकी जरूरत नहीं है तो किसी और एलोपैथी के किसी संस्थान में इसका इस्तेमाल करने में क्या कोई दिक्कत आ रही थी? क्या इसकी योजना पर काम नहीं हो सकता था? क्योंकि सरकारी खजाने से लाखों खर्च हुए थे। अभी क्या यह इस्तेमाल करने लायक बची है? कोई गारंटी पीरियड भी होगा। यदि इस्तेमाल ही अब नहीं होनी है, तो इसे जिस जगह पर रखा गया है, वहां से डिस्मेंटल किया जा सकता है। लेकिन इसकी जहमत कौन उठाएगा।

# भारतीय लोकतंत्र की आत्मा है पंचायती राज व्यवस्था: धूमल



पूर्व सीएम प्रेम कुमार धूमल से मिलते हुए प्रकोष्ठ के नवनियुक्त पदाधिकारी।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

जिला भाजपा पर्यटन प्रकोष्ठ के संयोजक शेर सिंह, सह-संयोजक मल्कियत पठानिया और पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. सुभाष ठाकुर ने पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल से शिष्टाचार भेंट की।

धूमल ने पंचायती राज व्यवस्था के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह लोकतंत्र की आत्मा है और गांव से लेकर प्रदेश तक विकास को सीधे जनता तक पहुंचाने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि सशक्त पंचायतें ही मजबूत गांवों की आधारशिला हैं और पर्यटन प्रकोष्ठ प्रदेश की अर्थव्यवस्था और युवाओं के रोजगार में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। धूमल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठनात्मक जिम्मेदारियों को निष्ठा और सक्रियता के साथ निभाने का आह्वान किया।

डॉ. सुभाष ठाकुर, शेर सिंह और मल्कियत पठानिया ने उनके मार्गदर्शन और प्रेरक विचारों के लिए आभार व्यक्त किया और बताया कि वे सुझावों को आत्मसात कर संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करेंगे।

# कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के स्वर्णिम इतिहास और पार्टी के मूल्यों पर रखे अपने विचार



स्थापना दिवस पर जिला कांग्रेस कमेटी ने कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

कांग्रेस के 141वें स्थापना दिवस पर रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन का आयोजन किया। इस अवसर पर जिले भर से आए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी के स्वर्णिम इतिहास, संवैधानिक मूल्यों, लोकतंत्र और जनता के हितों की रक्षा में अपनी भूमिका पर विचार साझा किए।

निवर्तमान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमन भारती ने सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और कांग्रेस जनों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की आजादी से लेकर नए भारत के निर्माण में हमेशा महत्वपूर्ण योगदान देती रही है और भविष्य में भी समर्पित रहेगी।

कार्यक्रम में टोनी अभिनंदन ठाकुर, अजय शर्मा, देवीदास शहंशाह, डॉ आर.सी डोगरा, पुरुषोत्तम कालिया, अनिल चौधरी, राजेश चौधरी, सुनील ठाकुर, चंदन राणा, अशोक संधू, संजय शर्मा, कपिल कुमार, मनीष गुप्ता, मनु शर्मा, गुलशन कुमार, अरविन्द ठाकुर, अखिलेश चौधरी, अनिरुद्ध ठाकुर, अंशुल शर्मा, राजेश आनंद, अनिरुद्ध ठाकुर, शिवांशु, रोहित, रजत राणा, पंकज मिन्हास, विकास लट्ट आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# हर विधानसभा क्षेत्र में समान राहत की जाए सुनिश्चित: इंद्रदत

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** भीषण आपदा से प्रभावित हिमाचल प्रदेश के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि से 601 करोड़ रुपये जारी होने पर बड़सर विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का गहरा आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने आपदा के समय हिमाचल प्रदेश को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राहत और पुनर्वास कार्यों को सशक्त किया है। लखनपाल ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस सहायता का वितरण हिमाचल के हर विधानसभा क्षेत्र में समान, न्यायसंगत और पारदर्शी तरीके से होना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि राहत राशि का उपयोग केवल प्रभावित परिवारों, गांवों, सड़कों और पेयजल योजनाओं के पुनर्निर्माण में होना चाहिए, न कि राजनीतिक लाभ के लिए। विधायक ने प्रदेश सरकार को सतत और निष्पक्ष पुनर्निर्माण कार्य सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

# केरल-तेलंगाना का सीसीई मॉडल अपनाए हिमाचल

## साल में केवल 2 आवधिक और 2 योगात्मक परीक्षाएं हों: हीर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर



- कहा- शिक्षकों व विद्यार्थियों पर कम होगा दबाव
- शिक्षा सचिव को पत्र भेजकर मूल्यांकन प्रणाली को सरल बनाने का अनुरोध

हिमाचल राजकीय टीजीटी कला संघ ने मांग की है कि राज्य में अब एक दशक से प्रचलित सीसीई मॉडल में बदलाव किया जाए। केरल और तेलंगाना की तर्ज पर अब साल में 2 आवधिक और 2 योगात्मक परीक्षाएं आयोजित की जाएं। संघ के प्रदेश महासचिव विजय ही ने इस बाबत प्रदेश शिक्षा सचिव को एक पत्र भी प्रेषित किया है।

हीर ने बताया कि एक दशक से प्रदेश के शिक्षक और विद्यार्थी अति मूल्यांकन से परेशान हैं। हर साल 6 परीक्षाएं सीसीई प्रणाली के अंतर्गत हो रही हैं। कक्षा एक से आठ तक वर्ष में चार आवधिक आकलन, तथा दो योगात्मक मूल्यांकन आयोजित किए जा रहे हैं। इससे विद्यार्थियों और शिक्षकों पर अत्यधिक परीक्षा दबाव बन रहा है। बार-बार परीक्षाओं के कारण प्राथमिक स्तर पर लगभग एक माह और मध्य विद्यालय स्तर पर लगभग दो माह समय केवल परीक्षाओं, प्रश्नपत्र निर्माण, जांच और रिपोर्टिंग में व्यतीत हो जाता है, जिससे नियमित शिक्षण और पुनरावृत्ति के लिए पर्याप्त समय उपलब्ध नहीं हो पाता।

इसी संदर्भ में तेलंगाना और केरल जैसे राज्यों ने मूल्यांकन प्रक्रिया को सरल बनाते हुए वर्ष में केवल दो प्रगामी आकलन तथा दो योगात्मक मूल्यांकन का व्यवहारिक मॉडल अपनाया है, जिसमें लगभग तीन माह के अंतराल पर एक मूल्यांकन आयोजित होता है। इससे विद्यालयों पर प्रश्नपत्र मुद्रण और परीक्षा सामग्री की अतिरिक्त वित्तीय बोझ में भी कमी आती है।

उन्होंने कहा है कि इसलिए हिमाचल प्रदेश दो आवधिक और दो योगात्मक मूल्यांकन का मॉडल लागू करे, ताकि सीखने पर केंद्रित वातावरण विकसित हो। शिक्षकों को अध्यापन के लिए पर्याप्त समय मिल सके और मूल्यांकन प्रणाली सरल तथा व्यवहारिक बन सके। अगले सत्र से हिमाचल में कक्षा 9 से 12 तक भी 2 आवधिक आकलन जोड़ने की योजना शिक्षा बोर्ड ने बनाई है। ऐसे ने कक्षा 1 से 12 तक मूल्यांकन प्रणाली में एकरूपता लाने हेतु भी केवल दो आवधिक आकलन का ही मॉडल अपनाना चाहिए। जब हिमाचल में स्कूल शिक्षा निदेशालय एक हो चुका है तो मूल्यांकन प्रणाली भी एकरूप होनी चाहिए।

# धमरोल पंचायत के दर गांव को कक्कड़ में किया जाए शामिल

अनंत ज्ञान, भोरंज

- ग्रामीणों ने विधायक से ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की अपील की

उपमंडल भोरंज के धमरोल पंचायत के वार्ड नंबर-8 में आने वाले गांव दर के ग्रामीणों ने भोरंज के विधायक सुरेश कुमार से मुलाकात कर अपनी पंचायत बदलने की मांग की। ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर गांव दर को कक्कड़ पंचायत में शामिल करने का आग्रह किया। उनका कहना है कि धमरोल पंचायत मुख्यालय तक पहुँचने के लिए उन्हें जंगल के रास्ते से गुजरना पड़ता है, जिसमें जंगली जानवरों का खतरा रहता है और आवागमन में भारी परेशानी होती है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव दर से धमरोल पंचायत मुख्यालय सड़क मार्ग से लगभग 8 किलोमीटर और जंगल मार्ग से 6 किलोमीटर दूर है, जबकि कक्कड़ पंचायत मात्र 1 किलोमीटर की दूरी पर है। साथ ही उनकी सहकारी सभा, स्कूल, डाकघर और सहकारी बैंक सभी कक्कड़ पंचायत में स्थित हैं। इससे रोजमर्रा के कार्यों, शिक्षा और बैंकिंग सेवाओं के लिए उन्हें कक्कड़ पंचायत पर ही निर्भर रहना पड़ता है। प्रशासनिक दृष्टि से भी गांव दर को कक्कड़ पंचायत में शामिल करना अधिक उपयुक्त माना जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2015 और 2019 में भी इस मांग को संबंधित विभागों के समक्ष रखा गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने विधायक सुरेश कुमार से आग्रह किया कि इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया जाए और शीघ्र ही गांव दर को कक्कड़ पंचायत में शामिल करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। इस अवसर पर ज्ञान चंद, विमला देवी, सुनील कुमार, सुलोचना देवी, संजीव कुमार, बंदना कुमारी, सारिका और अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीण आशा कर रहे हैं कि उनकी मांग जल्द पूरी होगी।

# सराहकड़ में राणा ने कार्यकर्ताओं संग सुना प्रधानमंत्री का संबोधन



पीएम मोदी के संबोधन को सुनते राजेंद्र राणा व पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ता।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

रविवार को प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने बूथ नंबर 78 सराहकड़ में पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम 'मन की बात' का नवीनतम एपिसोड सुना।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2025 की उपलब्धियों का स्मरण करते हुए कहा कि यह वर्ष भारत के लिए अत्यंत स्वर्णिम और गौरवपूर्ण रहा है। उन्होंने बताया कि देश ने खेल, अंतरिक्ष और विज्ञान के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति करते हुए नई ऊंचाइयों को छुआ है। प्रधानमंत्री ने अयोध्या में श्री राम मंदिर में हुए स्वर्णिम और ऐतिहासिक ध्वजारोहण का उल्लेख करते हुए इसे राष्ट्र के लिए गौरव का क्षण बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 आत्मनिर्भर भारत की दिशा में भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा, जहां देशवासियों ने स्वदेशी वस्तुओं को अपनाकर 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को व अधिक सशक्त किया।

राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का मन की बात कार्यक्रम देशवासियों को प्रेरणा देने वाला है और राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी को मजबूत करता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# विजय चुने राजपूत कल्याण सभा के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, नादौन।** राजपूत कल्याण सभा इकाई नादौन की बैठक रविवार को राजेन्द्रा पैलेस गगाल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजपूत कल्याण ट्रस्ट के चेयरमैन ठाकुर कुलदीप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुए। जिसमें राजपूत नेता विजय अतुल को सर्व सम्मति से राजपूत कल्याण सभा नादौन का प्रधान चुना गया। जबकि कैप्टन रत्न चंद को उप प्रधान तथा शमशेर सिंह को महासचिव चुना गया। बैठक में राजपूत समुदाय की एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि हमारे समाज में कई गरीब परिवार है उन परिवारों के उत्थान के लिए राजपूत कल्याण सभा हर संभव प्रयास करेगी। बैठक में सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव में सरकार से मांग की है कि आरक्षण का आधार आर्थिक हो ताकि हर वर्ग का गरीब आरक्षण का लाभ उठा सके।

### हिंदू समाज की एकजुटता पर दिया बल

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के बेला गांव में हिंदू जागरण समिति के तत्वावधान में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी ओम प्रकाश चौधरी ने की, जबकि मुख्य अतिथि वरिष्ठ हिंदू नेता चेत राम रहे। कालेश्वर महादेव मंदिर के स्वामी विश्वानंद सरस्वती महाराज ने विशेष अतिथि के रूप में भाग लिया। मुख्य अतिथि चेत राम ने हिंदू समाज की प्राचीन संस्कृति और एकजुटता पर जोर दिया। महिलाओं की कीर्तन मंडली ने शानदार प्रस्तुतियां दी। सम्मेलन में डॉक्टर अशोक शर्मा, सुनील शर्मा, विजय चौधरी, यशपाल धीमान सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न दस्तकारों को स्मृति चिन्ह व पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। रविवार को जोलसप्पड़ में भी हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में समाज को एकजुट करने और धर्म को सशक्त बनाने का संदेश दिया गया।

### समाज में एकता व पंच परिवर्तन पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** मेडिकल कॉलेज बस्ती हमीरपुर का सामाजिक समरसता एवं हिंदू एकता समागम रविवार को पेंशनर भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्री सत्य नारायण मंदिर के मुख्य महंत राकेश दास मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि सनातन संस्कृति के मूल्यों को अपनाकर समाज में एकता स्थापित करनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि शास्त्री भगवान दास ने श्रीमद्भागवत गीता के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता डॉ. जगवीर ने भारत को महापुरुषों की भूमि बताते हुए पंच परिवर्तन के पांच महत्वपूर्ण संदेश साझा किए–स्वदेशी भाव, परिवारों में संस्कार, छुआछूत का उन्मूलन, नागरिक कर्तव्य और पर्यावरण संरक्षण। कार्यक्रम में लगभग 1350 लोग उपस्थित रहे और आयोजन समिति की ओर से भंडारे का भी आयोजन किया गया।

### सचिन को डीएम कार्डियोलॉजी में स्वर्ण पदक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** शहर के वार्ड नंबर 10, मिडिल गौड़ा निवासी डॉ. सचिन गौतम ने डीएम (कार्डियोलॉजी) में स्वर्ण पदक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। यह सम्मान उन्हें वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज एवं सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली से 7वें दीक्षांत समारोह में भारत सरकार की राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल द्वारा प्रदान किया गया। डॉ. गौतम एक प्रख्यात इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट हैं और हृदय रोगों के आधुनिक उपचार, जटिल एंजियोप्लास्टी एवं संरचनात्मक हृदय रोगों में दक्षता रखते हैं। उन्होंने एमबीबीएस और एमडी (जनरल मेडिसिन) इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज, शिमला से पूर्ण की है। उनकी पत्नी डॉ. गरिमा व्यास भी हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में नेत्र विशेषज्ञ हैं। क्षेत्रवासियों, शिक्षकों और सहकर्मियों ने उनकी उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। यह सफलता युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

### मन्वीं में उचित मूल्य की दुकान का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, जाहू।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र के मन्वीं गांव में ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग पर उचित मूल्य की दुकान का उद्घाटन भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने किया। इस कदम से ग्रामीणों को घर के नजदीक सस्ते राशन की सुविधा मिली है। उद्घाटन के अवसर पर हिमाचल प्रदेश कांगड़ा सहकारी बैंक के चेयरमैन रामचंद्र पठानिया भी मौजूद रहे। जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक सुरेश कुमार ने क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने भोरंज सिविल अस्पताल में सुधार, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की तैनाती, सरकारी स्कूलों में शिक्षा में गुणात्मक सुधार और शौचालय निर्माण एवं सड़क पक्की करने की योजनाओं का उल्लेख किया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस और पंचायत के कई प्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

**परेशानी** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के लोग रातभर परेशान, बड़े स्तर पर फेंका जा रहा मलबा

# निर्माणाधीन बस स्टैंड के पास अवैध डंपिंग

विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान




ट्रकों से अवैध डंपिंग साइट पर लगातार फेंका जा रहा मलबा, मिट्टी और टूटे मटेरियल, कॉलोनी के लोग प्रभावित।

**हमीरपुर।** यहां हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी इलाके में लोग अवैध रूप में हो रही डंपिंग को लेकर बेहद परेशान हैं। दिन में तो मलवा फेंकने का काम यहां होता ही है। रात भर भी लोगों की परेशानी इसलिए बढ़ जाती है, क्योंकि देर रात तक मलबा फेंकने को लेकर शोर शराबा लोगों को परेशान करता है।

हमीरपुर का नया बस अड्डा जहां निर्मित हो रहा है। उसके ठीक पहले शहर की तरफ को आने वाले मुख्य मार्ग पर एक तरफ लोडेड ट्रकों की की अच्छी खासी भीड़ बनी रहती है। ठीक उसी के साथ उसके पिछवाड़े में डंपिंग साइट बड़े स्तर पर बनी हुई है यह डंपिंग गैरकानूनी है लेकिन कोई पूछने वाला नहीं है, जिसके जी में जब चाहा, यहां पर दिन रात वह मालवा, टूटे हुए घरों का सारा मटेरियल, यहां फेंक सकते हैं। यह सिलसिला लंबे से जारी है। लेकिन कार्रवाई कोई नहीं कर रहा बड़े-बड़े ट्रक भर कर आते हैं। ट्रालियों में आता है और वहां पर आराम से फेंक कर यह वाहन चले जाते हैं।

जिला प्रशासन ने यहां पर किसी भी तरह की डंपिंग साइट नहीं बनाई है। यह इलाका निकली साइड को फॉरेस्ट विभाग का है। लेकिन लगता है उन्हें भी बिगड़ रही इस सूरत पर कोई चिंता नहीं है। परेशानी सिर्फ इस साइट के ठीक नीचे हाउसिंग बोर्ड में जिनके मकान हैं उन्हें परेशानी हो रही है वे रात भर डंपिंग साइट के हल्ले की वजह से सो नहीं पाते।

रविवार को भी यह सिलसिला बदस्तूर जारी था। रेता बजरी धोने वाले ट्रकों से इस मलबे को फेंकने का सिलसिला जारी था। अब कोई इस पर बोल भी नहीं पता क्योंकि लड़ाई झगड़े का खतरा रहता है और फिर यह सारी जमीन वन विभाग की है लेकिन उसके अधिकारियों को तो कोई परवाह ही नहीं है। लोगों की मांग है कि इस समस्या से निजात दिलाई जाए और जो कचरा कबाड़ यहां पर इकट्ठा हो रहा है। इस इलाके की खूबसूरती को नुकसान पहुंचा रहा है। चीड़ पेड़ों को भी खतरा बना हुआ है उसे तुरंत बंद करवाया जाए।

# डॉक्टरों की हड़ताल से मरीजों की बढ़ी परेशानी

## आईजीएमसी प्रकरण के बाद आंदोलन तेज, अस्पतालों में इमरजेंसी सेवाएं जारी, ऑपरेशन लटके

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला में मारपीट के मामले के बाद सीनियर रेजिडेंट चिकित्सक की बर्खास्तगी के विरोध में प्रदेशभर में डॉक्टरों की हड़ताल रविवार को भी जारी रही। रेजिडेंट डॉक्टरों, इंटर्न और मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं ने आईजीएमसी परिसर में एकत्र होकर सरकार के फैसले के खिलाफ नारेबाजी की। उनका आरोप है कि बिना पूरी जांच के एकतरफा कार्रवाई की गई, जिससे चिकित्सक समुदाय में असंतोष फैल गया है।

हड़ताल का सीधा असर मेडिकल कॉलेजों, जोनल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य संस्थानों में देखने को मिला। कई जगह बाह्य रोगी विभाग पूरी तरह बंद रहे, जबकि नियमित ऑपरेशन नहीं हो सके। वरिष्ठ चिकित्सकों की मौजूदगी में केवल आपात सेवाएं ही संचालित की गईं। सीमित स्टाफ और बढ़ते मरीजों के दबाव के कारण अस्पतालों में अव्यवस्था की स्थिति बनी रही। इलाज की उम्मीद लेकर पहाड़ी और दूरदराज इलाकों से आए मरीजों और तीमारदारों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। घंटों इंतजार के बावजूद कई मरीजों की जांच नहीं हो सकी। कुछ को आवश्यक परामर्श नहीं मिला, तो कई बिना उपचार के ही वापस लौटने को मजबूर हुए। मरीजों का कहना है कि हड़ताल के चलते सबसे अधिक नुकसान आम जनता को उठाना पड़ रहा है।


इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज परिसर में बर्खास्तगी के विरोध में नारेबाजी करते रेजिडेंट डॉक्टर व मेडिकल छात्र।

रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि जब तक बर्खास्तगी का आदेश वापस नहीं लिया जाता और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि किसी भी हिंसा की घटना के दो पहलू होते हैं, लेकिन इस मामले में सिर्फ चिकित्सक को दोषी ठहराकर कार्रवाई की गई। उन्होंने अस्पतालों में चिकित्सकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग उठाई।

### स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम ने अपनाया सख्त रुख

**स्वास्थ्य** मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि डॉक्टरों का हड़ताल पर जाना उचित नहीं है और आपात सेवाओं में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी स्वास्थ्य संस्थानों को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रतिदिन रिपोर्ट तैयार करें, जिसमें यह स्पष्ट हो कि कहां कितने चिकित्सक ड्यूटी पर हैं और कौन सेवाएं नहीं दे रहे हैं। मंत्री ने कहा कि सरकार मरीजों के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाएगी।

# भारतीय संविधान पर खतरा, एकजुट संघर्ष की जरूरत: जगत सिंह नेगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना दिवस पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में सेवादल की अगुवाई में भव्य ध्वजारोहण किया गया। बागवानी एवं राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने ध्वजारोहण कर सेवादल की टुकड़ी से सलामी ली और सेवादल के स्थापना दिवस पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि सेवादल कांग्रेस की वह ताकत है जो हर चुनौती में सबसे आगे खड़ी रहती है और संगठन की रीढ़ बनी हुई है।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जगत सिंह नेगी ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का इतिहास त्याग, संघर्ष और राष्ट्रनिर्माण से जुड़ा रहा है। आज़ादी की लड़ाई से लेकर आधुनिक भारत की नींव रखने तक कांग्रेस का योगदान अतुलनीय रहा है।

नेगी ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि तत्कालीन जनसंघ का न तो स्वतंत्रता संग्राम में योगदान रहा और न ही देश के नव-निर्माण में।



कांग्रेस के स्थापना दिवस पर राजस्व मंत्री नेगी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए।

उन्होंने आरोप लगाया कि आज देश में संविधान और लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है, ऐसे में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर देश को बचाने के लिए आगे आना होगा। इससे पहले मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने कहा कि कांग्रेस ने देश की एकता और अखंडता के लिए सर्वोच्च बलिदान दिए हैं और यदि कांग्रेस न होती तो शायद देश आज़ाद ही न होता।

प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष जैनब चंदेल ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और गरीबी उन्मूलन जैसी योजनाएं कांग्रेस की देन रही हैं, जिन्हें आज कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि अब समय आ गया है जब एकजुट होकर भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ मैदान में उतरना होगा। इस अवसर पर लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा, वन निगम उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची, एपीएमसी अध्यक्ष देवानंद वर्मा, शिमला नगर निगम महापौर संजय चौहान सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम दिन में आयोजित हुआ और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### चिट्टे के साथ युवती सहित दो गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, शिमला।** नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चिट्टा (हेरोइन) के साथ एक युवती सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस थाना बालूगंज में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह मामला शनिवार देर रात उस समय दर्ज किया गया, जब एसआई पुनीत कुमार अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। गश्त के दौरान सृष्टि माता मंदिर के पास एक वाहन की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन नंबर एचपी-01ए-7733 से कुल 10.670 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद की गई। पुलिस ने मौके पर ही वाहन में सवार दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान कांगड़ा जिला के ज्वालामुखी निवासी राकेश कुमार (47) और शिमला जिला के ठियोग निवासी स्मृति शर्मा (22) के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों को चिट्टा रखने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। बालूगंज पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज किया है।

### शिमला में खड़ी मोटरसाइकिल चोरी, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राजधानी शिमला के मल्याणा क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी का मामला सामने आया है। इस संबंध में पुलिस थाना छोटा शिमला में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। शिमला के ढली निवासी नरेश कुमार पुत्र भगत राम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने 24 दिसंबर की शाम करीब 8 बजकर 45 मिनट पर अपनी मोटरसाइकिल नंबर एचपी-11ए-7221 को मल्याणा स्थित वॉशिंग सेंटर के सामने पार्क किया था। अगले दिन 25 दिसंबर को सुबह करीब 11 बजकर 45 मिनट पर जब वह अपनी मोटरसाइकिल देखने पहुंचे तो वह वहां से गायब थी। शिकायतकर्ता ने आसपास काफी तलाश की। लेकिन मोटरसाइकिल का कोई सुराग नहीं मिल पाया। इसके बाद उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है और मोटरसाइकिल का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### मन की बात से हो रहा सीधा संवाद: संजीव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात के माध्यम से देश की जनता से सीधा संवाद स्थापित होता है। उन्होंने बताया कि आज पूरे प्रदेश में कार्यकर्ताओं ने यह कार्यक्रम सुना, जबकि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने सुंदरनगर में और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कठुआ में कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम का श्रवण किया। कटवाल ने कहा कि 'मन की बात' में देश की सुरक्षा, खेल, विज्ञान, संस्कृति और युवाओं की भागीदारी जैसे विषयों को सरल भाषा में रखा गया, जिससे आत्मनिर्भर और विकसित भारत का संदेश मजबूत होता है। यह कार्यक्रम देश को एकता और सकारात्मक सोच के सूत्र में बांधने का कार्य करता है।

### पर्यावरण संरक्षण पर विशेषज्ञों ने किया संवाद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** उपमंडल रोहड़ू के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बलसा (कारालश) में विशाल विधिक साक्षरता शिविर-2025 का आयोजन किया गया। शिविर में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल शर्मा ने कहा कि विधिक साक्षरता से आम नागरिक न केवल अपने कानूनी अधिकारों को समझता है, बल्कि सरकारी योजनाओं और न्याय तक समान पहुंच के संवैधानिक प्रावधानों से भी अवगत होता है। उन्होंने बताया कि महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और आपदा पीड़ितों के लिए निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध है, जिसे विभिन्न विधिक सेवा प्राधिकरणों के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमंडलीय विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अनीश कुमार ने की। शिविर में आपदा पीड़ितों के पुनर्वास, नशा निवारण और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने सरल और व्यावहारिक जानकारी दी। एसडीएम धर्मेश रामौत्रा ने आपदा के समय राहत और पुनर्वास की प्रक्रिया स्पष्ट की, जबकि डीएसपी प्रणव चौहान, चिकित्सक और अधिवक्ताओं ने नशे के सामाजिक दुष्प्रभावों पर चिंता जताई। रेंज फॉरेस्ट अधिकारी संजीव भारद्वाज ने पर्यावरण संरक्षण को सामूहिक जिम्मेदारी बताया। इस दौरान छात्राओं ने 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' पर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी, जिसे खूब सराहा गया। शिविर में अधिकारी, अधिवक्ता, पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षक, छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षा मंत्री रोहित ने मांगी क्षेत्र की खुशहाली

## 56 वर्षों बाद डोम देवता खांटा का शांत यज्ञ आयोजित, देव आशीर्वाद से महका अडेवग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

कोटखाई उपमंडल के अडेवग गांव में आस्था, परंपरा व सांस्कृतिक चेतना का अद्भुत नज़ारा देखने को मिला, जब शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने डोम देवता खांटा के देव शांत यज्ञ में शिरकत की। मंत्रोच्चार, ढोल-नगाड़ों की गूंज और देव आह्वान के बीच उन्होंने देवता का आशीर्वाद लिया और प्रदेशवासियों के लिए सुख, समृद्धि और अमन-चैन की दुआ मांगी। गांव-देहात की फ़िज़ाओं में रूहानी सुकून और परंपरा की खुशबू घुलती नज़र आई।

यह ऐतिहासिक देव शांत यज्ञ लगभग 56 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद आयोजित हुआ, जिसने क्षेत्र की स्मृतियों और मान्यताओं को फिर से जीवंत कर दिया। शांत अनुष्ठान में चार प्रमुख देवताओं की सहभागिता रही, कोटेश्वर महादेव मिहणी, डोम देवता खांटा बश्नोग, नाग देवता भमराड़ा, काली मात टिकरी हिमरी और खूंद थनाल गांव थाना। इस देव महासमागम ने यह संदेश दिया कि हिमाचल की देव संस्कृति आज भी उतनी ही सजीव और प्रभावशाली है, जितनी सदियों पहले थी।


शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का शांत महायज्ञ में फूल-मालाओं से स्वागत करते हुए स्थानीय लोग।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि हिमाचल यूं ही देवभूमि नहीं कहलाता, यहां की देव संस्कृति का रंग-रूप दुनिया में बेमिसाल है। मेलों, त्योहारों और देव अनुष्ठानों में हमारी सांस्कृतिक आत्मा की झलक मिलती है। उन्होंने कहा कि ऐसे पावन अनुष्ठान हमारी साझा विरासत हैं, जिन्हें संजोना हम सबकी ज़िम्मेदारी है, ताकि यह अनमोल धरोहर आने वाली नस्लों तक सलामत पहुंचे। युवाओं का आह्वान करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि हमारी संस्कृति आपसी प्रेम, सद्भाव और मेल-मिलाप का पैग़ाम देती है। आज के वैज्ञानिक और वैश्विक दौर में क़दम से क़दम मिलाकर आगे बढ़ना ज़रूरी है, मगर साथ ही अपनी जड़ों, अपनी पुरातन पहचान और सांस्कृतिक अस्मिता से जुड़े रहना भी उतना ही अहम है। यही संतुलन हमारी ताक़त व यही हमारी पहचान है।

# कठुआ में सुनील उपाध्याय नगर में राष्ट्रीय चेतना का सशक्त संगम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जम्मू-कश्मीर के कठुआ ज़िले स्थित सुनील उपाध्याय नगर में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जम्मू-कश्मीर प्रांत के 61वें प्रदेश अधिवेशन में सहभागिता को लेकर गहरा गौरव और आत्मीय भाव देखने को मिला। इस अवसर पर छात्र-जीवन की स्मृतियाँ, संगठन की साधना और राष्ट्र-निर्माण के संकल्प एक साथ जीवंत हो उठे। मंच पर पहुंचते ही कर्मभूमि से जुड़ी अनुभूतियों ने वर्तमान को अतीत की प्रेरक यादों से जोड़ दिया।


अधिवेशन को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर।

जम्मू-कश्मीर में छात्र जीवन के दौरान विद्यार्थी परिषद के साथ कार्य करने का सौभाग्य मिलने की स्मृतियां आज भी उतनी ही प्रखर हैं। एक कार्यकर्ता के रूप में संघर्ष, संगठन और समर्पण के अनेक क्षण इस प्रदेश और क्षेत्र से जुड़े रहे हैं। अधिवेशन के मंच पर पहुंचते ही वे सभी अनुभव मानो फिर से ताज़ा हो गए, जिन्होंने व्यक्तित्व को दिशा और दृष्टि दी। ज्ञान, शील और एकता के मूल्यों के साथ देश के युवाओं में व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण में विद्यार्थी परिषद का योगदान अतुलनीय रहा है। परिषद ने न केवल असंख्य प्रतिभाओं को गढ़ा, बल्कि उन्हें सजाकर-संवारकर राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित किया। यह कारवां इसी ऊर्जा और उद्देश्य के साथ आगे बढ़ता रहे, यही शुभकामनाएं हैं।

# प्रदेश में कल से बारिश-बर्फबारी के आसार, घने कोहरे की चेतावनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में मौसम करवट लेने जा रहा है और लंबे समय से चला आ रहा ड्राई स्पेल अब टूट सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार 30 दिसंबर से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इसके असर से राज्य के अधिकतर हिस्सों में बादल छाने और बारिश व बर्फबारी होने की संभावना है।

30 दिसंबर से 2 जनवरी तक लगातार चार दिन मौसम खराब रह सकता है, जबकि 29 दिसंबर को मौसम साफ रहने का अनुमान है और 3 जनवरी को फिर से आसमान साफ हो सकता है। इस दौरान लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू, चंबा, मंडी, शिमला और कांगड़ा जिलों में बारिश व ऊंचे इलाकों में बर्फबारी के आसार जताए गए हैं। हिल स्टेशनों शिमला, कुफरी और मनाली में सीजन की पहली बर्फबारी देखने को मिल सकती है, जिसका सैलानी लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। शिमला में यह लगातार चौथा साल है जब दिसंबर में बर्फबारी नहीं हुई है। इससे पर्यटन कारोबार से जुड़े लोग भी मायूस हैं।

**लंबे समय बाद किसानों और बागवानों को मिल सकती है राहत**

इस बदलाव से किसानों और बागवानों को राहत मिल सकती है, क्योंकि सेब सहित अन्य फसलों के लिए ठंड और नमी बेहद जरूरी मानी जाती है। उधर, मौसम के इस बदले मिजाज के साथ-साथ निचले और मैदानी इलाकों में घने कोहरे की समस्या भी बढ़ गई है। मौसम विभाग ने मंडी और बिलासपुर जिलों के लिए घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है और चेतावनी दी है कि अगले चार दिन यानी एक जनवरी तक सुबह और देर रात को दृश्यता बेहद कम रह सकती है। रविवार को बिलासपुर में कोहरे के कारण विज़िबिलिटी घटकर 50 मीटर और सुंदरनगर में 70 मीटर दर्ज की गई, जबकि मंडी में मध्यम स्तर का कोहरा छाया रहा।

# '140 वर्षों में कांग्रेस ने केवल भ्रम फैलाया'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कांग्रेस की 140वीं वर्षगांठ पर दिए गए बयानों पर तीखा पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस ने अपने लंबे राजनीतिक इतिहास में देश को गुमराह करने और संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करने का ही काम किया है। उन्होंने कहा कि आज जिस संविधान की दुहाई दी जा रही है, उसका सबसे अधिक अपमान कांग्रेस शासन में हुआ, और आपातकाल इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि मंत्री जगत सिंह नेगी द्वारा आज़ादी को किसी एक पार्टी की बपौती बताना इतिहास से छेड़छाड़ है और असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान है। कांग्रेस द्वारा भाजपा पर देश को बांटने के आरोप खोखले हैं। पीडीएनए राहत राशि पर राजनीति को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि केंद्र सरकार ने आपदा के समय हिमाचल को हजारों करोड़ रुपए की सहायता दी है, जिसमें हालिया 601 करोड़ रुपए की किश्त भी शामिल है।

# डीएवी रामपुर के मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

## वार्षिक समारोह के दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मोहा मन

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** डीएवी पब्लिक स्कूल रामपुर बुशहर में रविवार को असीम विषयक वार्षिक समारोह भव्य, अनुशासित और उत्सवपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। यह आयोजन विद्यालय की शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्यक्रमीय उपलब्धियों का जीवंत प्रदर्शन था, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन, सांस्कृतिक चेतना और देशभक्ति की भावना जगाना था।

मुख्यातिथि उपमंडल अधिकारी हर्ष अमरेन्द्र नेगी ने दीप प्रज्ज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया, जबकि विशिष्ट अतिथि प्रबंधक राकेश चंदेल और विशेष अतिथि सुनील बस्सी,पवनानंद,मनोज सोनी,पंकज भसोटिया,दीपक सूद,दीपक बंसल,राजेश गुप्ता, राजेश परमार,सौरव आनंद व सिद्धार्थ सूद की उपस्थिति ने इसे और गरिमामय बनाया। प्रधानाचार्य अकलुष महाजन ने स्वागत उद्बोधन में सभी का अभिनंदन किया तथा विद्यालय की


डीएवी रामपुर के वार्षिक समारोह में एसडीएम को सम्मानित करते हुए।

प्रगति, उपलब्धियों और भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में डीएवी बैंड, स्वागत गीत, नृत्य प्रस्तुतियों, एलकेजी स्वागत नृत्य, नर्सरी परिवार का महत्व, कक्षा दूसरी राजस्थानी संस्कृति, कक्षा पांचवीं ऑपरेशन सिंदूर, कक्षा यूकेजी स्वस्थ भोजन, कक्षा प्रथम क्वाली, कक्षा तीसरी बिहू, कक्षा चौथी मयूर नृत्य, छठी कक्षा मराठी नृत्य, सातवीं कक्षा हिमाचल की धरोहर, आठवीं कक्षा हैदराबाद कांड पर नाटक तथा वाद्ययंत्र प्रदर्शनों से सजा। सामाजिक संदेशों वाली नाट्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शैक्षिक उत्कृष्टता के लिए तीसरी कक्षा अनिक शर्मा, चौथी कक्षा दिव्या भंडारी, पांचवीं कक्षा आदित्य शर्मा, छठी छठी कक्षा आरव ठाकुर व श्रीजा महाजन, सातवीं कक्षा अनाहिता, कक्षा आठवीं अस्मी सोनी को सम्मानित किया गया। खेल क्षेत्र में आठवीं कक्षा अंशिका भैक व अद्विती (मुक्केबाजी), परिधि (वॉलीबॉल), छठी कक्षा मानविक कपार्टिया (कराटे) तथा कक्षा पांचवीं-चौथी (प्रिशा डोगरा, अद्विका, दिग्वी नेगी, रिवान कनैन) ने राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीते।

# लोअर बाजार में अवैध रूप से बैठे तहबाजारियों का सामान किया जब्त


लोअर बाजार में निरीक्षण के दौरान अवैध तहबाजारियों का सामान जब्त करती नगर निगम की टीम।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नगर निगम शिमला की टीम ने रविवार शाम करीब चार बजे लोअर बाजार क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क और फुटपाथ पर अवैध रूप से बैठे तहबाजारियों का सामान जब्त किया गया। कार्रवाई शुरू होते ही कई विक्रेता अपना सामान समेटकर हटते नजर आए, जिससे कुछ देर के लिए बाजार में हलचल रही।

निरीक्षण के समय पुलिस टीम भी मौके पर मौजूद रही, जिसके चलते किसी भी कारोबारी या अतिक्रमणकारी ने विरोध नहीं किया। नगर निगम की इस कार्रवाई का उद्देश्य सार्वजनिक रास्तों को अवरोधमुक्त रखना और बाजार में सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करना बताया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आगे भी इसी तरह सख्ती जारी रहेगी।

**चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट** सीएम सुक्खू की पहल से बेसहारा बच्चों को नसीब हो रहा उम्मीद का घर

# अनाथ बच्चों के लिए सरकार बनी 'अभिभावक'

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** जब जिंदगी ने कुछ बच्चों से माता-पिता का साया छीन लिया, तब राज्य की सरकार उनके लिए अभिभावक बनकर सामने आई। चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट की अवधारणा ने अनाथ और बेसहारा बच्चों को सिर्फ सरकारी संरक्षण ही नहीं, बल्कि अपनापन, भरोसा और आगे बढ़ने का हौसला दिया है। मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के तहत ये बच्चे अब खुद को तन्हा नहीं, बल्कि एक बड़े परिवार का हिस्सा महसूस कर रहे हैं, जहां तालीम, तहज़ीब और तरक्की तीनों का रास्ता खुला है।

जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार ने लगभग छह हजार बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में अपनाकर देशभर में एक अनोखी मिसाल कायम की है। 27 वर्ष की आयु तक निःशुल्क शिक्षा, उच्च अध्ययन और कौशल विकास की सुविधा देकर सरकार ने साबित किया है कि यह महज़ योजना नहीं, बल्कि जिम्मेदारी का रिश्ता है। अनाथ बच्चों के लिए विशेष कानून बनाने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य बनकर सामने आया, जहां संवेदनशीलता को नीति का दर्जा मिला। इन बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनाने पर खास जोर दिया जा रहा है। 371 विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, छात्रावास और शिक्षण शुल्क के लिए 1.53 करोड़ रुपये की सहायता दी गई है, जबकि 238 लाभार्थियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कोचिंग, कौशल विकास अनुदान और विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों ने इन युवाओं को रोज़गार की दौड़ में पूरे आत्मविश्वास के साथ खड़ा किया है। शैक्षणिक भ्रमण, रेल व हवाई यात्राएं और बेहतर आवासीय सुविधाएं उनके अनुभवों को और भी वसीअ बना रही हैं।



मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के अंतर्गत राज्य संरक्षण में आगे बढ़ते चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के बच्चे सीएम के साथ।

### सामाजिक सुरक्षा का घेरा हो रहा मजबूत

**पिछले** तीन वर्षों में विभिन्न कल्याणकारी पहलों के माध्यम से लाभार्थियों को कुल 28 करोड़ रुपये की सहायता दी गई है। 2,635 बच्चों को वस्त्र भत्ता, 3,268 को उत्सव भत्ता, 2,471 को पोषण भत्ता और स्टार्ट-अप के लिए सहयोग मिला है। इसके साथ ही 264 लाभार्थियों को 5.16 करोड़ रुपये का विवाह अनुदान देकर उन्हें सम्मान के साथ नई ज़िंदगी शुरू करने में मदद की गई है।

### जीवन में मिल रहा घर रोजगार व नई रोशनी

**युवाओं** को स्वावलंबी बनाने के लिए 75 लाभार्थियों को 65.36 लाख रुपये की उद्यमिता सहायता दी गई है। 423 लोगों को आवास निर्माण के लिए सहयोग और योग्य व्यक्तियों को भूमि आवंटन किया गया है। मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना तथा इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना के माध्यम से हजारों बच्चे और युवा आज बेहतर भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं।





# खरपतवार नहीं, सेहत का खजाना है पड्याला

आज जब हम सुपरफूड और पोषण की तलाश में दूर-दराज देशों की ओर देख रहे हैं, तब हमारे आस-पास स्वतः उगने वाले अनेक बहुमूल्य जंगली पौधे धीरे-धीरे गुमनामी के अंधेरे में जा रहे हैं। यह विडंबना ही है कि जिन पौधों ने पीढ़ियों तक हमारे भोजन और स्वास्थ्य को संबल दिया, वे आज उपेक्षित हो गए हैं। हालांकि हमारे प्रदेश में आज भी दर्जनों ऐसे फल और सब्जियां प्रचलन में हैं, जो सीधे जंगली आवासों से प्राप्त होती हैं और स्थानीय भोजन संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रही हैं। इन्हीं में से एक अत्यंत उपयोगी, सुलभ,आर्गेनिक और पौष्टिक जंगली सब्जी है पड्याला। इसे विभिन्न क्षेत्रों में बडयाला, चिरिया साग, चिकघास या जंगली साग के नाम से भी जाना जाता है। पड्याला एक वार्षिक शीतकालीन जंगली खाद्य पौधा है, जो समुद्र तल से लगभग 4,300 मीटर की ऊंचाई तक आसानी से पाया जाता है। यह पौधा खेतों, बागों, घरों के आस-पास, नमी वाली भूमि में सर्दियों के मौसम में स्वतः उग आता है और प्रायः इसे खरपतवार समझकर नष्ट कर दिया जाता है।

## परिचय और वितरण

*पड्याला का वानस्पतिक नाम स्टेलारिया मीडिया है, जो कैरियोफिलैसी कुल से संबंधित है। इसे अंग्रेजी में कॉमन चिकवीड, चिकनवॉर्ट और विंटर वीड के नाम से जाना जाता है। यह एक नर्म, रेंगने वाला पौधा है, जिसकी पत्तियां छोटी, अंडाकार और कोमल होती हैं। छोटे सफेद फूल इसके विशिष्ट पहचान चिन्ह हैं। यह विशेष रूप से नमी और छायादार स्थानों में यह प्रचुर मात्रा में उगता है।*

### औषधीय गुणः

**पड्याला** को पारंपरिक रूप से एक शीतल, कोमल और प्रभावशाली औषधीय जड़ी-बूटी के रूप में जाना जाता है। लोकज्ञान के अनुसार, यह पाचन तंत्र, गुर्दे, श्वसन तंत्र तथा प्रजनन पथ से जुड़ी सूजन को शांत करने में सहायक है। इसका नियमित और संतुलित सेवन अस्थमा, खांसी एवं कब्ज जैसी समस्याओं की रोकथाम में उपयोगी माना जाता है। साथ ही यह त्वचा को शुद्ध, कोमल और स्वस्थ बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लोक चिकित्सा पद्धतियों में चिकवीड का प्रयोग त्वचा रोगों, खुजली, फोड़े-फुंसियों, शरीर की आंतरिक सूजन एवं जलन को कम करने, पाचन क्रिया को सुदृढ़ करने तथा गठिया एवं जोड़ों के दर्द से राहत के लिए किया जाता रहा है। कई क्षेत्रों में इसकी पत्तियों का लेप, तेल, पुल्टिस या काढ़ा आज भी घरेलू उपचार के रूप में जोड़ों पर लगाया जाता है, जहां इसका शीतल प्रभाव दर्द, सूजन और जलन को शीघ्र शांत करता है।



## पड्याला के प्रमुख औषधीय गुण व प्रभाव

**सूजनरोधी**
- जोड़ों की सूजन, दर्द और जलन में लाभकारी

**शीतल प्रभाव**
- शरीर की गर्मी, जलन एवं त्वचा रोगों में उपयोगी

**त्वचा हितकारी**
- फोड़े-फुंसी, खुजली और एलर्जी में सहायक

**पाचन सुधारक**
- कब्ज एवं अपच से राहत में मददगार

**रक्तशोधक**
- शरीर से विषैले तत्वों के निष्कासन में सहायक

**एंटीऑक्सीडेंट**
- कोशिकाओं को क्षति से बचाने में सहायक

**हल्का मूत्रवर्धक**
शरीर से अतिरिक्त जल बाहर निकालने में उपयोगी

***यह जंगली साग न केवल पोषण का सशक्त स्रोत है, बल्कि पारंपरिक स्वास्थ्य ज्ञान का भी एक अमूल्य हिस्सा है, जिसे पुनः समझने और अपनाने की आवश्यकता है।***

## खाद्य उपयोग और पारंपरिक व्यंजन

**पड्याला** को शरद ऋतु की शुरुआत से लेकर वसंत ऋतु के अंत तक भोजन के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। इसके कोमल ऊपरी भाग खाने योग्य होते हैं, जिन्हें अन्य हरी पत्तेदार सब्जियों के साथ मिलाकर साग के रूप में पकाया जाता है। भारत के कुछ क्षेत्रों में इसे कच्चे सलाद के रूप में भी खाया जाता है। आधुनिक स्वाद के अनुसार, पड्याला को परांठे, पास्ता, उत्तपम, कचौड़ी या पकौड़ों के रूप में भी प्रयोग किया जा सकता है, जिसे नई पीढ़ी भी बड़े चाव से अपनाती है।

## पाचन व मोटापा कम करने में सहायक

**हिमाचल** प्रदेश के कुछ गाँवों में रात से बचे हुए पड्याला साग में चावल के पानी (पीछ) के साथ छौंक लगाकर पछोलन तैयार किया जाता है, जिसे आमतौर पर भात (चावल) के साथ खाया जाता है। यह व्यंजन स्वादिष्ट होने के साथ-साथ पाचन के लिए भी लाभकारी माना जाता है। इसके अतिरिक्त, पड्याला से बनी हर्बल चाय मोटापा कम करने में सहायक मानी जाती है और शरीर को हल्का एवं ऊर्जावान बनाए रखने में मदद करती है। पड्याला की तासीर ठंडी होती है, इसलिए इसके साग का शरीर पर शीतल प्रभाव पड़ता है। इस प्रभाव को संतुलित करने के लिए इसे प्रायः सरसों जैसी गरम तासीर वाली पत्तियों के साथ मिलाकर पकाया जाता है। इससे भी बेहतर संयोजन विछूबूटी (कुगस ) के साथ माना जाता है, जिसकी तासीर जयादा गर्म होती है। बिछुआ और पड्याला की कोमल पत्तियों से स्वादिष्ट सूप बनाया जा सकता है या इसे पनीर के साथ पालक-पनीर की तरह पकाया जा सकता है, क्योंकि इसका प्रभाव अत्यंत शीतल होता है। यदि इसका सेवन अकेले किया जाए तो अतिशीतलता के कारण दस्त या पेचिश की समस्या हो सकती है। इसी अनुभवजन्य ज्ञान के चलते पुराने समय में इसे सुखाकर सुरक्षित रखा जाता था, ताकि गर्मियों में आवश्यकता अनुसार इसका संतुलित उपयोग किया जा सके। दुर्भाग्यवश, समय के साथ यह पारंपरिक प्रचलन लगभग लुप्त होता जा रहा है। इसी पारंपरिक ज्ञान को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से कुछ स्वयं सहायता समूहों के सहयोग से इसे तरड़ी और माह की दाल के साथ मिलाकर बड़ियां तैयार की गईं। ये बड़ियां गर्मियों में उपयोग करने पर न केवल शरीर को प्राकृतिक शीतलता प्रदान करती हैं, बल्कि इसके औषधीय गुणों को भी सुरक्षित रखती हैं। यह पहल पारंपरिक ज्ञान, पोषण और आजीविका संवर्धन-तीनों का सुंदर संगम है।



*डॉ. तारा देवी सेन, विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी*

## प्रचुर मात्रा में पाए जाते विटामिन

***चिकवीड पोषक तत्वों का भंडार है। इसमें प्रचुर मात्रा में विटामिन ए, सी और के, आयरन, कैल्शियम, मैग्नीशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। यह पौधा शरीर को ठंडक देने वाला, हल्का और सुपाच्य होता है।***

| पोषक तत्व | मात्रा (प्रति 100 ग्राम) |
|---|---|
| ऊर्जा | 35-40 kcal |
| प्रोटीन | 2.5-3.0 ग्राम |
| कार्बोहाइड्रेट | 6.0-7.0 ग्राम |
| फाइबर | 1.5-2.0 ग्राम |
| वसा | 0.3-0.5 ग्राम |
| विटामिन सी | 25-30 mg |
| विटामिन ए | 2500-3000 IU |
| विटामिन के | 200-250 μg |
| कैल्शियम | 80-100 mg |
| आयरन | 2.5-3.5 mg |
| मैग्नीशियम | 70-90 mg |
| पोटैशियम | 350-400 mg |



## सेवन की मात्रा

| उपयोग का रूप | सुरक्षित मात्रा | सेवन की आवृत्ति |
|---|---|---|
| ताज़ा साग (सब्जी) | 50-100 ग्राम | सप्ताह में 2-3 बार |
| सलाद (कच्चा) | 20-30 ग्राम | सप्ताह में 1-2 बार |
| सूप/काढ़ा | 10-15 ग्राम ताजी पत्तियां | सप्ताह में 1-2 बार |

**पत्तियों का लेप (त्वचा हेतु)**

| आवश्यकतानुसार | बाह्य प्रयोग |
|---|---|
| चूर्ण (सूखी पत्तियां) | 2-3 ग्राम |

*चिकित्सकीय सलाह से*

### सर्दी के मौसम में एक उत्तम पेय

**हिमालयी** क्षेत्रों में बुजुर्ग आज भी इसे सर्दियों के पौष्टिक साग के रूप में पहचानते हैं। सर्दी के मौसम में एक उत्तम पेय है। यह पड्याला तथा बिच्छू बूटी के मिश्रित खाद्य एवं औषधीय गुणो से भरपूर होने के कारण शारीर कि रोग प्रतितोघ क्षमता बढाने में बहुत ही लाभकारी है।

**पड्याला सूप :** सामग्रीः पड्याला और बिच्छू बूटी के कोमल पत्ते 1/2 किलो, पुदीने के पत्ते, 10-15 (कटे हुआ), बारीक कटी हुई पत्ता गोभी और मटर, 2-3 कप, मकई का आटा, 1 चम्मच, माखन, 1 चम्मच, नींबू का रस, 1 बड़ा चम्मच, काली मिर्च स्वाद अनुसार, 1 चम्मच, नमक।

**विधिः** पत्तियों को एक लीटर पानी में तब तक उबालें जब तक कि वे नरम न हो जाएं, अब इन को मिक्सर ग्राइंडर में बारीक करें और एक कटोरे में छलनी के साथ निकाल लें। अब इसे एक पतीले या पेन में थोडा सा मक्खन गर्म करके डाल दें। अब इसमें मकई का आटा, काली मिर्च पाउडर, नमक स्वादानुसार बारीक कटी हुई गोभी और मटर डालकर 5-10 मिनट तक उबालें। अब इसमें नींबू का रस और कटे हुए पुदीने के पत्ते मिला लें। सूप अब परोसने के लिए तैयार है इसे कदुकस किए हुए पनीर से सज्जा कर परोसा जा सकता है

# महिलाओं की त्वचा पर दिखता जीवनशैली और तनाव का असर

**मडव्लठ** की दिनचर्या जिम्मेदारियों से भरी होती है। घर, परिवार, कार्यस्थल और सामाजिक दायित्वों के बीच वह अक्सर खुद को समय देना भूल जाती है। इसका सीधा असर उसके स्वास्थ्य और सबसे पहले उसकी त्वचा पर दिखाई देता है। त्वचा का रूखा और बेजान हो जाना, रंगत का फीका पड़ना, फाइन लाइन्स और समय से पहले झुर्रियों का दिखना केवल सौंदर्य की समस्या नहीं है, बल्कि यह संकेत है कि शरीर और मन दोनों को देखभाल की आवश्यकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, महिलाओं की त्वचा स्वभाव से अधिक संवेदनशील होती है। हार्मोनल बदलाव, मासिक चक्र, गर्भावस्था, प्रसव के बाद का समय और मेनोपॉज जैसे चरण त्वचा की बनावट और जरूरतों को प्रभावित करते हैं। इसके साथ ही नींद की कमी, मानसिक तनाव, अनियमित खानपान और बढ़ता प्रदूषण त्वचा की नमी और चमक को धीरे-धीरे कम कर देते हैं। सर्दियों के मौसम में यह समस्या और गंभीर हो जाती है, जब हवा में नमी की कमी त्वचा को अंदर तक शुष्क बना देती है। ठंडी हवाओं के कारण त्वचा में खिंचाव, फटना, जलन और खुजली जैसी शिकायतें आम हो जाती हैं। अधिकतर महिलाएं इन्हें सामान्य मौसमी समस्या मानकर नजरअंदाज कर देती हैं, जबकि यही समय होता है, जब त्वचा को अतिरिक्त पोषण और विशेष देखभाल की जरूरत होती है। विशेषज्ञ मानते हैं कि इस दौर में त्वचा की नियमित देखभाल न की जाए तो आगे चलकर यह स्थायी समस्याओं का रूप ले सकती है।



## होम फेशियल से पाएं स्वस्थ हाइड्रेटेड और दमकती त्वचा

महिलाओं के लिए घर पर किया गया फेशियल इस समस्या का प्रभावी समाधान बन सकता है। यह न केवल त्वचा की सेहत सुधारता है, बल्कि मानसिक रूप से भी सुकून देता है। घर पर फेशियल करना अपने लिए कुछ समय निकालने जैसा है, जो आत्म-देखभाल और आत्मसम्मान दोनों को बढ़ाता है। नियमित रूप से सही तरीके से किया गया होम फेशियल त्वचा को गहराई से हाइड्रेट करता है और उसकी प्राकृतिक चमक को लौटाने में मदद करता है। फेशियल की शुरुआत सही क्लीजिंग से होती है। दिनभर चेहरे पर जमी धूल, प्रदूषण, पसीना और मेकअप को केवल साधारण फेसवॉश से पूरी तरह हटाना संभव नहीं होता। ऐसे में डबल क्लीजिंग को सबसे प्रभावी तरीका माना जाता है। पहले चरण में ऑयल-बेस्ड या मिल्क क्लींजर से चेहरे की ऊपरी परत को साफ किया जाता है, जिससे मेकअप और प्रदूषण के कण हट जाते हैं। इसके बाद वॉटर-बेस्ड या जेल क्लींजर त्वचा की गहराई से सफाई करता है और अतिरिक्त ऑयल को हटाता है। यह प्रक्रिया त्वचा को हल्का और साफ महसूस कराती है। क्लीजिंग के बाद टोनर का इस्तेमाल त्वचा के लिए बेहद जरूरी माना जाता है। यह त्वचा का पीएच संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ नमी को वापस लौटाने का काम करता है। विशेषज्ञों का कहना है कि टोनर त्वचा को रिलैक्स करता है और आगे लगाए जाने वाले स्किनकेयर प्रोडक्ट्स को बेहतर तरीके से अवशोषित करने में मदद करता है। सर्दियों में ड्राई स्किन वाली महिलाएं टोनर को एक से अधिक बार हल्के हाथों से लगा सकती हैं। हफ्ते में एक बार एक्सफोलिएशन भी त्वचा की सेहत के लिए आवश्यक है। इससे मृत त्वचा कोशिकाएं हटती हैं और नई कोशिकाओं को विकसित होने का अवसर मिलता है। हालांकि, अधिक एक्सफोलिएशन त्वचा को नुकसान पहुंचा सकता है, इसलिए विशेषज्ञ त्वचा के प्रकार के अनुसार, माइल्ड एक्सफोलिएटर के इस्तेमाल की सलाह देते हैं। होठों की देखभाल भी उतनी ही जरूरी है, क्योंकि सर्दियों में होंठ सबसे जल्दी रुखे और फटते हैं। फेशियल के दौरान ट्रीटमेंट मास्क त्वचा के लिए पोषण चिकित्सा की तरह काम करता है। यह त्वचा में गहराई तक जाकर नमी प्रदान करता है, फाइन लाइन्स को कम करता है और प्रदूषण से हुए नुकसान की भरपाई करता है। विशेषज्ञों के अनुसार एक्सफोलिएशन के बाद लगाया गया मास्क त्वचा द्वारा पोषक तत्वों को बेहतर तरीके से अवशोषित किया जाता है। करीब बीस से तीस मिनट तक मास्क लगाने से त्वचा के साथ-साथ मन को भी शांति मिलती है। घर पर तैयार किए गए प्राकृतिक फेस मास्क भी महिलाओं की त्वचा के लिए काफी प्रभावी माने जाते हैं। दही और शहद का मिश्रण त्वचा की रंगत सुधारने और नमी बनाए रखने में सहायक होता है, जबकि एवोकाडो और शहद त्वचा को गहराई से पोषण देते हैं। संवेदनशील त्वचा वाली महिलाओं के लिए ओट्स और शहद का मास्क सुरक्षित और लाभकारी विकल्प माना जाता है।



*मधु ठाकुर, संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, सनग्लोरियास ब्यूटी सैलून*

प्रस्तुतिः अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।

## सर्दियों में त्वचा की देखभाल जरूरी

**सर्दियों** में त्वचा को रूखापन और नमी की कमी से बचाने के लिए कैस्टर ऑयल एक प्रभावी प्राकृतिक उपाय माना जाता है। ब्यूटी विशेषज्ञों के अनुसार, यह त्वचा की गहराई तक जाकर नमी को लॉक करता है और स्किन बैरियर को मजबूत बनाता है। कैस्टर ऑयल में नारियल तेल, ग्लिसरीन और विटामिन ई मिलाकर बनाया गया मिश्रण रात में लगाने से त्वचा मुलायम और चमकदार बनती है। हालांकि, उपयोग से पहले पैच टेस्ट जरूरी है। महिला का स्वस्थ रहना पूरे परिवार और समाज की सेहत से जुड़ा होता है। जब महिला आत्म-देखभाल को प्राथमिकता देती है, तो उसका आत्मविश्वास, मानसिक संतुलन और जीवन की गुणवत्ता बेहतर होती है। स्वस्थ त्वचा विलासिता नहीं, बल्कि महिला स्वास्थ्य का अहम हिस्सा है।

# जोड़ों के दर्द में राहत पाने का आसान उपाय इलेक्ट्रो होम्योपैथी

**आज** कल बुजुर्गों की बजाय युवाओं में जोड़ों के रोग बढ़ते जा रहे हैं। इसके कारण शरीर में कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न होने लगती हैं, जो शरीर को प्रभावित करती हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक जब शरीर में विजातीय तत्वों की मौजूदगी बढ़ती है, तो कई तरह के लक्षण दिखाई देने लगते हैं। जैसे रक्तचाप का बढ़ना, चर्बी चढ़ना और पेट में सूजन होना, घुटनों में सूजन और सांसों का फूलना आदि कई बीमारियों का संकेत हो सकते हैं, अगर समय रहते डॉक्टर की सलाह ले लेते हैं, तो इससे जल्दी ठीक होने की संभावना बढ़ जाती है।



## खानपान व दिनचर्या में लापरवाही बड़ा कारण

**कुछ** लोग खानपान में सावधानी बरतने की बजाय अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित नहीं करते हैं, जिससे उन्हें मानसिक व शारीरिक रूप से बीमार होना पड़ता है। इसी तरह कई ऐसे लोग भी हैं, जो अपने बौद्धिक ज्ञान के कारण स्वेच्छा से दवाएं लेकर अपने स्वास्थ्य को खराब करते हैं। लेकिन प्रकृति के नियमों का पालन करना सीख लें, तो बेहतर जिंदगी जीने का तरीका मिल जाएगा। समय पर खाना व पानी चाहिए, ताकि शरीर में मौजूद सभी पोषक तत्वों की पूर्ति हो सके। निर्धारित समय पर सोना एवं जागने से शरीर को पर्याप्त ऊर्जा मिलती है, जिससे पाचन तंत्र मजबूत होता है तथा शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इसके विपरीत यदि हम जाते हैं, तो ज्ञात होगा कि हमारे शरीर में लचीलापन नहीं है, जिससे हम आसानी से चल नहीं पाते हैं और कई बार बैठने व उठने की समस्या हो जाती है, जिसे चिकित्सक जोड़ों के दर्द या रोग की संज्ञा देते हैं। यह उम्र के लिहाज से अलग अलग-अलग प्रकार के होते हैं।



*-डॉ. उत्तम चंद कौंडल बीईएमएस*

## टेंपरामेंट आधारित उपचार से जोड़ों के दर्द में सुधार

**विभिन्न** चिकित्सा प्रणालियों में उपचार संभव है, लेकिन प्राकृतिक नियमों पर आधारित इलेक्ट्रो होम्योपैथी से इलाज कराना बहुत ही आसान है। रोग का निदान टेंपरामेंट के आधार पर किया जाता है, जिससे दवा का चयन करने अथवा सेवन करने में आसानी होती है। उत्तम चंद इलेक्ट्रो होम्योपैथी अस्पताल के चिकित्सक बीईएमएस उत्तम चंद कौंडल कहते हैं कि उनके पास अधिकांश रोगियों में जोड़ों के दर्द वाले लोग पहुंचते हैं, जिन्हें सर्जरी की सलाह दी गई थी। अब वे अपने पैरों पर चलने लगे हैं और खुशहाल जिंदगी जी रहे हैं। डॉक्टर उत्तम ने बताया कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी में मूल दवाएं एस-6 व सी-6 के साथ आर्थो आयल अत्यधिक उपयोगी है। इसके अलावा दिनचर्या में बदलाव और अन्य उपयोगी चीजों को अपनाने से रोग से बचा जा सकता है ।

प्रस्तुतिः राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

# सोरायसिसः त्वचा से जुड़ा गंभीर रोग, समय पर इलाज है जरूरी

### ठंडा तापमान, रूखी त्वचा, त्वचा पर चोट लगना रोग के कारण

**सोरायसिस** त्वचा से शरीर से जुड़ा एक गंभीर रोग है। आज कई लोग इस बीमारी से जूझ रहे हैं। ऐसे में इसके लक्षण दिखने पर डॉक्टरी सलाह जरूरी है। साथ ही साथ इसके बचाव को लेकर भी जरूरी उपाय किए जाने चाहिए। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता के मुताबिक, यह रोग त्वचा कोशिकाओं के जीवन चक्र को प्रभावित करता है। इस रोग से प्रभावित व्यक्ति की त्वचा लाल और सफेद परतदार सी दिखती है। इससे खुजली और जलन जैसी समस्याएं भी होने लगती हैं। अगर समय रहते इस रोग के इलाज पर ध्यान न दिया जाए तो स्थिति बहुत दर्दनाक हो सकती है।

## प्लाक सोरायसिस

**इससे ग्रस्त व्यक्तियों के घुटने, कोहनी, स्कैल्प या पीठ के निचले हिस्से पर लाल-सफेद रंग के पैच पड़ जाते हैं।**

**नेल सोरायसिसः** यह हाथ और पैर की उंगलियों को प्रभावित करता है।

**गुटेट सोरायसिसः** यह हाथ और पैरों को प्रभावित करता है।

**इनवर्स सोरायसिसः** यह नितंबों और स्तनों के पास होता है।

**पस्टुलर सोरायसिसः** यह दुर्लभ है और इसमें बाहों और तलवों पर मवाद भरे फफोले होते हैं।

**एरिथ्रोडार्मिक सोरायसिसः** इसमें पूरे शरीर पर चकत्ते होते हैं।



## कैसे पता लगाया जा सकता है

**सोरायसिस** का पता लगाने के लिए डॉक्टर से संपर्क करें, ताकि वह कुछ टेस्ट के बाद आपको इसके बारे में बता सके। इसके लिए डॉक्टर आपको पैच टेस्ट कराने की सलाह दे सकते हैं। इसके अलावा डॉक्टर आपको स्किन प्रिक टेस्ट और स्किन बायोप्सी कराने का निर्देश भी दे सकते हैं। इसी तरह डॉक्टर आपको डर्मोस्कोपी कराने को भी कह सकते हैं।

## सोरायसिस के लक्षण

**सोरायसिस** से जुड़े लक्षण और उनकी स्थिति हर व्यक्ति में भिन्न होती है। आमतौर पर इससे ग्रस्त लोग अपनी त्वचा पर लाल-सफेद रंग परतदार धब्बों का अनुभव करते हैं। इसके अतिरिक्त खुजली, त्वचा का मोटा होना, त्वचा पर जलन महसूस करना, जोड़ों में दर्द, त्वचा में दर्द होना और नाखूनों में तरह-तरह के बदलाव होना आदि सोरायसिस के लक्षण हैं।



### सोरायसिस का खतरा बढ़ाने वाले कारक

डॉ. गुप्ता के मुताबिक, यह रोग किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकता है, लेकिन इसके सबसे ज्यादा मामले 15 से 35 और उससे अधिक उम्र के व्यक्तियों के आते हैं। ठंडा तापमान, रूखी त्वचा, त्वचा पर चोट लगना और लंबे समय तक कुछ दवाओं का सेवन इस रोग के कारण बन सकते हैं। इसके अतिरिक्त, शराब का अधिक सेवन, कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता या सनबर्न भी इस स्थिति को उत्पन्न कर सकते हैं।

## सोरायसिस का इलाज और बचाव के उपाय

हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता का कहना है कि सोरायसिस से प्रभावित लोगों को आमतौर पर डॉक्टर्स कुछ विशेष क्रीम, लोशन और शैंपू का इस्तेमाल करने की सलाह देते हैं। त्वचा विशेषज्ञ इस रोग का इलाज करने के लिए इसकी गंभीरता के आधार पर स्टेरॉयड या इंजेक्शन भी दे सकते हैं। अगर आप इस रोग से खुद को सुरक्षित रखना चाहते हैं तो त्वचा को साफ और मॉइस्चराइज रखें। साथ ही स्वस्थ जीवन शैली का पालन करें।

प्रस्तुति : मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन



*डॉ. एनके गुप्ता हेल्थ एक्सपर्ट*

## न्यूज ब्रीफ

### खैरा में सनातन एकता पर दिया जोर

राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह। हिंदू सम्मेलन समिति खैरा द्वारा रविवार को मां सुनियारी मेला मैदान में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में आरएसएस के विभाग प्रचारक भगवती प्रसाद मुख्य वक्ता रहे, जबकि जूना अखाड़ा हरिद्वार के योगी निर्भय नंद गिरि मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। वक्ताओं ने हिंदू समाज को जात-पात से ऊपर उठकर एकजुट होने का आह्वान किया और सनातन धर्म को मजबूत बनाने पर जोर दिया। भगवती प्रसाद ने गुरु गोबिंद सिंह के साहेबजादों और गुरु तेग बहादुर के बलिदान को स्मरण किया। कार्यक्रम में बच्चों ने देशभक्ति व ईशभक्ति की प्रस्तुतियां देकर माहौल भक्तिमय बनाया।

### नवप्रवेशित विद्यार्थियों की इंडक्शन मीटिंग आयोजित

अनंत ज्ञान, पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा कॉलेज स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र 1187 में रविवार को नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन मीटिंग आयोजित की गई। लगभग 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। बैठक में इग्नू की शैक्षणिक प्रणाली, असाइनमेंट तैयारी, परीक्षा रणनीति और अध्ययन लाभों की जानकारी दी गई। समन्वयक डॉ. दीप कुमार ने नियमित अध्ययन और उपलब्ध सामग्री के अधिकतम लाभ की सलाह दी। प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई और बैठक को मार्गदर्शक बताया।

### केंद्र सरकार कर रही भेदभावः मनकोटिया

पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा। पूर्व कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष चेयरमैन सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने कहा कि हिमाचल को आपदा राहत में अन्यायपूर्ण व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है। 2023 और 2025 की आपदाओं में 13,500 करोड़ का नुकसान हुआ, लेकिन केंद्र से केवल 2,100 करोड़ की सहायता मिली। मनकोटिया ने भाजपा शासित राज्यों से तुलना कर केंद्र पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि यह हजारों प्रभावित परिवारों के दर्द का मामला है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की कार्यशैली की भी सराहना की।

### पठानिया ने लंज में किया सड़क का उद्घाटन

कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर। शाहपुर के विधायक और उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने लंज कांग्रेस कमेटी के कांग्रेस स्थापना दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और मन्हास बस्ती में निर्मित सड़क का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया। उन्होंने कांग्रेस पार्टी की 1885 में स्थापना, स्वतंत्रता आंदोलन में उसकी भूमिका और संविधान, लोकतंत्र एवं सामाजिक न्याय में योगदान का वर्णन किया। पठानिया ने कहा कि कांग्रेस हमेशा कमजोरों और मेहनतकश वर्ग की आवाज रही है। उन्होंने संवैधानिक संस्थाओं की सुरक्षा, मौलिक अधिकारों की रक्षा और अन्याय, तानाशाही व नफरत के खिलाफ संघर्ष को जारी रखने का संकल्प लिया।

### हिम वैदिक गुरुकुल प्ले-वे स्कूल के विद्यार्थी नवाजे

अनंत ज्ञान, डरोह। सुलह विधानसभा क्षेत्र के हिम वैदिक गुरुकुल प्ले-वे स्कूल सुलह का वार्षिक समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख व्यवसायी और समाजसेवक हितेश शर्मा मुख्यातिथि थे। मुख्यातिथि ने शिक्षा के महत्व और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। बच्चों ने नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियों से उपस्थित दर्शकों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। स्कूल के निदेशक नवनीत धीमान, स्टाफ, अभिभावक और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। स्कूल प्रबंधन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### कंपनी ने मजदूरों को नहीं दिया मुआवजा : रविंद्र

अनंत ज्ञान, डरोह। ट्रेड यूनियन कोऑर्डिनेशन सेंटर के राज्य महासचिव रविंद्र सिंह रवि ने कहा कि वर्ष 2025 मजदूर वर्ग के लिए कठिन रहा। धर्मशाला में 25 जून को बादल फटने से आठ मजदूरों की मौत हुई और कंपनी ने कोई मुआवजा नहीं दिया। श्रम विभाग और जिला प्रशासन अपने कर्तव्यों में विफल रहे। हिमाचल प्रदेश मानवाधिकार आयोग ने यूनियन की याचिका स्वीकार कर जांच शुरू की। नए श्रम कोड भी श्रमिकों के हित में नहीं। निर्माण श्रमिकों को योजनाओं का लाभ बंद किया गया। यूनियन की मेहनत से कुछ लाभ मिले, लेकिन वर्ष गरीब मजदूरों के लिए असंतोषजनक रहा।

### 'मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों को जोड़ताः परमार

अनंत ज्ञान, डरोह। सुलह विधानसभा के विधायक एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विपिन सिंह परमार ने बूथ नंबर 92, चौकी नौरा में कार्यकर्ताओं और नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' सामूहिक रूप से सुना। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में उत्साह और राष्ट्रगौरव की भावना देखने को मिली। परमार ने बताया कि यह रेडियो कार्यक्रम देशवासियों को राष्ट्र निर्माण से जोड़ता है। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2025 की उपलब्धियों, खेल और अंतरिक्ष में भारत की प्रगति का जिक्र किया। परमार ने इसे भारत के नए गौरव और सपनों को साकार करने वाली पहचान बताया।

### कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने मेधावी किए सम्मानित

शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला। कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने जवाली स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने छात्रों को लक्ष्य निर्धारित करने, नशे से दूर रहने और खेल गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की प्रेरणा दी। समारोह में 10 लाख रुपए की लागत से बने अतिरिक्त भवन का लोकार्पण भी किया गया। मंत्री ने खेल मैदान विकास, जिम सुविधा और पुल निर्माण जैसी योजनाओं की जानकारी दी। विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने 15 हजार रुपये ऐच्छिक निधि से देने की घोषणा की।

### बगली गांव में 102 लोगों ने किया रक्तदान

अनंत ज्ञान, गगल। बगली गांव में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ब्रदर्स हेल्पिंग ग्रुप द्वारा यह रक्तदान शिविर लगाया गया। ब्रदर्स हेल्पिंग ग्रुप के सदस्य शशि, विपिन, पंकज, राजीव, सतीश, सरबजीत तथा सन्नी ने बताया कि बुद्धा ब्लड बैंक टीम ने आकर 102 यूनिट रक्त एकत्रित किया। ब्रदर्स हेल्पिंग ग्रुप समय-समय पर रक्तदान शिविर लगाता रहता है। इस पुनीत कार्य में ट्रैफिक पुलिस के जवान अनूप कुमार ने भी रक्तदान शिविर में रक्त दान किया।

### वजीर बॉक्सिंग अकादमी संचालन पर चर्चा

अनंत ज्ञान, कोटला। जिला कांगड़ा बॉक्सिंग एसोसिएशन की बैठक कोटला त्रिलोकपुर स्थित वजीर एकेडमिक इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित हुई। बैठक में स्कूल प्रशासन के साथ वजीर बॉक्सिंग अकादमी के संचालन पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रधानाचार्या दीपिका गुलेरिया, मैनेजिंग डायरेक्टर अखिलेंद्र सिंह गुलेरिया और चेयरमैन राजिंदर सिंह गुलेरिया ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। स्कूल परिसर में बॉक्सिंग रिंग और खेल मैदान का निर्माण मार्च से पहले पूरा किया जाएगा। कोच रिया ने अकादमी के सुचारू संचालन का भरोसा दिलाया। यहां जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं की योजना भी बनाई गई है। बैठक को खेल के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना गया।

### संसारपुर टैरेस पुलिस ने जब्त की पोकलेन

अनंत ज्ञान, इंदौरा। हिमाचल-पंजाब सीमा पर संसारपुर टैरेस पुलिस ने अवैध खनन माफिया के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक पोकलेन मशीन जब्त की। थाना प्रभारी संजय शर्मा और टीम ने शनिवार रात लगभग 2:30 बजे कार्रवाई की, अमरोह में माइनिंग एक्ट के तहत मशीन को कोर्ट का चालान कर जब्त किया। पुलिस अधीक्षक देहरा मयंक चौधरी ने पुष्टि की और कहा कि खनन माफियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### एलटी विद्युत नेटवर्क भूमिगत परियोजना का शुभारंभ

शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, देहरा। देहरा विधानसभा की विधायक कमलेश ठाकुर ने देहरा कस्बे में 11 केवी एचटी और एलटी विद्युत नेटवर्क भूमिगत कार्य का शुभारंभ किया। इस परियोजना पर 10.17 करोड़ रुपए खर्च होंगे। भूमिगत केबल से बिजली के झूलते तारों से होने वाले खतरे समाप्त होंगे और सुरक्षित, निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी। विधायक ने अधिकारियों को कार्य गुणवत्ता और समयबद्ध पूर्णता के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय जनता को बधाई दी।

### युवा पीढ़ी को नशे से बचाने पर दिया जोर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। अर्बन ट्राइबल एंड हिल्स एडवासमेंट सोसाइटी, उत्थान संस्था ने सेवा, संकल्प और जागरूकता के साथ अपने 29 वर्ष पूरे किए। धर्मशाला में आयोजित विशेष कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कैप्टन ईश्वर ठाकुर मुख्यातिथि रहे। उन्होंने युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए खेल से जोड़ने पर जोर दिया। संस्था के निदेशक स्वास्तिक मस्ताना ने 29 वर्ष का रिपोर्ट प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में भक्तिगीत प्रस्तुत किए गए और संस्था के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए सहयोग का आश्वासन दिया गया।

### विनय बने नगरोटा बगवां प्रेस क्लब के अध्यक्ष

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। नगरोटा बगवां प्रेस क्लब की बैठक रविवार को आयोजित हुई, जिसमें वर्ष 2026-27 के लिए विनय सूदन को सर्वसम्मति से अध्यक्ष नियुक्त किया गया। विनय ने कहा कि समाज और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रशासन व सरकार तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं के समाधान हेतु सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। उन्होंने सहयोगियों का आभार जताते हुए जल्द नई कार्यकारिणी घोषित करने की बात कही।

# नाटी किंग कुलदीप के नाम रही पांचवीं संध्या

## कांगड़ा वैली कार्निवाल 2025 : 'शिल्पा शिमले बालिए' और 'बड़ीयां जो तुड़का लाया' पर दर्शकों को नचाया

राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो

धर्मशाला। कांगड़ा वैली कार्निवाल 2025 की पांचवीं सांस्कृतिक संध्या पूरी तरह से हिमाचली लोक संगीत और नाटी की धुनों को समर्पित रही। सांस्कृतिक संध्या का मुख्य आकर्षण रहे प्रदेश के लोकप्रिय लोक गायक एवं नाटी किंग कुलदीप शर्मा, जिन्होंने अपनी दमदार प्रस्तुति से दर्शकों को देर रात तक झूमने पर मजबूर कर दिया।

मंच पर आते ही कुलदीप शर्मा ने अपने सुपरहिट लोकगीतों 'सत गुरु वंदना', 'ढोला रा ढमाका', 'दरोगा जी इना छोरू जो', 'शिल्पा शिमले बालिए', 'रोहडू जाणा मेरी अमिरे', 'बढ़िया जो तुड़का लंगाणा' और 'विमला तेरे होटले' से माहौल को पूरी तरह हिमाचली रंग में रंग दिया। जैसे ही नाटी की थाप गूंजी, पंडाल में मौजूद दर्शक खुद को थिरकने से रोक नहीं पाए।

वहीं, कुलदीप शर्मा के साथ-साथ लोक कलाकार राज जैरी, पूनम भारद्वाज, रमेश्वर शर्मा, सुनील मस्ती और अनिता ठाकुर के नेतृत्व वाले चंबा डांस ग्रुप की रंगारंग प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। पारंपरिक वेशभूषा, लोक नृत्य और पहाड़ी गीतों की मधुर धुनों ने कार्निवाल की इस संध्या को यादगार बना दिया। इस दौरान ड्रोन शो का आयोजन किया गया, जिसमें आधुनिक तकनीक और रोशनी के शानदार संयोजन ने आकाश में अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किए। ड्रोन शो को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मैदान में मौजूद रहे।


गायक सुनील मस्ती ने बांधा समां।

### साइकिल राइड : आकाश वेंक्टेशन और शिवेश फर्स्ट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। धर्मशाला में आयोजित साइकिल राइड का आयोजन किया गया। पुरुष वर्ग में आकाश, वेंक्टेशन और शिवेश, जबकि महिला वर्ग में भाग्यश्री, सुनीता और शिवांगी प्रथम रहे। नगर निगम धर्मशाला की मेयर नीनू शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। 10 किलोमीटर वर्ग के पुरुष वर्ग में आकाश वर्मा पहले, वैभव कपूर दूसरे तथा आरव कपूर तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में भाग्यश्री खांका पहले स्थान पर रहीं। साइकिल राइड की 20 किलोमीटर वर्ग की प्रतिस्पर्धा में पुरुष वर्ग में वेंकटेशन पहले विशाल शर्मा दूसरे और सात्विक बस्ता तीसरे स्थान पर रहे, जबकि महिला वर्ग में सुनीता पहले आश्मिता दूसरे और मुस्कान तीसरे स्थान पर रहीं। 40 किलोमीटर प्रतिस्पर्धा के पुरुष वर्ग में शिवेश बिष्ट पहले, अतुल कुमार दूसरे तथा आशीष बिष्ट तीसरे स्थान पर रहे, जबकि महिला वर्ग में शिवांगी पहले, अनुष्का यादव दूसरे तथा मेघा जैन तीसरे स्थान पर रही। डीसी ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

### छठी संध्या में पंजाबी स्टार नाइट, बब्बू मान होंगे विशेष आकर्षण

**पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली होंगे मुख्य अतिथि**

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। कांगड़ा वैली कार्निवाल 2025 की छठी संध्या सोमवार को सायं 5 बजे से भव्य पंजाबी स्टार नाइट के रूप में आयोजित की जाएगी। इस संध्या के मुख्य अतिथि पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली रहेंगे। डीसी हेमराज बैरवा ने बताया कि संध्या का सबसे बड़ा आकर्षण प्रसिद्ध पंजाबी गायक बब्बू मान होंगे। बब्बू मान की मौजूदगी से कार्निवाल की छठी संध्या और भी यादगार बनेगी। इसके अतिरिक्त सूची, रोहित वोहरा एवं वर्षा कटोच सहित अन्य कलाकार भी अपनी आकर्षक प्रस्तुतियां देंगे।

### फुटबाल का फाइनल आज

डीसी ने बताया कि सोमवार को महिला मंडल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। वहीं फुटबाल मैच का फाइनल मुकाबला भी खेला जाएगा। उन्होंने जिलावासियों एवं पर्यटकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पंजाबी स्टार नाइट का आनंद लें और आयोजन को सफल बनाएं।

# चाकू से हमले के दोषी को दो साल की सजा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। कॉलेज की पढ़ाई कर रही नाबालिग लड़की को परेशान करने और उसे ऐसा करने से रोकने वाले उसके भाई को चाकू से वार करने के मामले में आरोपी को न्यायालय ने दोषी करार देते हुए उसे दो साल के कठोर कारावास और पांच हजार का जुर्माना की सजा सुनाई है।



आरोपी मोहित निवासी नुरपूर के दोष सिद्ध होने पर अतिरिक्त सत्र एवं जिला न्यायालय के फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय पॉक्सो न्यायधीश नितिन मित्तल धर्मशाला जिला कांगड़ा की ओर से विभिन्न धाराओं के तहत दोषी को दो-दो साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। कारावास की ये सजाएं एक साथ चलते हुए कुल मिलाकर दो साल चलेंगी, जबकि अलग-अलग धाराओं में जुर्माने के तहत कुल 30 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई गई है। जुर्माना न देने की सूरत में दोषी को डेढ़ साल का अतिरिक्त कारावास काटना होगा। गौरतलब है कि पुलिस थाना नूरपुर में 20 सितंबर, 2022 को पीड़िता के भाई ने पुलिस के पास शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसकी बहन ने फोन पर बताया कि उसे मोहित नाम का आरोपी परेशान कर रहा है। पीड़िता के भाई व ताया और ताई कॉलेज पहुंचे। वहां पर आरोपी को जब ऐसा करने से रोका गया, तो उसने पीड़िता के भाई के साथ लड़ाई झगड़ा शुरू कर दिया। इसी बीच उसने उस पर चाकू से वार कर भाग गया। जब मामला पुलिस थाना नूरपुर पंहुचा, तब पुलिस ने पीड़िता और उसके परिजनों के बयान दर्ज किए। इसके बाद मामले की गहनता से जांच पड़ताल की गई। पुलिस को जांच में पता चला कि आरोपी काफी समय से पीड़िता को परेशान कर रहा था। इस पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। न्यायालय में 16 गवाह पेश किए गए। गवाहों के बयानों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए यह सजा सुनाई है।

## इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सक संघ की कमान डॉ. रवि को सौंपी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। राज्य के एकमात्र इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सक संघ की कमान जिला कांगड़ा से संबंधित डॉ. रवि कुमार को सौंपी गई है, जबकि महासचिव पद पर डॉ सत्यप्रकाश को नियुक्त किया है। सर्वोदय भवन धर्मशाला स्थित बगली में आयोजित आम सभा में सर्वसम्मति से वर्ष 2026-29 के लिए नई कार्यकारिणी गठित की गई। वहीं, नवनियुक्त अध्यक्ष ने हमीरपुर से डॉ. तिलक राज डोगरा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जवाली से डॉ. बलवंत सिंह को कोषाध्यक्ष और नूरपुर से डॉ. नेहा शर्मा को सहायक सचिव बनाया गया है। प्रेस सचिव डॉ. अशोक भारद्वाज ने बताया कि राज्य कार्यकारिणी के गठन से पूर्व प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर संगठन के अध्यक्षों व महासचिवों की नियुक्ति कर ली गई हैराज्य कार्यकारिणी के विस्तार के लिए प्रदेश अध्यक्ष को जिम्मेदारी सौंपी गई है। आगामी वर्ष की शुरुआत में 11 जनवरी को इलेक्ट्रो होम्योपैथी के संस्थापक जनक काऊंट सीजर मैट्टी की 217 वीं वर्षगांठ हेडा मुख्यालय स्थित बगली में धूमधाम से मनाई जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ राजीव भारद्वाज होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व विधायक विशाल नेहरिया मौजूद रहेंगे ।

# जहां व्यवस्था नहीं पहुंची, वहां संजय पराशर बने सहारा

## पराशर ने जालंधर के निजी अस्पताल में करवाए 24 मरीजों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला


पराशर ने रिड़ी कुठेड़ा में शिविर के बाद मोतियाबिंद के 24 मरीजों को ऑपरेशन के लिए भेजा था।

जसवां-परागपुर क्षेत्र की रिड़ी कुठेड़ा पंचायत में हाल ही में कैप्टन संजय पराशर द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर ने कई जरूरतमंद लोगों के जीवन में उम्मीद की नई रोशनी भर दी है। इस शिविर के बाद शनिवार को मोतियाबिंद से पीड़ित 24 मरीजों को ऑपरेशन के लिए संजय पराशर द्वारा एक बस में जालंधर स्थित निजी अस्पताल में भेजा गया था। मरीजों ने बताया कि उनके मोतियाबिंद के सफल ऑपरेशन हो चुके हैं और वे अब पहले की तुलना में स्पष्ट रूप से देखने में सक्षम हैं। रिड़ी कुठेड़ा वासी सेवानिवृत्त सूबेदार सिंह रत्न सिंह, रछपाल और मलकीयत सिंह ने बताया कि ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं की सीमाएं किसी से छिपी नहीं हैं। कई बार आजीविका तक संकट में पड़ जाती है। कई बार आंखों की समस्या होने के बावजूद आर्थिक तंगी, जानकारी की कमी और निकटतम क्षेत्रों में अस्पतालों न होने के कारण वे उपचार नहीं करवा पा रहे थे। ऐसे में संजय पराशर द्वारा आयोजित शिविर ने ऐसे लोगों की मोतियाबिंद रोग की पहचान की और अब उनकी आंखों के निशुल्क ऑपरेशन भी हो गए हैं। ऑपरेशन करवाकर आए पवन कुमार, मीना देवी, कमलेश रानी, प्रकाश चंद, रमेश कुमार, किरण बाला, प्रीतम चंद, अर्तित सिंह, श्याम लाल, अशोक कुमारी ने बताया कि संजय पराशर लंबे समय से सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में सक्रिय हैं। वहीं मरीज संदेश देवी, आशा रानी, पुष्पा देवी, ममता, नरेंद्र सिंह, कांता देवी, राजेंद्र सिंह, कश्मीर सिंह और कर्ण चदं कहा कि संजय पराशर ने शिविर से ऑपरेशन तक की पूरी जिम्मेदारी उठाई और ठहरने व खाने-पीने की व्यवस्था भी की गई।

### हैप्पी बर्थडे


जडोल (ढारू) के चुनी लाल को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## भाजपा मौका देगी तो जरूर लड़ूंगा विधानसभा का चुनावः राजेश राणु

अनंत ज्ञान, पालमपुर। भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री राजेश राणु ने पोस्टर लगाकर विधानसभा के लोगों को नववर्ष एवं लोहड़ी का बधाई संदेश दिया है। पोस्टर में प्रधानमंत्री मोदी से लेकर शीर्ष नेतृत्व के सभी नेताओं के फोटो भी लगाए हैं। राजेश राणु विधानसभा जयसिंहपुर की मझेड़ा पंचायत के रहने वाले, कोली समाज से संबंध रखते हैं। युवा होने के नाते इनकी युवाओं में भी अच्छी पकड़ है, कई वर्षों से भाजपा के संगठन के साथ जुड़े हुए हैं। संगठन में अलग-अलग पदों में रहकर पूरी निष्ठा से पार्टी का दायित्व निभाया है। इस समय यह भाजपा संगठनात्मक जिला पालमपुर से महामंत्री पद पर काम कर रहे हैं। राजेश राणु से विधानसभा में पोस्टर लगाने के बारे में पूछा तो उनका कहना था कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है, पार्टी आम कार्यकर्ता को भी पूरा मान-सम्मान देती है। कोई भी कार्यकर्ता पार्टी हित में कार्य करते हुए अपने विचार साझा कर सकता है।

राणु ने कहा कि आज तक जो भी जिम्मेदारी दी है, उसे ईमानदारी से निभाया है। उन्होंने 2027 में विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कहा कि 2027 के विधानसभा में चुनावों में पार्टी जिस को भी टिकट देगी, मैं उसकी जीत सुनिश्चित करने के लिए पहले की तरह प्रतिबद्ध रहूंगा। पार्टी मुझे चुनाव लड़ने का मौका देती है तो मैं भी चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हूं।

## रेहलू में पल्स मेडिसिटी अस्पताल ने लगाया हेल्थ कैंप


लोगों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श और दवाइयों का वितरण किया।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

जनस्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पल्स मेडिसिटी मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल शाहपुर द्वारा पंचायत घर रेहलू में नि:शुल्क मेडिकल हेल्थ कैंप आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग और महिला स्वास्थ्य पर जागरूकता सत्र लिए। उपस्थित लोगों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श तथा दवाइयों का वितरण किया गया। प्रबंध निदेशक डॉ. रिपिन हीरा ने समय पर स्वास्थ्य जांच के महत्व पर जोर दिया। पंचायत प्रधान सीमा देवी और उप प्रधान राकेश कुमार ने शिविर की सराहना की। अस्पताल प्रशासन ने भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।

### विधायक किशोरी ने किया उचित मूल्य की दुकान का उद्घाटन

अनंत ज्ञान, बैजनाथ। विधायक किशोरी लाल ने अपर रजोट वार्ड नंबर-1 में उचित मूल्य दुकान का उद्घाटन किया गया। वहीं, विधायक ने लोगों की समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने राशन वितरण व्यवस्था, सड़क, पेयजल तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार आम जनता की सुविधाओं को प्राथमिकता दे रही है। जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अप्पर रजोट में उचित मूल्य दुकान खुलने से क्षेत्र के लोगों को राशन सामग्री समय पर उपलब्ध होगी, जिससे उन्हें अब दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा और दैनिक जीवन में सुविधा मिलेगी।

# डॉ. राजेश के नए साल पर स्कूली बच्चों के लिए 5 संकल्प, जो बदल देंगे जीवन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

- मोबाइल से थोड़ी दूरी बनानी,सोने से एक घंटा पहले साइड पर रखना
- कहानी, कॉमिक या ज्ञानवर्धक ज्ञानवर्धक किताबें पढने की आदत डालना
- जंक फूड से दूरी बनानी, घर के खाने को रोज की डाइट में शामिल करना
- आउटडोर गेम्स खेलने की आदत डालना ताकि शारीरिक सक्रियता बढ़े
- चरित्र के लिए शिष्टाचार और संस्कार को अपनाने की आदत डालनी होगी

प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. राजेश शर्मा ने वर्ष 2026 के आगमन पर स्कूली बच्चों से सीधा संवाद बनाते हुए कहा कि हमें याद रखना होगा कि साल की शुरुआत ही भविष्य के लिए नए दरवाजे खोलने और सफलता की राह तलाशने के लिए प्रेरित करती है। इसके लिए डॉ. राजेश ने बच्चों से पांच संकल्प लेने की बात कही है, जिसे न्यू ईयर रेजोल्यूशन कहा जाता है। नए साल के ये संकल्प ही आगे चलकर व्यक्तित्व बनाती हैं।

डॉ. राजेश ने कहा कि हमें इस नए साल के आगमन को सिर्फ पार्टी करने भर का नहीं मानना है, इसलिए हमें आज ही कुछ संकल्प लेने हैं। जिनमें सबसे पहले ये संकल्प लेना है कि नए साल में हमें मोबाइल फोन से थोड़ी दूरी बनानी है। क्योंकि तय समय से ज्यादा स्क्रीन देखने से नींद और आंखों पर असर पड़ता है। सोने से एक घंटा पहले मोबाइल साइड पर रख देंगे। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा बोर्ड का चेयरमैन होने के नाते मेरा मानना है कि हमें ये संकल्प भी लेना होगा कि हम नए साल से प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट अपने विषय से हटकर किताबों को पढ़ने की आदत डालेंगे। कहानी, कॉमिक या कोई ज्ञानवर्धक किताब, आप कुछ भी पढ़ सकते हैं।

### भेड़ी में आलमपुर-बालकरूपी मंडल का संयुक्त हिंदू सम्मेलन आयोजित

नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर। भेड़ी स्थित अंबेडकर भवन में आलमपुर एवं बालकरूपी मंडल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को भव्य हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीरामचंद्र जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कर्नल गुलेर मुख्य अतिथि और ब्रह्मकुमारी सपना विशिष्ट अतिथि रहीं। मुख्य वक्ता सह प्रांत प्रचारक ओम प्रकाश ने हिंदू समाज की एकता, सांस्कृतिक मूल्यों, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक समरसता पर विचार रखे। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रेम लाल ने की। वक्ताओं ने युवाओं से सामाजिक दायित्व निभाने का आह्वान किया। सम्मेलन में गणमान्य नागरिकों, युवाओं और मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी रही।

# द्रोणाचार्य कॉलेज ने जीती गोस्वामी गणेश दत्त स्मृति समग्र विजेता रनिंग ट्रॉफी

अजय पाल, अनंत ज्ञान

**जीजीडीएसडी कॉलेज में सांस्कृतिक प्रतियोगिता संपन्न**

पालमपुर। गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज राजपुर में दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। द्रोणाचार्य महाविद्यालय रैत ने गोस्वामी गणेश दत्त स्मृति समग्र विजेता रनिंग ट्रॉफी जीती। गौर रहे कि स्व. पंडित अमरनाथ शर्मा, स्व. डॉ. शिव कुमार शर्मा, स्व. प्रधानाचार्य नंद कुमार शर्मा तथा स्व. मनोहर शर्मा सागर पालमपुरी की स्मृति में दो दिवसीय भाषण, प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद और कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कॉलेज के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों से न केवल महापुरुषों के जीवन और उनकी उपलब्धियों को समझने का अवसर मिलता है, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति-कौशल तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का भी विकास होता है। मुख्यातिथि के रूप में रक्षा मंत्रालय राजीव के. सेठ, एलआईसी से मनोज कंवर, बीएसएनएल से अजय शर्मा और चौधरी चरण सिंह, कृषि विश्वविद्यालय के के पूर्व कार्यवाहक कुलपति डॉ. सतीश चंद्र शर्मा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय विजेता को 2100 और 1100 रुपए की धनराशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की। डॉ. सतीश चंद्र शर्मा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए 11,000 रुपए की राशि दी।

### भाषण स्पर्धा में रंजन प्रथम

भाषण प्रतियोगिता में द्रोणाचार्य कॉलेज रैत के रंजन ने प्रथम, पालमपुर कॉलेज की नेहा ने द्वितीय और गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज राजपुर की दीपाली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में द्रोणाचार्य कॉलेज की टीम प्रथम, केएलबी डीएवी कॉलेज की टीम द्वितीय और जीजीडीएसडी राजपुर की टीम तृतीय रही। वाद-विवाद प्रतियोगिता में दीपाली एवं शिखा प्रथम, शैलजा और दीपाली द्वितीय, एकता एवं हर्षिता तृतीय स्थान पर रहे। कविता पाठ प्रतियोगिता में साक्षी (राजपुर) प्रथम, अजय कुमार (रैत) द्वितीय और साक्षी (पालमपुर) तृतीय स्थान पर रहे। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार और सम्मान प्रदान किए गए।

## मोदी सरकार का संवेदनशील नेतृत्व, हिमाचल के लिए सुरक्षा कवच : विश्व चक्षु

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। प्रदेश भाजपा मीडिया सह प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने कांग्रेस की सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि ढाई साल में कांग्रेस ने प्रदेश को आर्थिक दिवालियापन, प्रशासनिक लाचारगी और जनविरोधी फैसलों में धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के झूठे आरोपों के विपरीत केंद्र सरकार हर आपदा में हिमाचल के साथ खड़ी रही है।



गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पोस्ट डिजास्टर नीड्स असेसमेंट के तहत हिमाचल प्रदेश को 601.92 करोड़ की सहायता प्रदान की गई है, जो प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और नुकसान की भरपाई के लिए महत्वपूर्ण है।

इसके पूर्व भी 451 करोड़ की राशि पीडीएनए के तहत दी गई थी। वर्ष 2023 से अब तक केंद्र सरकार द्वारा आपदा राहत मद में लगभग 6000 करोड़ से अधिक राशि दी जा चुकी है। विश्व चक्षु ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जब-जब हिमाचल संकट में पड़ा, केंद्र सरकार ने बिना भेदभाव मदद का हाथ बढ़ाया।

# इंदपुर चौक में पिकअप से खैर के मोच्छे बरामद, तस्कर गिरफ्तार

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान

इंदौरा। पुलिस जिला नूरपुर के एसपी कुलभूषण वर्मा के निर्देशन में वन माफिया के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत थाना इंदौरा पुलिस ने अवैध रूप से खैर की लकड़ी ले जा रहे वाहन पर कार्रवाई की। इंदपुर चौक इंदौरा में पिकअप वाहन (पीबी35 क्यू 8133 को चेकिंग के दौरान रोका गया। वाहन से चालक करनैल सिंह (55) निवासी व डा. चन्नौर, तहसील इंदौरा, जिला कांगड़ा, को पकड़ा गया। तलाशी में खैर की लकड़ी कुल 27 मोच्छे बरामद किए। चालक द्वारा वैध परमिट/लाइसेंस प्रस्तुत नहीं किया जा सका। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई कर रही है। डीएफओ नूरपुर अमित शर्मा ने भी अवैध वन उपज के परिवहन पर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की पुष्टि की। मामले की जांच जारी है।




### बैजनाथ मंदिर ट्रस्ट करेगा दो पार्किंग नीलाम

जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ। बैजनाथ शिव मंदिर न्यास ने मंदिर क्षेत्र की दो पार्किंगों के ठेकों की नीलामी की सूचना जारी की है। यह नीलामी एक वर्ष के लिए की जाएगी, जिसका उद्देश्य पर्यटकों की सुविधा और मंदिर की आय में वृद्धि करना है। पार्किंग नंबर-7 (पोस्ट ऑफिस के पास) की आरक्षित कीमत 9 लाख रुपए तथा पार्किंग नंबर-8 (बस स्टैंड के पास) की आरक्षित कीमत 6 लाख रुपए रखी गई है। इच्छुक व्यक्ति अपनी बोलियां 6 जनवरी, 2026 को दोपहर 12 बजे तक सहायक आयुक्त (मंदिर) कार्यालय में जमा कर सकते हैं। बोलियां उसी दिन शाम 3 बजे खोली जाएंगी। न्यास ने पारदर्शी व्यवस्था से बेहतर प्रबंधन का भरोसा दिलाया है।

## न्यूज ब्रीफ

### कार्यशाला में बताए जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण खंड झंडूता के कार्यकारी खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रजत शर्मा के आदेशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा जलवायु परिवर्तन के गंभीर दुष्प्रभावों के ऊपर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन वीडियो ऑफिस से स्वच्छता को-ऑर्डिनेटर रमेश चंद और स्वास्थ्य शिक्षक दीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें स्वास्थ्य विभाग से महिला स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, बीडीसी मेंबर, प्रधान व सदस्य, आशा सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे स्वच्छता कोऑर्डिनेटर रमेश चंद ने उपस्थित सदस्यों को बताया कि स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत खंड झंडूता की सभी पंचायत से सभी प्रकार के पॉलीथीन को उठाने का अभियान चल रहा है। इसमें स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत लाखों रुपए खर्च किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत एक गाड़ी हर पंचायत महीने में एक बार जाएगी जहां से वह सभी प्रकार के पॉलीथीन को उठेगी। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को साफ सुथरा रखना व लोगों में यह जागृति पैदा करना कि हमारा पर्यावरण अगर स्वच्छ होगा तो बहुत सी बीमारियों से हम सब लोग बच सकते हैं। स्वच्छता कोऑर्डिनेटर रमेशचंद ने उपस्थित सदस्यों से आग्रह किया कि सभी लोग अपने घर के पॉलीथीन को इकट्ठा कर रखें और महीने में एक बार गाड़ी वालों के पास उस जमा करवा दें।

### आर्मी मेडिकल कोर का स्थापना दिवस एक को

**अनंत ज्ञान, कुठेड़ा।** हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों के आर्मी मेडिकल कोर के सेवानिवृत्त जेसीओ एवं अन्य रैंक 1 जनवरी को होटल 'सी राक' जाहू, जिला हमीरपुर में आर्मी मेडिकल कोर का स्थापना दिवस मनाएंगे। यह जानकारी संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन हिमाचल प्रदेश के कैप्टन जगदीश चन्द्र सेवानिवृत्त व सूबेदार मेजर विद्यासागर डोगरा ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में दी। कैप्टन जगदीश वर्मा ने बताया कि जाहू का स्थान इसलिए इस स्थापना दिवस के लिए चुना गया है क्योंकि यह स्थान जिला हमीरपुर, बिलासपुर व मंडी क्षेत्र के मध्य में पड़ता है तथा दूसरे जिलों जैसे कांगड़ा ऊना व शिमला से भी यहां पर आसानी से पहुंचा जा सकता है। उन्होंने आगे बताया कि हिमाचल प्रदेश में यह पहली बार है कि सेना चिकित्सा कोर के जे सी ओ एवं ओ आर अपना स्थापना दिवस मना रहे हैं तथा यह आयोजन सभी सेना चिकित्सा कोर के सेवानिवृत्त सैनिकों के बीच आपसी भाईचारे तथा एकता को भविष्य में मजबूती प्रदान करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

### नीलाक्षी गणतंत्र दिवस कैंप के लिए चयनित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की एनसीसी कैडेट कैप्टन नीलाक्षी का चयन गणतंत्र दिवस कैंप 2026 के लिए हुआ है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. एस. कटवाल ने इसे महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय बताते हुए कहा कि इससे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। कैडेट कैप्टन नीलाक्षी वर्तमान में स्नातक तृतीय वर्ष की छात्रा हैं और विद्यालय स्तर से ही एनसीसी से जुड़ी हुई हैं। वर्ष 2025 में आयोजित ऑल इंडिया नौ सैनिक कैंप में उन्होंने फायरिंग प्रतियोगिता में रजत पदक तथा सीमैंशिप प्रैक्टिकल में कांस्य पदक हासिल किया था। कठिन प्रशिक्षण और छह चयन कैंपों से गुजरने के बाद उनका चयन आरडीसी के लिए हुआ है, जहां वे प्रधानमंत्री रैली में भाग लेंगी। यह उपलब्धि उनकी लगन, अनुशासन और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण को दर्शाती है।

### सरकारी होर्डिंग बोर्ड को शरारती तत्वों ने फाड़ा

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** उपमंडलाधिकारी झंडूता के कार्यालय के परिसर में हिमाचल प्रदेश सरकार की उपलब्धियों के लगे होर्डिंग बोर्ड को शरारती तत्वों ने फाड़ दिया है। ये होर्डिंग की शीट को अपने साथ ले गए। हैरानी की बात तो यह है कि इस कैंपस में बकायदा सीसीटीवी कैमरा लगे हुए है, फिर भी शरारती तत्वों के हौसले इतने बुलंद है कि उन्होंने एसडीएम के कैंपस से इस माह की 20 तारीख के बाद ही इस कार्य को अंजाम दिया है। लोगों ने बताया कि यह कार्य राजनीति से प्रेरित भी हो सकता है। रोजाना हजारों लोग तहसील कार्यालय आते हैं और सरकार की उपलब्धियां के बारे में पढ़ते थे, लेकिन अब जिस ढंग पर यह होर्डिंग लगा था उस पर अब एसडीएम कैंपस में लोहे की पाइपे ही शेष बची हैं। लोगों ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि ऐसे शरारती तत्वों या चोरों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। इस संदर्भ में एसडीएम झंडूता अर्शिया शर्मा ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### झंडूता के ठाकुरद्वारा मंदिर में हुआ हिंदू सम्मेलन

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता के ठाकुरद्वारा मंदिर में रविवार को हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्णचंद नड्डा ने की, जबकि महंत रूपेश्वर गिरी जी महाराज मुख्यातिथि और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तर क्षेत्रीय बौद्धिक प्रमुख हरीश जी मुख्य वक्ता रहे। झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने विशेष रूप से कार्यक्रम में भाग लिया और रथ यात्रा में भी शिरकत की। विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा प्रस्तुत पंच परिवर्तन का विचार राष्ट्र निर्माण के लिए मार्गदर्शक है। इसमें स्व-बोध, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्यों का पालन शामिल है, जिनसे स्वदेशी, समरस और आत्मनिर्भर समाज का निर्माण संभव है। इससे पूर्व विधायक जीतराम कटवाल ने बूथ-65 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 129वां संस्करण कार्यकर्ताओं के साथ सुना और प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

### नम्होल में 12 कुत्तों का किया गया टीकाकरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पशुपालन विभाग ने ग्राम पंचायत नम्होल के सहयोग से आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और रेबीज जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए एक विशेष एनिमल बर्थ कंट्रोल शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस शिविर में कुल 12 कुत्तों का उपचार किया गया, जिनमें 7 आवारा और 5 पालतू कुत्ते शामिल थे। शिविर में सभी कुत्तों को एंटी रैबीज का टीका लगाया गया और उनका बंध्याकरण (स्टरलाइजेशन) किया गया। यह सारा कार्य पशु कल्याण और सार्वजनिक स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से किया गया। शिविर का नेतृत्व पशु चिकित्सा अधिकारियों डॉ. राम स्वरूप, डॉ. शोभा धीमान, डॉ. आशा कौशल और डॉ. श्रृंखला ने किया। कुत्तों को सुरक्षित पकड़ने के लिए नगर निगम बिलासपुर ने डॉग कैचर भी उपलब्ध करवाए। ऑपरेशन के बाद कुत्तों की देखभाल और आश्रय की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत नम्होल ने ली, जबकि पशु चिकित्सकों की टीम ने अगले 3 से 5 दिनों तक उनकी निगरानी जारी रखी। पशुपालन विभाग ने ग्राम पंचायत नम्होल, नगर निगम बिलासपुर और स्थानीय नागरिकों के सहयोग के लिए आभार जताया है। साथ ही भविष्य में भी ऐसे समन्वित प्रयासों को जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है ताकि पशुओं के स्वास्थ्य और सामुदायिक सुरक्षा दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से अभद्रता बर्दाश्त नहीं

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी महासंघ ने स्वास्थ्य खंड घुमारवीं में कार्यरत कुछ अधिकारियों पर महिला व पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को नाजायज रूप से तंग करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। महासंघ के राज्य महासचिव सुरेश चंदेल, उपप्रधान संजीव कुमार व अन्य ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि इस संबंध में महासंघ को लिखित शिकायतें प्राप्त हुई हैं। महासंघ के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि कुछ अधिकारी बार-बार एक ही आयुष्मान आरोग्य मंदिर में अनावश्यक निरीक्षण कर रहे हैं तथा बिना किसी ठोस कारण के कर्मचारियों को पत्र जारी कर या मासिक बैठकों में उनके साथ अभद्र व्यवहार कर रहे हैं। पदाधिकारियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस प्रकार का व्यवहार किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। महासंघ ने चेतावनी दी है कि संबंधित अधिकारी अपनी कार्यशैली में सुधार करें अन्यथा संगठन को कड़ा कदम उठाने के लिए विवश होना पड़ेगा।

### भाखड़ा विस्थापित समिति का प्रदर्शन 23 फरवरी को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला ग्रामीण भाखड़ा विस्थापित सुधार समिति अपनी वर्षों से लंबित मांगों को लेकर 23 फरवरी को जिला मुख्यालय में विशाल विरोध प्रदर्शन करेगी। यह निर्णय समिति की धुनी मंदिर झंडूता में आयोजित बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता समिति के प्रधान देसराज शर्मा ने की। बैठक में भाखड़ा विस्थापितों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन द्वारा अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित कमेटी का स्वागत किया गया। हालांकि, समिति ने इस कमेटी के स्थान पर एक स्वतंत्र कमेटी गठित किए जाने की मांग उठाई। समिति का तर्क है कि अतिरिक्त उपायुक्त पर कार्यभार अधिक होने के कारण वे विस्थापितों की समस्याओं को पर्याप्त समय नहीं दे पाएंगे। समिति ने मांग की कि सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में कमेटी गठित की जाए तथा इसमें विस्थापितों को भी सदस्य बनाया जाए। समिति के प्रधान देसराज शर्मा ने कहा कि 65 वर्ष बीत जाने के बावजूद भाखड़ा विस्थापितों को आज तक भूखंड नहीं मिल पाए हैं। उन्होंने बताया कि उस समय अधिकांश विस्थापितों को आश्वासन दिया गया था कि उन्हें कहीं और अपने घर बना लिए, जबकि उन्हें भूमि कहीं और आवंटित कर दी गई थी। इस कारण ऐसे विस्थापित को एक बार फिर पुनः विस्थापन के खतरे का सामना करना पड़ रहा है।

---

#### एससी/एसटी, ओबीसी व अल्पसंख्यक संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बोले

# बैकलॉग नहीं भरा तो करेंगे आंदोलन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भारत रत्न तथा दलित, शोषित, वंचित और पीड़ित वर्ग के मसीहा डॉ. भीम राव अंबेडकर द्वारा समरता को ध्येय मानकर संविधान में बाकायदा प्रावधान किया है, ताकि समाज के हर वर्ग को बराबरी का अधिकार मिल सके। कुछ मनुवादी ताकतें आज भी इन फरमानों को लागू होने से रोक रही हैं, जिससे असमानता की खाई और बढ़ती जा रही है।

यह बात हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार कर्म सिंह ने घंडीर में आयोजित बैठक में कही। उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों में अभी तक बैकलॉग नहीं भरा गया है। हजारों के हिसाब से अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी व अल्पसंख्यक समुदाय के शिक्षित और प्रशिक्षित युवा सरकारी नौकरी की आस में बैठे हैं। यही नहीं कई तो आयु सीमा भी पार कर गए हैं।



घंडीर में आयोजित बैठक में शामिल मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार कर्म सिंह व अन्य।

ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह बिना किसी लाग लपेट के नियमानुसार बैकलॉग की भर्तियों को मुकम्मल करें। उन्होंने कहा कि भिन्न-भिन्न सरकारी विभागों में हजारों की संख्या में बैकलॉग के पद जो रिक्त चल जली हुई है, उन्हें सरकार तुरंत भरे।

**सरकारी विभागों में अभी भी हजारों पद खाली**

कर्म सिंह ने कहा कि यदि सरकार शीघ्र इन पदों को नहीं भरती है तो मोर्चा युवा विंग को लेकर अपने अधिकारों के लिए आंदोलन का रास्ता अख्तियार करेगा, जिसकी सारी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

बैठक में पारित अन्य प्रस्तावों की जानकारी देते हुए जिला महामंत्री आचार्य नंद लाल ने बताया कि क्रीमी लेयर कॉन्सेप्ट को लागू करना हमारे संवैधानिक अधिकारों का हनन है। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष भगत सिंह, करम सिंह, राजेंद्र पाल, गंभीर सिंह, नंदलाल, शंकर राम, भगत राम, लेख राम, अरविंद, अमरनाथ मोहिल्ला, रमेश कुमार, राकेश कुमार, चैन सिंह, दिलीप सिंह, सुखदेव, कैप्टन कैप्टन ओमप्रकाश, मनसाराम, दयाराम, सूबेदार रमेश आदि मौजूद रहे।

### भूमिहीन लोगों को दी जाए नौतोड़ भूमि

**बैठक** में प्रस्ताव पारित किया गया कि एससी, एसटी बस्तियों को जाने वाले सार्वजनिक रास्ते जो कि रेवेन्यू में इंद्राज नहीं हैं, परंतु लोगों के निरंतर आने जाने के वह रास्ते पुश्तैनी बने हुए हैं, उनको रेवेन्यू में इंद्राज करवाकर उन रास्तों को लोगों की सुविधा के साथ जोड़ा जाए। राजस्व प्रक्रिया में जुड़ने से यह रास्ते पक्के हांगे, जिससे लोगों के लिए आवागमन की सुविधा होगी। इसके अलावा भूमिहीन गरीब व्यक्तियों के निर्वाह के लिए व कृषि योग्य भूमि के लिए नौतोड़ भूमि आवंटित करने का नियम लागू किया जाए। जिसमें कम से कम भूमिहीन व्यक्ति या परिवार को पांच बीघा जगह प्रति व्यक्ति या प्रति परिवार मिले, का प्रस्साव भी पारित किया गया। उन्होंने बताया कि इन मांगों को संयुक्त संघर्ष मोर्चा प्रदेशस्तरीय कार्यकारिणी के समक्ष रखेगा, ताकि पूरे प्रदेश में दबे, कुचले और पीड़ित वर्ग को न्याय मिल सके।

---

## महिला मंडल लघट पर की गई एफआईआर अमानवीय : महेंद्र



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

संस्कार सोसायटी के संस्थापक महेंद्र धर्माणी तथा उनके सहयोगियों ने रविवार को बरमाणा पंचायत के लघट गांव की महिला मंडल की प्रधान पिंकी शर्मा व अन्य सदस्यों से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर संस्कार सोसायटी द्वारा चलाए जा रहे 'घमारवीं अगेंस्ट चिट्टा' अभियान की विस्तृत जानकारी महिला मंडल को दी गई। महेंद्र धर्माणी ने बताया कि संस्कार सोसायटी पिछले दो वर्षों से लगातार चिट्टे जैसे घातक नशे के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है और जन-जागरूकता अभियानों के माध्यम से समाज को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवा रही है।

भेंट के दौरान संस्कार सोसायटी ने लघट गांव में महिला मंडल की अगुवाई में चिट्टे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की खुलकर प्रशंसा की। इस दौरान उन्होंने महिला मंडल पर पुलिस द्वारा दर्ज किए गए मामले पर भी कड़ा ऐतराज जताया। उन्होंने इसे अमानवीय और एकतरफा कार्रवाई करार देते हुए कहा कि इस तरह की कार्रवाइयों से नशे के खिलाफ खुलकर आवाज उठाने वाले लोगों का मनोबल टूट सकता है। उन्होंने जानकारी दी कि इस कार्रवाई के विरोध में संस्कार सोसायटी द्वारा राज्यपाल को पत्र लिखकर महिला मंडल की महिलाओं पर दर्ज मामले को वापस लेने की मांग की गई है।

---

## कांग्रेस केवल राजनीतिक दल नहीं, एक विचारधारा : धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 141वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में घुमारवीं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा भराड़ी विश्राम गृह मे एक भव्य, अनुशासित एवं विचारोत्तेजक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश सरकार में तकनीकी शिक्षा एवं नगर ग्राम योजना मंत्री राजेश धर्माणी ने की। कार्यक्रम स्थल को पार्टी के ध्वज, बैनरों और पोस्टरों से सजाया गया, जिससे कांग्रेस के गौरवशाली इतिहास की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत कांग्रेस ध्वज फहराने, राष्ट्रगीत एवं पार्टी के संस्थापकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी की लंबी संघर्षशील यात्रा को स्मरण करते हुए एकजुटता का परिचय दिया। मुख्यातिथि मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा और जनआंदोलन रही है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण तक कांग्रेस ने देश को दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माण, पंचायतीराज व्यवस्था, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के विस्तार, हरित क्रांति तथा सामाजिक न्याय जैसे ऐतिहासिक निर्णय कांग्रेस की देन हैं। आज देश जिन चुनौतियों से गुजर रहा है, ऐसे समय में कांग्रेस की समावेशी और लोकतांत्रिक सोच और भी प्रासंगिक हो जाती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनें और संगठन के माध्यम से उनका समाधान सुनिश्चित करें।

### पांच परिवर्तनों से ही भारत बनेगा विश्व का मार्गदर्शक: अवतार

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता के समोह मंडल द्वारा आयोजित हिंदू सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से प्रांत सेवा भारती के सचिव अवतार चौहान ने कहा कि समरस समाज, स्व-आधारित जीवन शैली, पर्यावरण-अनुकूल आचरण, कुटुंब प्रबोधन और नागरिक कर्तव्यों के पालन जैसे पांच परिवर्तनों से भारत विश्व का मार्गदर्शन कर सकता है। उन्होंने कहा कि संघ 1925 से राष्ट्र प्रथम के भाव से समाज के लिए कार्य कर रहा है और स्वयंसेवक बिना किसी स्वार्थ के तन-मन-धन से राष्ट्र सेवा में जुटे हैं। संघ शताब्दी वर्ष में समाज से अपनी जीवन शैली में इन पांच परिवर्तनों को अपनाने का आह्वान कर रहा है। सम्मेलन में अध्यक्ष डॉ. राकेश शुक्ला ने कहा कि हिंदू सम्मेलन शक्ति प्रदर्शन नहीं, बल्कि सामाजिक समस्याओं के समाधान हेतु सामूहिक चिंतन का मंच है। सम्मेलन में सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं, महिला मंडल, युवक मंडल तथा बड़ी संख्या में मातृ, युवा शक्ति उपस्थित रही।

## विस्थापितों के छीने जा रहे हक : भगत सिंह

### एसीसी सीमेंट बरमाणा से कर्मचारियों को बिना कारण नौकरी से निकाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

एसीसी विस्थापित संघर्ष समिति के सलाहकार एडवोकेट भगत सिंह वर्मा ने एसीसी सीमेंट फैक्टरी के वर्तमान अडाणी प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि अडाणी द्वारा प्रबंधन संभालने के बाद से कर्मचारियों को बिना ठोस कारण के नौकरी से निकाला जा रहा है और विस्थापित परिवारों के साथ अन्याय हो रहा है।

बिलासपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में वर्मा ने कहा कि एसीसी की सीएसआर की राशि का सही उपयोग नहीं हो रहा और जिन प्रभावित लोगों को इसका लाभ मिलना चाहिए, वे इससे वंचित हैं। उन्होंने बताया कि सीमेंट कारखाने को लगे 40 वर्ष से अधिक हो चुके हैं। खनन के लिए 231 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की गई, जिससे 781 परिवार विस्थापित हुए।



पत्रकारों को संबोधित करते एसीसी विस्थापित संघर्ष समिति के सलाहकार भगत सिंह।

पुनर्वास योजना के तहत 15 बिस्वे प्लॉट और 9 तोड़े की व्यवस्था थी। उस समय 507 आवेदन आए, लेकिन केवल 173 परिवारों को ही जमीन मिल सकी, जबकि 329 मामले आज भी लंबित हैं। वर्मा ने कहा कि बरमाणा क्षेत्र में वर्ष 1986 और 1995 में भी विस्थापन हुआ। उस दौरान कारखाने में कार्यरत मजदूरों को जबरन सेवानिवृत्त किया गया और ट्रक ऑपरेटरों को भी नौकरी से बाहर कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि अब तो स्थिति यह है कि नौकरी के दौरान किसी मजदूर की मृत्यु होने पर उसके परिजन को नौकरी तक नहीं दी जा रही, जो कि अपॉइंटमेंट एक्सचेंज नोटिफिकेशन एक्ट 1959 का खुला उल्लंघन है।

उन्होंने एसीसी प्रबंधन से सवाल किया कि बरमाणा, हरनोड़ा, जमथल, बैरी, धौन कोठी और धार टटोह—इन छह पंचायतों से कितने लोगों को रोजगार दिया गया, इसकी स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक की जाए।

---

## किसान सभा को जल बिल अधिसूचना पर आपत्ति

### कहा- सरकार ने अधिसूचना वापस नहीं ली, तो सभा पूरे प्रदेश में करेगी आंदोलन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल किसान सभा के अध्यक्ष और पूर्व विधायक केके कौशल ने हिमाचल प्रदेश सरकार से जल शक्ति विभाग की 1 अक्तूबर, 2024 को जारी अधिसूचना तुरंत वापस लेने की मांग की है। इस अधिसूचना के तहत अक्तूबर से दिसंबर 2024 तक पानी के बिलों की वसूली 444.7 पैसे प्रति घर के हिसाब से की जा रही है और 100 रुपए रिपेयर और मेंटेनेंस चार्ज भी अलग से जोड़ा गया है।

केके कौशल ने कहा कि इससे आम जनता को तीन महीने के लिए हर घर में 1,400 से 1,500 रुपए तक का अतिरिक्त बिल चुकाना पड़ रहा है। गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए यह भारी आर्थिक बोझ बन गया है। उन्होंने बताया कि कई घरों में नल में पानी तक नहीं आ रहा, लेकिन बिल लगातार भेजे जा रहे हैं, जिससे लोग और भी परेशान हैं। किसान सभा ने चेतावनी दी है कि अगर यह अधिसूचना तुरंत वापस नहीं ली गई और जनता की परेशानियों का समाधान नहीं किया गया, तो हिमाचल किसान सभा पूरे प्रदेश स्तर पर संघर्ष करेगी। कौशल ने कहा कि पानी एक बुनियादी जरूरत है और इसे महंगा बनाकर आम लोगों पर दबाव डालना बिल्कुल गलत है।



पत्रकार वार्ता करते हिमाचल किसान सभा के अध्यक्ष केके कौशल व अन्य।

उन्होंने सरकार से अपील की कि वह उपभोक्ताओं के हित को ध्यान में रखते हुए इस अधिसूचना को रद्द करे और जनता को राहत प्रदान करे।

### घर के पास कुएं में मिला बुजुर्ग का शव

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं थाना के तहत पड़ने वाली ग्राम पंचायत औहर के गांव दड़याणा के निवासी चौधरी राम (85) पुत्र लाभूराम का शव घर के समीप कुएं में मिला है। घुमारवीं पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है तथा पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के पुत्र प्रेमलाल राव ने बताया कि वह वीरवार से लापता थे। शुक्रवार दोपहर को जब तलाश करते कुएं की तरफ गए तो वहां पर उनकी चप्पल मिली तथा उन्हें शक हुआ कि कहीं कुएं में नहीं गिर गए हो। जैसे ही वह कुएं में झांका तो उन्होंने पानी में शव को देखा, जिसकी सूचना घुमारवीं पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकाल कर परिजनों के बयान कलमबंद कर लिए हैं।

## नयना देवी में एक बार फिर गहराया पेयजल का संकट

**अनंत ज्ञान, नयना देवी**

प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी में एक बार फिर पेयजल संकट गहरा गया है तथा लोगों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। आलम यह है कि पिछले तीन दिनों से लोगों को एक बूंद पानी भी आवंटित नहीं किया गया है जिस कारण जनता पानी के लिए त्राहि त्राहिकर रही है जबकि विभाग पाइपलाइन फटने का बहाना बनाकर कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है नयना देवी जी में पिछले कई वर्षों से अक्सर देखा गया है कि यहां पर 10 दिनों तक पानी की सप्लाई सुचारू नहीं चलती है कुछ दिनों के पश्चात ही पानी पर ब्रेक लग जाता है जिस कारण लोगों को पेयजल संकट के कारण जूझना पड़ता है थोड़े-थोड़े अंतराल के पश्चात स्कीम में व्यवधान उत्पन्न होता रहता है, जो की विभाग की कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह अंकित करता है।

**तीन दिनों से लोगों को एक बूंद पानी भी नहीं मिला**

स्थानीय निवासी अमित कुमार भारत भूषण निखिलेश कुमार और अलकेंद्र भूषण गौरव शर्मा शिखा शर्मा श्वेता शर्मा, नीलम कुमारी प्रतिभा कुमारी, प्रोमिला शर्मा नीना शर्मा इत्यादि का कहना है कि हफ्ता या 10 दिन तक पानी की सप्लाई तो चालू रहती है, परंतु उसके पश्चात अचानक ही पानी पर ब्रेक लग जाता है जो कि उनकी समझ से परे है इन लोगों का यह भी कहना है कि पानी के बिलों में तो भारी भरकम बढ़ोतरी कर दी गई परंतु जब पानी की सप्लाई ठप रहती है तो क्या विभाग बिलों में भी कटौती करेगा? एक आध दिन की बात हो तो पानी के बिना गुजारा किया जा सकता है परंतु इतने दिनों तक अगर पानी की सप्लाई बाधित रहती है तो मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

उधर, 30 दिसंबर से तीन दिवसीय नववर्ष मेला भी नयना देवी में प्रारंभ हो रहा है अगर विभाग का यही ढुल मूल रवैया रहा तो स्थानीय लोगों के साथ-साथ श्रद्धालुओं को भी जल संकट का समना करना पड़ेगा। वहीं, इस बाबत जब सहायक अभियंता सुरेश पुरी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पंप हाउस के नजदीक पाइपलाइन के बार-बार फटने से यह समस्या उत्पन्न हुई है। लाइन बदलने के बाद ही पानी की सुचारु आपूर्ति हो पाएगी।

## आपदा में तबाह हुआ घर, डडवाल के वीर सिंह ने सीएम से मांगी मदद

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** क्षेत्र के गांव डडवाल निवासी वीर सिंह का जीवन हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा और प्रशासनिक देरी के कारण संकट में फंस गया है। दो साल पहले भूमि तकसीम के लिए आवेदन करने के बावजूद आज तक उनका हक नहीं मिला है और इसी बीच आपदा ने उनका रिहायशी मकान पूरी तरह तबाह कर दिया। वीर सिंह ने बताया कि अब वह अपने परिवार सहित मजबूरन किराए के मकान में रह रहे हैं।'आर्थिक स्थिति पहले ही कमजोर थी और भूमि तकसीम में हो रही देरी ने हमारी मुश्किलों को दोगुना कर दिया है। ग्रामीण ने मुख्यमंत्री सुक्खू से मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की है। उन्होंने प्रार्थना पत्र भेजकर कहा कि संबंधित विभाग को भूमि तकसीम की प्रक्रिया तुरंत पूरी करने के निर्देश दिए जाएं, ताकि प्राकृतिक आपदा के बाद उनकी जिंदगी फिर से पटरी पर आ सके।

## बिलासपुर में भाजपा कल करेगी धरना-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नशे के सौदागरों और चिट्टे के खिलाफ जंग लड़ने वाली बरमाणा पंचायत के लघट गांव की महिलाओं पर एफआईआर दर्ज किए जाने के विरोध में सदर भाजपा ने 30 दिसंबर को प्रस्तावित धरने-प्रदर्शन की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। सदर भाजपा मंडल अध्यक्ष हंसराज ठाकुर ने कहा कि शहर की मेन मार्केट में आयोजित किए जाने वाले धरने के माध्यम से प्रदेश सरकार, जिला पुलिस और चिट्टा माफिया की सांठगांठ उजागर करने के साथ ही सरकार की कथनी और करनी में अंतर की पोल भी खोली जाएगी। विरोध प्रदर्शन में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भी भाग लेंगे। धरने के बाद भाजपा उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित करेगी। हंसराज ने कहा कि बरमाणा पंचायत के लघट गांव की महिलाएं नशे पर नकेल कसने के लिए सर्दी के इस मौसम में भी रात को पहरा दे रही हैं। बच्चों को नशे की दलदल में धंसने से बचाने के लिए उनकी यह पहल स्वागतयोग्य है, लेकिन उन्हें इनाम देने या प्रोत्साहित करने के बजाए एक कांग्रेस नेता के फोन और नशा तस्करों के बयान पर उनके खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज कर दी गई।

---

**यादें** | जिले में प्राकृतिक आपदाओं, अप्रिय घटनाओं के साथ विकास की नई ऊंचाई के लिए याद रहेगा वर्ष 2025

# सामाजिक-राजनीतिक घटनाओं, आपदाओं और संघर्षों से भरा रहा साल

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** साल 2025 बिलासपुर जिले के लिए घटनाओं, संघर्षों, पीड़ा और प्रगति से भरा रहा। इस वर्ष जहां प्रशासनिक स्तर पर बड़े बदलाव हुए, वहीं सामाजिक-राजनीतिक घटनाओं, प्राकृतिक आपदाओं और आंदोलनों ने जिले को लगातार सुर्खियों में बनाए रखा। कुछ घटनाएं ऐसी रहीं, जिन्होंने पूरे हिमाचल को झकझोर दिया, तो कुछ उपलब्धियों ने जिले को नई पहचान भी दी। वर्ष 2025 में बिलासपुर जिला प्रशासन में अहम बदलाव देखने को मिले। जिला उपायुक्त के रूप में नए अधिकारी आईएएस राहुल कुमार ने कार्यभार संभाला। इसके साथ ही एडीसी ओम कांत ने भी अपना पदभार ग्रहण किया। इसी क्रम में एसडीएम सदर डॉ राजबीर ने भी पदभार संभाला। एसडीएम सदर के रूप में उनकी नियुक्ति से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के राजस्व, कानून-व्यवस्था और जन शिकायतों के निपटारे में प्रशासनिक मजबूती देखने को मिली। जिला प्रशासन ने वर्ष भर विकास कार्यों, जनसुनवाई और विभागीय समीक्षा बैठकों पर विशेष ध्यान दिया।

### होली के दिन गोलीकांड

**साल** 2025 की सबसे सनसनीखेज और चर्चित घटनाओं में से एक होली के दिन पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर गोली चलने की घटना रही। यह वारदात जिले ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बनी। त्योहार के दिन हुई इस घटना ने कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। गोलीकांड के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जांच शुरू की। राजनीतिक गलियारों से लेकर आम जनता तक इस घटना को लेकर गहरी चिंता देखी गई। मामला लगातार मीडिया, प्रशासन और पुलिस के लिए चुनौती बना रहा और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी गंभीर बहस छिड़ी।

### एडवेंचर स्पोर्ट्स का नया केंद्र

**मार्च** में बिलासपुर ने यह संदेश दिया कि यह सिर्फ एक पर्वतीय जिला नहीं, बल्कि एडवेंचर स्पोर्ट्स का नया केंद्र भी बन रहा है। 23 से 27 मार्च 2025 को बिलासपुर पैराग्लाइडिंग फिएस्टा आयोजित किया गया, जिसमें देश-विदेश से पायलटों ने भाग लिया और पैराग्लाइडिंग, बंदला हिल्स के ऊपर से गोबिंद सागर झील की रोमांचक उड़ान का आनंद लिया गया। यह आयोजन न केवल पर्यटन को बढ़ावा देने वाला था, बल्कि बिलासपुर को एडवेंचर और साहसिक खेलों के मानचित्र पर स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण कदम भी था।

### रेलवे टनल और ग्रामीणों की लड़ाई

**भानुपल्ली**-बिलासपुर रेललाइन के तहत बन रही रेलवे टनल वर्ष 2025 में लगातार विवादों में रही। टनल निर्माण के कारण कई गांवों में घरों में दरारें, जमीन धंसने और संरचनात्मक नुकसान की शिकायतें सामने आईं। प्रभावित ग्रामीणों ने मुआवजे और सुरक्षा की मांग को लेकर लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन और धरना जारी रखा। कई बार निर्माण कार्य रोका गया। प्रशासन, रेलवे और तकनीकी विशेषज्ञों की टीमों ने मौके पर निरीक्षण किए, लेकिन समाधान को लेकर संघर्ष साल भर चलता रहा। यह आंदोलन 2025 की सबसे लंबी और जमीनी लड़ाइयों में गिना गया।

### प्रशासन और आम जनता के बीच संघर्ष की बनी रही स्थिति

**मार्च** में जिले के कुछ ग्रामीण इलाकों में प्रशासन और आम जनता के बीच संघर्ष की स्थिति बनी। खासकर भानुपल्ली-बिलासपुर रेल परियोजना के लिए बनाए जा रहे रेलवे टनल नंबर-17 के पास नोग, बध्यात और टिक्कर गांवों के निवासियों ने सड़कों और घरों में दरारें आने का आरोप लगाते हुए रेलवे निर्माण कार्य रोक दिया। उन्होंने प्रशासन से मुआवज़ा और सुरक्षा की मांग की। मामला विवादित बन गया और कंपनी के खिलाफ विरोध जारी रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### छत से गिरने से 6 साल के बच्चे की मौत

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** घरेड़ पंचायत के खोलेड़ गांव में एक दुखद घटना हुई, जिसमें छह वर्षीय बच्चे की घर की छत से गिरने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पंकज का बेटा घर की छत पर खेल रहा था कि अचानक अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया। गंभीर रूप से घायल बच्चे को तुरंत नागरिक अस्पताल भरमौर ले जाया गया, लेकिन उसे चंबा रैफर किया जा रहा था कि वहां पहुँचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। मृतक अपने माता-पिता की इकलौती संतान था। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है और ग्रामीण परिवार को सांत्वना देने पहुंचे हैं।

### क्रिकेट मैच में डीसी-11 ने एचपीएसईबीएल को हराया

**अनंत ज्ञान, चंबा।** ग्राम पंचायत उदयपुर के खेल मैदान में डीसी-11 और एचपीएसईबीएल के बीच 20-20 ओवर का दोस्ताना क्रिकेट मैच खेला गया, जिसमें डीसी-11 की टीम विजेता रही। डीसी-11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट के नुकसान पर 217 रन बनाए। जवाब में एचपीएसईबीएल की टीम 164 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस मैत्रीपूर्ण मैच का उद्देश्य नशे के खिलाफ जन जागरूकता फैलाना था। डीसी-11 टीम के कप्तान जोगिंदर पाल ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवा पीढ़ी को खेलों की ओर आकर्षित कर नशे के खिलाफ प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी उद्देश्य से ऐसी मैत्रीपूर्ण क्रिकेट प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

### विंटर क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रोटा ब्वॉयज चैंपियन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** ग्राम पंचायत ओडा के संदेटा ग्राउंड में आयोजित विंटर क्रिकेट टूर्नामेंट में खेल प्रेमियों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। टूर्नामेंट में संदेटा ब्वॉयज, प्रोटा ब्वॉयज और बासा ब्वॉयज की टीमें शामिल हुईं। सेमीफाइनल में संदेटा ब्वॉयज ने बासा ब्वॉयज को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में प्रोटा ब्वॉयज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 60 रन बनाए और लक्ष्य का पीछा करने उतरी संदेटा ब्वॉयज को 20 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। विशाल कुमार को फाइनल में मैन ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट ने क्षेत्र में खेल भावना और युवाओं में क्रिकेट के प्रति उत्साह बढ़ाया।

### श्रद्धा व आस्था का केंद्र शिव मंदिर त्रैला

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** ग्राम पंचायत प्रीणा में स्थित शिव मंदिर त्रैला श्रद्धालुओं के लिए आस्था और भक्ति का महत्वपूर्ण केंद्र है। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है और हर वर्ष हजारों भक्त यहां आशीर्वाद लेने आते हैं। मंदिर के पुजारी कैलाशचंद ने बताया कि उनके पिता मौहरी राम ने स्वप्न में भगवान शिव के निर्देश अनुसार किलोड पंचायत के लोहग्रां स्थान से शिवलिंग लाकर त्रैला में मंदिर का निर्माण किया। प्राचीन मंदिर जर्जर हो चुका था, जिसे स्थानीय लोगों के सहयोग से भव्य रूप में पुनर्निर्मित किया गया। वैशाख महीने की 16 तारीख को यहां भव्य जातरा का आयोजन होता है। मंदिर जिला मुख्यालय से लगभग 35 किलोमीटर दूर स्थित है और पूरे साल श्रद्धालुओं के लिए खुला रहता है। पुजारी कैलाशचंद ने पुनर्निर्माण में सहयोग देने वाले सभी स्थानीय लोगों का आभार व्यक्त किया।

### पांगी में सार्वजनिक स्थलों को किया चकाचक

**अनंत ज्ञान, पांगी।** उपमंडल पांगी (किलाड़) में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु एक व्यापक स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान में उपमंडल प्रशासन, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला किलाड़, स्थानीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल हुए। अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थलों और कार्यालय परिसरों की सफाई की गई और नागरिकों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। एसडीएम अमनदीप सिंह ने कहा कि स्वच्छ समाज की बुनियाद आमजन के सहयोग पर आधारित है और सरकारी विभागों को जिम्मेदारी से कार्य करना होगा। इस अवसर पर नायब तहसीलदार सीता राम, प्रधानाचार्य भगवान दास चौहान, सहायक अभियंता जल शक्ति मुकेश कुमार, अधीक्षक ओम ठाकुर और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन ने पांगी को स्वच्छ एवं हरित बनाने के लिए सभी को सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### सुषमा ने जीवन संघर्ष व लेखन अनुभव किए साझा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** महिला साहित्यकार संस्था, हिमाचल प्रांत द्वारा 'नारी मन की संवेदना' भाग-8 का आयोजन आभासी माध्यम से सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सोलन की समाजसेविका ऊषा शर्मा और संस्था की अध्यक्षा डॉ. रीता सिंह थीं। जिला ऊना से डॉ. इंदू पराशर और जिला चंबा से कवयित्री सुषमा पुरी ने अपने जीवन संघर्ष और लेखन अनुभव साझा किए। सुषमा पुरी ने परिवार से संस्कारित समाज की आवश्यकता पर जोर दिया, जबकि डॉ. पराशर ने सशक्त शिक्षाविद और कवयित्री बनने की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि ऊषा शर्मा ने नारी की सामाजिक सहभागिता और संकल्प की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कविता बिजलवान ने किया। अंत में सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

### रूपेंद्र प्रधान और ईश्वर दास बने उपप्रधान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** मुंडखर स्थित प्रसिद्ध काली माता मंदिर की प्रबंधन समिति का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत चोलथरा के उप प्रधान विजय बनयाल की उपस्थिति में मंदिर के पूर्व प्रधान गोबर्धन सिंह ठाकुर ने पूर्व समिति को विधिवत रूप से भंग करने की घोषणा की। इसके बाद उपस्थित श्रद्धालुओं एवं सदस्यों की सहमति से नई समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से रूपेंद्र सिंह अटल को प्रधान और ईश्वर दास को उप प्रधान चुना गया। सनी ठाकुर महासचिव, संजीव कुमार सह सचिव और जगदीश चंद कोषाध्यक्ष बने। प्रकाश चंद, कर्म चंद और राम विनय को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। नई समिति से मंदिर के सुचारु संचालन, धार्मिक गतिविधियों के विस्तार और श्रद्धालुओं की सुविधाओं में सुधार की अपेक्षा जताई गई। उपस्थित लोगों ने समिति को शुभकामनाएं दीं और सहयोग का आश्वासन दिया।

### समाज जागरण और 'पंच परिवर्तन' पर जोर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** गोलवां खण्ड भड़ोल में बनांदर में हिन्दू सम्मेलन समिति द्वारा भव्य हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र ने की, जबकि कार्यक्रम अध्यक्ष प्रवीण शर्मा थे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत हवन यज्ञ से किया गया, जिसमें विधायक प्रकाश राणा, नरेंद्र, प्रवीण शर्मा और जिला संघ चालक कुलदीप ने आहुति देकर क्षेत्र की समृद्धि और शांति की कामना की। सम्मेलन में 'पंच परिवर्तन' के पांच प्रमुख विषयों पर जोर दिया गया। प्रमुख ने स्वदेशी भाव, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, जातिगत भेदभाव का समाप्तिकरण और नागरिक कर्तव्यों के पालन पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन समाज जागरण और सामाजिक चेतना को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित की।

### आरकेएम स्कूल के होनहार किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** उपमंडल सुंदरनगर के आरकेएम पब्लिक स्कूल कपाही का वार्षिक उत्सव समारोह धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी मुख्य अतिथि और व्यापार मंडल सुंदरनगर के प्रधान प्रवीण अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन के साथ समारोह की शुरुआत हुई। स्कूल प्रधानाचार्य वीरेंद्र भारती ने अतिथियों को शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने शैक्षणिक और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने बच्चों को मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर अभिभावक, स्थानीय जनता और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### अमित कुमार 56 मतों के साथ विजयी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** रविवार को जोगिंद्रनगर टैक्सी ऑपरेटर यूनियन के प्रधान, उपप्रधान और सचिव पदों के चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए। यूनियन के 127 पंजीकृत मतदाताओं में से 112 ने मतदान किया। प्रधान पद पर अमित कुमार 56 मतों के साथ विजय कुमार (55) को पीछे छोड़कर विजयी रहे। उपप्रधान पद पर संजय कुमार ने हरि सिंह को मात्र दो मतों से मात दी। सचिव पद पर रमेश कुमार को 63 मत प्राप्त हुए और राजेश कुमार 48 मतों के साथ पीछे रहे। सह सचिव और खजांची पद पर पवन कुमार व विजय कुमार निर्विरोध चुने गए। चुनाव प्रक्रिया में कोई विवाद नहीं हुआ। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने यूनियन को मजबूत बनाने और चालकों के अधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया।

# पेटी गांव में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

## खराब सड़कें, बिजली व सिंचाई की कमी से ग्रामीण त्रस्त, शिक्षा-स्वास्थ्य सेवाओं की हालत चिंताजनक

राहुल सहगल, अनंत ज्ञान

- बस सेवा बंद, टैक्सी पर होना पड़ रहा निर्भर
- भाजपा ने प्रशासन से समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

**चंबा।** विकास खंड मैहला की ग्राम पंचायत गुवाड़ का पेटी गांव आज भी अंधेरे, बदहाल सड़कों और उपेक्षा की जिंदगी जीने को मजबूर हैं। बिजली, सड़क, सिंचाई, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव ने ग्रामीणों के सब्र का बांध तोड़ दिया है। भाजपा के पोल-खोल अभियान के तहत रविवार को आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों का आक्रोश खुलकर सामने आया।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जय सिंह ने जब ग्रामीणों की व्यथा सुनी, तो गांव की तस्वीर बेहद चिंताजनक नजर आई। ग्रामीणों ने बताया कि साहो से सागला तक एचआरटीसी बस सेवा लंबे समय से बंद पड़ी है। बस न चलने से छात्र, कर्मचारी और आम लोग टैक्सियों के सहारे सफर करने को मजबूर हैं, जिससे उन पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। स्कूली बच्चे देर शाम तक पैदल घर लौटते हैं, जिससे उनकी सुरक्षा और पढ़ाई



ग्रामीणों ने पेटी गांव में खराब सड़कों और सुविधाओं के हालात के प्रति अपनी नाराजगी जताई।

दोनों खतरे में हैं। शिक्षा व्यवस्था की हालत और भी चिंताजनक है। प्राथमिक पाठशाला में लगभग 40 विद्यार्थियों के लिए केवल एक शिक्षक तैनात है। शिक्षकों की भारी कमी के चलते कई बार स्कूल बिना पढ़ाई के ही बंद जैसा रहता है। अभिभावकों का कहना है कि मजबूरी में उन्हें अपने बच्चों को दूसरे स्कूलों में भेजना पड़ रहा है। कई बार शिक्षक के अनुपस्थित रहने पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के सहारे स्कूल चलाया जाता है, जो शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। गांव में सिंचाई सुविधा न होने से खेती प्रभावित हो रही है, वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और प्री-प्राइमरी सुविधा का भी पूरी तरह अभाव है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की योजनाएं कागजों में ही सिमट कर रह गई हैं और जमीनी स्तर पर हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं।

जय सिंह ने आश्वासन दिया कि सोमवार 29 दिसंबर को ग्रामीणों के साथ जिला उपायुक्त चम्बा मुकेश रेपसवाल से मिलकर इन गंभीर समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। कार्यक्रम में उपप्रधान हेम राज, वार्ड पंच प्रकाश, मोती राम, उत्तम, अमन, नानकू, विजय, पूर्व प्रधान साहबनू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मजबूती से उठाया जाए हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों का मुद्दा: शिशु

अनंत ज्ञान, चंबा

हिंदू जागरण मंच के पूर्व ज़िला संयोजक शिशु गुप्ता ने बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे कथित अत्याचारों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने हाल ही में हिंदू युवक दीपू चंद्रदास की नृशंस हत्या की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे 'मानवता पर कलंक' बताया। उनका कहना है कि यह घटना केवल एक व्यक्ति की हत्या नहीं, बल्कि पूरे हिंदू समाज को भयभीत करने की एक सुनियोजित कोशिश प्रतीत होती है।



शिशु गुप्ता ने अपने बयान में कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा, मंदिरों पर हमले और महिलाओं की अस्मिता पर आघात की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ऐसे मामलों से वहां रहने वाले अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय की सुरक्षा पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन घटनाओं को लेकर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों की प्रतिक्रिया बेहद कमजोर और चयनात्मक रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या हिंदुओं के साथ हो रही हिंसा वैश्विक मंच पर चिंता का विषय नहीं है। उन्होंने भारत सरकार से चार प्रमुख मांगें भी रखीं। पहली, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचारों का मुद्दा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मजबूती से उठाया जाए। दूसरी, बांग्लादेश सरकार पर कूटनीतिक दबाव बनाया जाए ताकि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। तीसरी, दीपू चंद्रदास की हत्या की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराई जाए। चौथी, वहां हिंदुओं की जान-माल और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएं। बयान के अंत में शिशु गुप्ता ने हिंदू समाज से एकजुट होकर शांतिपूर्ण तरीके से आवाज उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते जागरूकता नहीं दिखाई गई, तो इतिहास हमसे कठोर सवाल पूछेगा।

# अनुच्छेद 118 को जल्दबाजी में लाना हिमाचल प्रदेश के भविष्य से खिलवाड़: नवनीत चोफला

अनंत ज्ञान, चंबा

राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित वीरता पुरस्कार विजेता नवनीत चोफला ने राज्य सरकार द्वारा अनुच्छेद 118 को जल्दबाज़ी में विधानसभा में लाने पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि किसी भी क़ानून को लागू करने से पहले उसके दूरगामी फायदे और नुकसान (Pros & Cons) पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए, न कि जल्दबाज़ी में ऐसे फैसले लिए जाएं जो आने वाली पीढ़ियों के लिए घातक सिद्ध हों। नवनीत चोफला ने कहा कि यदि यह अनुच्छेद वर्तमान स्वरूप में लागू हुआ, तो हिमाचल प्रदेश बड़े बिल्डरों और पूंजीपतियों के लिए खुला खेल मैदान बन जाएगा। आज जो हिमाचल अपनी शुद्ध हवा, निर्मल पानी और शांत जीवनशैली के लिए जाना जाता है, वही कल मुनाफाखोरों के हाथों बर्बाद हो सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में हवा और पानी ही सबसे बड़ा रोजगार बनेंगे, लेकिन आज सरकार उसी विरासत को दांव पर लगाने जा रही है।



उन्होंने हिमाचल के निर्माता डॉ. वाईएस परमार को याद करते हुए कहा कि उन्होंने राज्य को 'फ्रीज़ ज़ोन' बनाकर इसकी पहचान और संसाधनों की रक्षा की थी। दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज उसी नींव को कमजोर किया जा रहा है।

नवनीत चोफला ने कहा कि वर्तमान राजस्व मंत्री को इतिहास से सीख लेनी चाहिए। उन्होंने 1960 के दशक में किन्नौर के ठाकुर सेन नेगी, लाहौल-स्पीति के ठाकुर देवी सिंह और भरमौर-पांगी के मास्टर रामचंद जैसे आदिवासी विधायकों का उदाहरण दिया, जिन्होंने विधानसभा में लगातार तीन दिनों तक संघर्ष कर बाहरी लोगों को जनजातीय क्षेत्रों में भूमि खरीदने से रोका था। उस समय तो हिमाचली होने के बावजूद भी भूमि खरीद का अधिकार नहीं दिया गया था। उन्होंने कहा कि आज एक आदिवासी पृष्ठभूमि से आने वाले राजस्व मंत्री द्वारा निवेशकों के लिए बाढ़ के फाटक खोलना विडंबना है। यदि समय रहते इसे नहीं रोका गया, तो आज के छोटे-छोटे फायदे कल राज्य के लिए भीषण आपदा बन जाएंगे।

चोफला ने चेतावनी दी कि यदि बाहरी प्रभाव अनियंत्रित हुआ, तो हिमाचल की संस्कृति, लोक परंपराएं, खान-पान और विरासत को अपूरणीय क्षति पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल की पहचान 'धीमी, संतुलित और शांत विकास' में ही सुरक्षित है। जब आने वाले समय में दुनिया हमारे साफ पानी और शुद्ध हवा के लिए तरसेगी, तब हमें अपनी ही धरती पर पछताना न पड़े।

# आज भी देश की रीढ़ है कांग्रेस: नीरज नैय्यर

## कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस पर चंबा में जिलास्तरीय अधिवेशन आयोजित

अनंत ज्ञान, चंबा

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर चम्बा में रविवार को जिलास्तरीय अधिवेशन का आयोजन पीडब्ल्यूडी सर्किट हाऊस में रखा गया। अधिवेशन में चम्बा सदर के विधायक नीरज नैय्यर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पार्टी के संस्थापक एलन ऑक्टेवियन ह्यूम तथा संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर विधायक नीरज नैय्यर ने अपने संबोधन में कहा कि 19वीं सदी के उत्तरार्ध में स्थापित कांग्रेस पार्टी ने देश को स्वतंत्रता दिलाने में अग्रणी भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता से पूर्व कांग्रेस ने सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, शिक्षा के विस्तार, भूमि सुधारों तथा संवैधानिक विकास की मजबूत नींव रखी। वहीं स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस ने देश के संरचनात्मक विकास, महत्वपूर्ण संस्थानों के गठन और भारत को विश्व पटल पर सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का कार्य किया।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष करतार सिंह ठाकुर ने कहा कि देश में अब तक हुए विकास में



कांग्रेस पार्टी का ऐतिहासिक योगदान रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की एनडीए सरकार कांग्रेस की फ्लैगशिप योजनाओं के नाम बदलकर जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर देशहित में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया।

अधिवेशन में एचआरटीसी निदेशक सुरजीत भरमौरी, सेवादल अध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा राजू, अल्पसंख्यक कांग्रेस के राज्य पदाधिकारी लियाक़त राकेश कुमार खान, कांग्रेस महासचिव नरेश राणा, ब्लॉक महासचिव भानु प्रताप जस्रोटिया, सचिव जितेंद्र मैहरा, पार्षद एवं उपाध्यक्ष जीवन सलारिया, सचिव मनोज काशव, सचिव परमजीत मैहरा, शशी मैहरा, पार्षद खालिद मिर्जा, दीपक कुमार, डी.आर. निर्मोही, शिवचरण, उत्तम नरूला सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सदर चंबा में जल्द दिखेंगे बड़े विकास कार्य: नैय्यर

**सदर** चंबा के विधायक नीरज नैय्यर ने कहा है कि आने वाले एक से डेढ़ वर्ष में क्षेत्र में बड़े और सकारात्मक विकासात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस पर प्रेस से बातचीत में उन्होंने बताया कि चंबा में हेलिपोर्ट सेवा शुरू करने की दिशा में कार्य प्रगति पर है, जिससे क्षेत्र की कनेक्टिविटी मजबूत होगी। जुलाहकड़ी में प्रस्तावित मिनी सचिवालय का नक्शा अंतिम चरण में है। विधायक ने कहा कि शहर की पार्किंग समस्या न्यायालय में लंबित मामले के कारण रुकी हुई है, फिर भी वैकल्पिक समाधान पर कार्य जारी है। इंडोर स्टेडियम की लोकेशन व नक्शे में सुधार किया गया है। राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल के लिए विधायक निधि से 5 लाख रुपये जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सदर चंबा विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है।

# शुभम शर्मा का राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप व संतोष ट्रॉफी में चयन



राजकीय महाविद्यालय चंबा के तीन फुटबॉल खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित।

अनंत ज्ञान, चंबा

राजकीय महाविद्यालय चम्बा में फुटबॉल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सुभम शर्मा, साहिल शेखर और कुशल ठाकुर को प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। नाहन में आयोजित सीनियर स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप में सुभम शर्मा के बेहतरीन खेल को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए चयनित किया गया। इसके बाद उन्होंने संतोष ट्रॉफी प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर शानदार प्रदर्शन किया।

18 से 21 नवंबर तक महाविद्यालय में आयोजित अंतर महाविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता में इन तीनों खिलाड़ियों का चयन 5 से 11 जनवरी को जालंधर में आयोजित अंतर विश्वविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ। प्राचार्य डॉ. गुलेरिया ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि चम्बा के खेल खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर प्रोफेसर राकेश राठौर, प्रोफेसर परबिंदर कुमार, डॉ. सपना बक्शी, प्रोफेसर अविनाश और प्रोफेसर सचिन मेहरा उपस्थित रहे।

# शांतिवा-चिल्ली में किसानों को सामग्री की वितरित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** शांतिवा-चिल्ली में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) 2.0 के अंतर्गत क्षेत्रीय किसानों को कृषि संबंधी सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर किसानों को सूक्ष्म सिंचाई से जुड़ी सामग्री और अन्य आवश्यक कृषि उपकरण उपलब्ध कराए गए, जिससे खेती अधिक लाभकारी हो सके और जल संरक्षण को बढ़ावा मिले। कृषि विभाग के अधिकारियों ने उपस्थित किसानों को योजना की जानकारी दी और बताया कि पीएमकेएसवाई 2.0 का उद्देश्य 'हर खेत को पानी' सुनिश्चित करना है। योजना सीमित जल संसाधनों के बेहतर उपयोग के साथ फसलों की पैदावार बढ़ाने पर केंद्रित है। किसानों ने सरकार और विभाग का आभार व्यक्त किया और कहा कि योजना के तहत मिली सामग्री से सिंचाई में सुविधा होगी और उत्पादन में सुधार आएगा। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# बूथ स्तर तक संगठन विस्तार का लिया संकल्प

## चंबा में भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा की संयुक्त मंडल बैठक आयोजित

अनंत ज्ञान, चंबा

भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र चम्बा के ओबीसी मोर्चा की संयुक्त मंडल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक सदर चम्बा के पूर्व विधायक पवन नैय्यर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी योग राज मैहरा, सह प्रभारी पुनीत सहित मंडल स्तर के पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुना गया, जिसमें राष्ट्र निर्माण, जन सहभागिता और सामाजिक दायित्व से जुड़े संदेशों पर चर्चा की गई।



ओबीसी मोर्चा की संयुक्त मंडल बैठक पूर्व विधायक पवन नैय्यर की अध्यक्षता में हुई संपन्न।

बैठक में नवगठित मोर्चों का विधिवत परिचय कराया गया तथा संगठनात्मक ढांचे को और अधिक मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। आगामी राजनीतिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। इस दौरान यह निर्णय लिया गया कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों और नीतियों को बूथ बूथ तक पहुंचाकर आम जनता को जागरूक किया जाएगा, ताकि हर वर्ग को योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अनुशासन, समर्पण और सेवा भाव के साथ संगठन की रीति नीति को जन जन तक पहुंचाएं। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय व सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया।

# विलुप्ति की कगार पर पहाड़ों के 'घराट'

## आधुनिक चक्कियों ने छीनी पहाड़ की सदियों पुरानी परंपरा

रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान

बरोट। बरोट-छोटाभंगाल व चौहार घाटी में 20 से 30 वर्ष पूर्व तक आटा पीसने का एकमात्र साधन रहे घराट आज आधुनिकता के दौर में लगभग विलुप्त होते नजर आ रहे हैं, जहां पहले कुछेक गांवों को छोड़कर एक गांव में 25-30 तक घराट हुआ करते थे, वहीं अब दोनों घाटियों में नाममात्र के घराट ही शेष बचे हैं, जिनमें से कई नदी-नालों के किनारे स्थित होने के कारण आपदाओं में क्षतिग्रस्त हो गए हैं तो कई घराट मालिकों की लापरवाही के चलते वर्षों से खंडहर अवस्था में पड़े हैं, जिससे घराटों में लोगों की आवाजाही भी न के बराबर रह गई है, जबकि स्थानीय बुद्धिजीवियों का मानना है कि घराटों में पिसा आटा अधिक पौष्टिक और स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है, बिना बिजली से पानी के वेग पर चलने वाली यह वैज्ञानिक पद्धति से निर्मित स्थानीय तकनीक सदियों तक पहाड़ के लोगों की मुख्य आवश्यकता रही है, जिसमें गेहूं, मक्की, भरेस, घांगड़ी, चीणी, जौ आदि का आटा पीसा जाता था और बदले में पीसे गए आटे का कुछ हिस्सा भाड़े के रूप में घराट मालिक को दिया जाता था, जो पूर्णतया कैशलेस व्यवस्था का उदाहरण थी, जिसमें लोगों की ईमानदारी और घराट मालिक के प्रति कृतज्ञता का भाव झलकता था, लेकिन समय के अभाव, बिजली से चलने वाली चक्कियों के प्रचलन और बदलती जीवनशैली के कारण यह परंपरा कमजोर पड़ती जा रही है और इसके साथ पहाड़ की संस्कृति से जुड़ी कई सामाजिक मान्यताएं भी प्रभावित हो रही हैं।



नदी के किनारे उपेक्षा का शिकार होकर खंडहर बनते पारंपरिक घराट।

# सरकाघाट में प्रदर्शनी स्टॉल का शुभारंभ, स्वयं सहायता समूहों को मिलेगा रोजगार का नया मंच

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सैटेलाइट कार्यालय सरकाघाट में प्रदर्शनी स्टॉल का शुभारंभ पवन ठाकुर, कांग्रेस कमेटी सचिव, के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर अश्वनी कुमार, ब्लॉक प्रोजेक्ट मैनेजर, निशांत प्रशार, कृषि अधिकारी, अंकिता ठाकुर, कृषि प्रसार अधिकारी, शशि पाल, निर्माण अभियंता, रोहित राणा, सुपरवाइज़र, सहित अन्य एक्सटेंशन स्टाफ उपस्थित रहा। प्रदर्शनी स्टॉल के शुभारंभ का मुख्य उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को एक सशक्त मंच प्रदान करना है, ताकि इन उत्पादों की बिक्री के माध्यम से महिलाओं को रोजगार और आय के अवसर उपलब्ध कराए जा सकें। स्टॉल में स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन एवं बिक्री की जा रही है, जिनमें सीरा, अचार मिक्स, मिश्रित अचार, कोदरे के लड्डू, रागी लड्डू, स्वेटर, जुराबें सहित अन्य हस्तनिर्मित व खाद्य उत्पाद शामिल हैं। मुख्य अतिथि पवन ठाकुर ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रदर्शनी स्टॉल ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को बाजार से जोड़कर न केवल उनकी आय में वृद्धि होगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने भी स्वयं सहायता समूहों को गुणवत्ता, पैकेजिंग और विपणन पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया, ताकि उनके उत्पाद व्यापक स्तर पर पहचान बना सकें।

# भरमौर में चावल की सप्लाई में कीड़े और खराब चावल, ग्रामीणों में रोष

ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान

भरमौर के डिपुओं में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा दी जाने वाली चावल की सप्लाई में लंबे-लंबे कीड़े होने की शिकायतें सामने आई हैं। गरिमा पंचायत निवासी रिशु कुमार ने बताया कि हाल ही में घर लाए गए दो बोरी चावल में सफेद रंग के कीड़े थे। पूरी बोरी पलटने पर सड़े और खराब चावल भी सामने आए। उन्होंने कहा कि इस तरह की खराब आपूर्ति से लोगों के बीमार होने का खतरा है।

भरमौर जनजातीय क्षेत्र में सर्दियों के चार महीनों के लिए राशन की सप्लाई नवंबर में ही कर दी जाती है, लेकिन इस बार दिसंबर के अंतिम दिनों तक भी आपूर्ति पूरी नहीं हो सकी। जो चावल मिला, उसमें कीड़े या खराब चावल होने की शिकायतें आई हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन और विभाग से मांग की है कि स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए साफ और सुरक्षित चावल उपलब्ध कराए जाएं।

इस संदर्भ में कार्यवाहक ADM केशव राम कोली ने मामले की जानकारी मिलने पर जांच के आदेश दिए। वहीं विभागीय निरीक्षक मनोज कुमार ने कहा कि इस बार पूरी सप्लाई नई है और अगर गलती से कोई पुरानी बोरी मिली है तो उसे तुरंत रिप्लेस किया जाएगा।



- लोगों ने विभाग और प्रशासन से साफ चावल की आपूर्ति की मांग की

**मानव** का मानव होना ही उसकी जीत है, दानव होना हार है और महामानव होना चमत्कार है।

– डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन

## संपादकीय

# आत्मनिर्भरता की ओर

हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने सत्ता संभालते ही यह स्पष्ट कर दिया था कि राज्य की कमजोर आर्थिक स्थिति से निपटने के लिए लोकप्रिय नहीं , बल्कि कठोर और दूरगामी फैसले लेने होंगे। विरासत में मिले भारी कर्ज, बढ़ते राजस्व घाटे और सीमित आय के स्रोतों के बीच सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती थी कि बिना विकास को पटरी से उतारे राज्य की आमदनी कैसे बढ़ाई जाए। बीते तीन वर्षों में सुक्खू सरकार ने इसी दिशा में कई ऐसे आर्थिक सुधार किए हैं, जिनका असर अब साफ तौर पर दिखने लगा है। इन सुधारों में सबसे अहम और प्रभावशाली कदम नई आबकारी नीति रही। वर्षों से चली आ रही पुरानी व्यवस्था में शराब के ठेकों से अपेक्षित राजस्व नहीं मिल पा रहा था और सिस्टम में लीकेज की शिकायतें आम थीं। सुक्खू सरकार ने जोखिम उठाते हुए शराब के ठेकों को नीलामी के जरिए देने का फैसला किया। शुरुआत में इस फैसले को लेकर राजनीतिक विरोध भी हुआ, लेकिन नतीजों ने सरकार के निर्णय को सही साबित कर दिया। शराब से मिलने वाला राजस्व रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा और सरकार को हजारों करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय हुई। यह पैसा न केवल सरकारी खजाने के लिए राहत बना, बल्कि सामाजिक कल्याण और विकास योजनाओं के लिए भी संबल साबित हुआ।

साथ ही सरकार ने टैक्स संग्रह प्रणाली को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया। जीएसटी, वैट और एक्साइज जैसे करों में वर्षों से चली आ रही लीकेज को रोकने के लिए सख्ती बरती गई। कर चोरी पर अंकुश लगाने, तकनीक के बेहतर इस्तेमाल से राजस्व संग्रह में उल्लेखनीय सुधार हुआ। यह साफ संकेत है कि केवल नए टैक्स लगाने के बजाय, मौजूदा कर व्यवस्था को पारदर्शी और प्रभावी बनाकर भी राज्य की आमदनी बढ़ाई जा सकती है।बिजली परियोजनाओं से मिलने वाली रॉयल्टी का मुद्दा भी सुक्खू सरकार की प्राथमिकताओं में रहा। हिमाचल प्रदेश जलविद्युत उत्पादन में देश के अग्रणी राज्यों में शुमार है, लेकिन इसके बावजूद राज्य को लंबे समय तक अपने संसाधनों का पूरा लाभ नहीं मिल पाया। सरकार ने केंद्र और निजी कंपनियों के समक्ष मजबूती से अपना पक्ष रखा और रॉयल्टी के अधिकारों को लेकर कानूनी व प्रशासनिक स्तर पर पहल की। इससे न केवल वर्तमान में बल्कि भविष्य में भी राज्य के लिए अतिरिक्त राजस्व के रास्ते खुले हैं। वित्तीय अनुशासन सुक्खू सरकार की आर्थिक नीति का एक और अहम स्तंभ रहा है। अनावश्यक खर्चों में कटौती, सब्सिडी का तार्किक पुनर्गठन और जरूरतमंदों तक ही सरकारी सहायता सीमित करने जैसे फैसले आसान नहीं थे, लेकिन इन्हीं कदमों से सरकार ने राजस्व घाटे को नियंत्रित करने का प्रयास किया। यह संदेश भी स्पष्ट गया कि आर्थिक सुधार केवल आय बढ़ाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि खर्चों पर नियंत्रण भी उतना ही जरूरी है।

कानूनी मोर्चे पर भी सरकार ने सक्रिय भूमिका निभाई। वाइल्ड फ्लावर हॉल जैसे प्रतिष्ठित संपत्ति का अधिग्रहण कर सरकार ने यह साबित किया कि राज्य के अधिकारों की रक्षा के लिए वह लंबी कानूनी लड़ाई लड़ने से पीछे नहीं हटेगी। इस फैसले से न केवल सरकार की संपत्ति में इजाफा हुआ, बल्कि भविष्य में पर्यटन और राजस्व के नए अवसर भी पैदा हुए। आर्थिक मजबूती के लिए सरकार ने पर्यटन, कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भी फोकस किया। हिमाचल का पर्यटन क्षेत्र राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इसे और सशक्त बनाने के लिए बुनियादी ढांचे, होम स्टे, ग्रामीण पर्यटन और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में कदम उठाए गए। कृषि और बागवानी से जुड़े क्षेत्रों में मूल्य संवर्धन और विपणन पर जोर देकर किसानों की आय बढ़ाने का प्रयास किया गया, ताकि इसका अप्रत्यक्ष लाभ राज्य के राजस्व को भी मिले। सरकार ने जल संसाधनों से राजस्व बढ़ाने के लिए वाटर सेस लगाने की कोशिश की, लेकिन पड़ोसी राज्यों पंजाब और हरियाणा के सुप्रीम कोर्ट जाने से इस प्रयास को झटका लगा। हालांकि सुक्खू सरकार ने हार नहीं मानी और इसका विकल्प तलाशते हुए हिमाचल प्रदेश भू-राजस्व अधिनियम, 1954 में संशोधन कर दिया। नए प्रावधानों के तहत अब राज्य में बिजली परियोजनाओं पर उनके औसत बाजार मूल्य का दो प्रतिशत भू-राजस्व लगाया जाएगा। इससे राजस्व विभाग के माध्यम से बिजली परियोजनाओं से करोड़ों रुपए की अतिरिक्त आमदनी होने की उम्मीद है। यह कदम राज्य के अधिकारों की रक्षा के साथ-साथ वित्तीय आत्मनिर्भरता की दिशा में भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

वर्ष 2027 तक हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प सुक्खू सरकार की आर्थिक नीति का केंद्र बिंदु है। इसी कड़ी में 'ग्रीन टू गोल्ड' पहल एक नई उम्मीद के रूप में सामने आई है। औषधीय गुणों वाली भांग की नियंत्रित खेती को वैध घोषित कर सरकार ने न केवल एक नए राजस्व स्रोत का रास्ता खोला है, बल्कि किसानों के लिए भी आय के नए अवसर पैदा किए हैं। लाइसेंस आधारित इस खेती से राज्य के खजाने में सालाना 500 करोड़ से 2000 करोड़ रुपए से अधिक के अतिरिक्त राजस्व का अनुमान है। यह पहल साबित करती है कि अगर नीति स्पष्ट हो और नियंत्रण सख्त हो, तो पारंपरिक रूप से विवादित माने जाने वाले क्षेत्रों से भी आर्थिक लाभ लिया जा सकता है। हिमाचल में ऐसे और भी कई संसाधन हैं, जिनका योजनाबद्ध और संतुलित दोहन राज्य की आर्थिक सेहत को काफी हद तक सुधार सकता है। जरूरत है राजनीतिक इच्छाशक्ति, दीर्घकालिक दृष्टि और कठोर फैसलों की। यदि यही रफ्तार और दिशा बनी रही, तो वह दिन भी दूर नहीं जब हिमाचल प्रदेश को अपने खर्चों के लिए बार-बार आरबीआई से कर्ज लेने की जरूरत न पड़े। कुल मिलाकर, सुक्खू सरकार के आर्थिक सुधारों ने यह संकेत दिया है कि हिमाचल की वित्तीय सेहत को पटरी पर लाने की गंभीर कोशिश की जा रही है। चुनौतियां अभी भी कम नहीं हैं, लेकिन दिशा स्पष्ट है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार अपने इन प्रयासों को निरंतरता देगी और हिमाचल को कर्ज के झंझट से धीरे-धीरे मुक्ति दिलाने में सफल होगी। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### हिंदी सिनेमा के पहले सुपरस्टार

**राजेश** खन्ना हिंदी सिनेमा के पहले सुपरस्टार थे, जिन्होंने अपनी रूमानी छवि, स्वाभाविक अभिनय और लगातार सफल फिल्मों के बल पर करीब डेढ़ दशक तक दर्शकों के दिलों पर राज किया। उनका वास्तविक नाम जतिन खन्ना था। अमृतसर में जन्मे राजेश खन्ना ने संघर्ष के बाद फिल्मी दुनिया में वह मुकाम हासिल किया, जो आज भी मिसाल माना जाता है।



राजेश खन्ना
जन्म : 29 दिसंबर,1942
मृत्यु : 18 जुलाई, 2012

उन्होंने 1966 में फिल्म आखिरी खत से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। शुरुआती असफलताओं के बावजूद 1969 में आई फिल्म आराधना ने उनके करियर को नई दिशा दी। इस फिल्म के बाद राजेश खन्ना देखते ही देखते युवाओं के दिलों की धड़कन बन गए। 1969 से 1975 के बीच उन्होंने लगातार 15 सुपरहिट फिल्में देकर इतिहास रच दिया। कटी पतंग, आनंद, हाथी मेरे साथी, सच्चा झूठा, नमक हराम और दो रास्ते जैसी फिल्मों ने उन्हें लोकप्रियता के शिखर पर पहुंचा दिया।

फिल्म आनंद में एक गंभीर बीमारी से जूझते व्यक्ति की भूमिका को उन्होंने जिस संवेदनशीलता से निभाया, वह आज भी भारतीय सिनेमा के यादगार अभिनय में गिना जाता है। इस भूमिका के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्मफेयर पुरस्कार मिला। राजेश खन्ना को कुल तीन बार फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला और वे 14 बार नामांकित हुए। किशोर कुमार और आरडी बर्मन के साथ उनकी जुगलबंदी ने हिंदी सिनेमा को कई कालजयी गीत दिए। किशोर कुमार की आवाज और राजेश खन्ना की अदाकारी दर्शकों के लिए एक जादू बन गई। बाद के वर्षों में उनके करियर में उतार आया और उन्होंने राजनीति में भी कदम रखा। वे 1991 से 1996 तक कांग्रेस के सांसद रहे। 18 जुलाई 2012 को उनके निधन के साथ एक युग का अंत हो गया। ■



कविता

## छुट्टी है

डॉ. अशोक प्यारे लाल चौबे

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

**हम** कभी कभार मुस्कुराकर कमाल करते हैं।
हमारी मुस्कान से हमारे लोग परेशान हैं।
मेरी मुस्कान छीन लेने के सौ उपाय करते हैं।
पर मेरी मुस्कान गजब कहर करती है।
उनको हर घड़ी परेशान करती है।
उनके हर जुल्म पर कहा मौन हूं।
बस कुछ शब्द लिखा उनके गुनाह का।
फिर वह नया गुनाह करते हैं।
हमारी हस्ती मिटाने को गली की भाषा बोलते हैं।
गजब का उनका सितम मेरे ऊपर हो रहा है।
मौन मैं भी नहीं हो रहा हूं।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# डॉक्टर, मरीज और व्यवस्था के बीच टूटा भरोसा



डॉक्टर का व्यवहार और मरीजों की जिम्मेदारी स्वास्थ्य सेवाओं की सफलता के दो ऐसे महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, जिनके संतुलन पर पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था टिकी होती है। डॉक्टर का कर्तव्य केवल दवाइयां लिखना या ऑपरेशन करना ही नहीं, बल्कि मरीज के प्रति संवेदनशीलता, धैर्य, सहानुभूति और सम्मानजनक संवाद भी उतना ही आवश्यक है। मरीज जब अस्पताल पहुंचता है तो वह शारीरिक पीड़ा के साथ मानसिक तनाव में भी होता है।

ऐसे में डॉक्टर का एक शब्द और व्यवहार मरीज को या तो भरोसा दे सकता है या उसे और अधिक भयभीत कर सकता है। वहीं, दूसरी ओर मरीज और उसके तीमारदारों की भी यह जिम्मेदारी बनती है कि वे डॉक्टर के पेशेवर निर्णयों पर विश्वास रखें, संयम बनाए रखें, अस्पताल के नियमों का पालन करें और इलाज से संबंधित निर्देशों को गंभीरता से लें। स्वास्थ्य संस्थान कोई रणक्षेत्र नहीं, बल्कि वे ऐसे स्थान होते हैं जहां जीवन बचाने की कोशिश की जाती है। इसलिए डॉक्टरों को भगवान का दर्जा दिया जाता है। अस्पताल में अनुशासन, शांति और मर्यादा बनाए रखना डॉक्टर, मरीज और प्रशासन तीनों का सामूहिक दायित्व है। हिमाचल प्रदेश इन दिनों एक दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम को लेकर देशभर में चर्चा में है। शिमला स्थित इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (आईजीएमसी) में 22 दिसंबर को घटित घटना ने पूरे सिस्टम को झकझोर कर रख दिया है। एक मरीज अर्जुन सिंह पंवार और सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर राघव निरूला के बीच हुई मारपीट का मामला इतना तूल पकड़ गया कि यह केवल अस्पताल की चारदीवारी तक सीमित न रहकर सरकार, प्रशासन, मेडिकल एसोसिएशन, मीडिया और सोशल मीडिया सभी को अपनी चपेट में लेता चला गया। यह घटना ने न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावित किया, बल्कि समाज को भी कई असहज सवालों के सामने खड़ा कर दिया।

मरीज और डॉक्टर के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जो बाद में हाथापाई में बदल गई। आरोप लगे कि डॉक्टर ने मरीज के साथ मारपीट की, वहीं यह भी सामने आया कि मरीज ने भी डॉक्टर को लात-घूंसे मारे। सच क्या था, यह आज भी पूरी तरह स्पष्ट नहीं। न तो पूरा वीडियो सामने आया, न ही सीसीटीवी फुटेज से स्थिति स्पष्ट हुई। इसके बावजूद यह मामला सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गया। अधूरे वीडियो, एकतरफा दावे और भावनात्मक पोस्ट ने इस घटना को इतना भड़का दिया कि किसी को भी ठहरकर सोचने का अवसर नहीं मिला। सोशल मीडिया पर ट्रेंड बनने के दबाव में कई वेब पोर्टलों ने बिना तथ्य जांचे सामग्री वायरल कर दी, जिसका खामियाजा न केवल संबंधित डॉक्टर और मरीज को भुगतना पड़ा, बल्कि पूरे चिकित्सा समुदाय और प्रदेश की छवि को भी नुकसान पहुंचा।

सरकार ने तेजी दिखाते हुए एक दिन के भीतर जांच पूरी कर आरोपी डॉक्टर को उसकी एसआरशिप से हटाने का फैसला ले लिया। हालांकि, इस निर्णय को लेकर भी असमंजस रही। कहीं कहा गया कि डॉक्टर को नौकरी से हटा दिया गया है, तो कहीं यह स्पष्ट किया गया कि उसे केवल सीनियर रेजिडेंटशिप से हटाया गया है। सरकार की ओर से जारी पत्र में यह उल्लेख किया गया कि जांच में डॉक्टर का व्यवहार एसआरशिप के मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया, इसलिए यह कार्रवाई की गई। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भी बयान दिया कि अस्पताल में इस तरह की घटना नहीं होनी चाहिए थी और डॉक्टर का व्यवहार अपेक्षित नहीं था। यह बात सही भी है कि मरीज अस्पताल बेहतर इलाज और सम्मान की उम्मीद लेकर जाता है, न कि मारपीट का सामना करने, लेकिन सवाल यह भी उठता है कि क्या एक दिन की जांच में पूरे सच तक पहुंचा जा सकता है, खासकर तब जब मामला इतना संवेदनशील हो और दोनों पक्षों पर गंभीर आरोप लगे हों?

सरकार के इस फैसले के बाद मामला और अधिक उलझता चला गया। डॉक्टर संगठनों ने इसे जल्दबाजी में लिया गया और एकतरफा फैसला बताते हुए विरोध शुरू कर दिया। प्रदेशभर में डॉक्टरों ने सामूहिक अवकाश का रास्ता अपनाया। करीब 2850 डॉक्टर सामूहिक अवकाश पर चले गए, जिनमें रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के 450 और हिमाचल प्रदेश मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन के 2400 डॉक्टर शामिल थे। इस सामूहिक अवकाश का सीधा असर आम मरीजों पर पड़ा। इसके बाद डॉक्टर फिर से सीएम सुक्खू से मिलते हैं। सीएम सुक्खू डॉक्टरों को फैसले के बारे में दोबारा रिव्यू करने का आश्वासन देते हैं, लेकिन डॉक्टर अपनी मांग पर अडिग रहते हैं और आरोपी डॉक्टर की सेवाएं बहाल करने की जिद के चलते अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाते हैं। इससे प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह से चरमरा जाती हैं। ओपीडी ठप हो जाती हैं, ऑपरेशन टल जाते हैं, गंभीर मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाया। हालांकि सरकार ने इमरजेंसी सेवाएं बाधित न करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं और एक्सरे तथा टेस्ट आदि भी न रुकने की हिदायतें दी हैं, लेकिन बावजूद इसके हड़ताल का असर तो देखा ही गया। कुछ मरीज तो घर से ही नहीं आ रहे और जिन लोगों के पास निजी अस्पताल का विकल्प था, वे वहां चले गए, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए यह स्थिति किसी त्रासदी से कम नहीं थी।



यथार्थ

समरजीत

यहां सबसे बड़ा सवाल यही उठता है कि आखिर इस पूरे घटनाक्रम से हासिल क्या हुआ? जो मामला संवाद, संयम और निष्पक्ष जांच से सुलझ सकता था, उसे इतना बड़ा आंदोलन और शक्ति प्रदर्शन का अखाड़ा बनाने की आवश्यकता क्यों पड़ी? एक या दो व्यक्तियों की गलती की वजह से पूरे सिस्टम को ठप कर देना क्या न्यायसंगत है? डॉक्टरों का आंदोलन अपनी जगह, उनकी सुरक्षा और सम्मान की मांग भी जायज है, लेकिन जब इसका सीधा असर मरीजों की जान और सेहत पर पड़े, तो इस पर गंभीर आत्ममंथन की जरूरत है। आखिरकार डॉक्टरों का पेशा भी मानव सेवा से जुड़ा हुआ है और मरीजों का जीवन किसी भी विरोध से ऊपर होना चाहिए।

इस पूरे प्रकरण में सोशल मीडिया की भूमिका बेहद गैर-जिम्मेदाराना रही। आज के दौर में खबर सबसे पहले देने की होड़ ने पत्रकारिता के मूल्यों को कहीं न कहीं कमजोर कर दिया है। बिना पुष्टि, बिना संदर्भ और बिना संतुलन के वायरल की गई सामग्री न केवल भ्रम पैदा करती है, बल्कि हालात को और बिगाड़ देती है। प्रिंट मीडिया की परंपरा हमेशा से तथ्यों की जांच, दोनों पक्षों की बात और जिम्मेदार भाषा पर आधारित रही है, लेकिन सोशल मीडिया के दौर में वास्तविक मीडिया को भी कई बार उसी तराजू में तौला जाने लगा है। आईजीएमसी के मामले में भी ऐसा ही हुआ। अधूरी और भ्रामक जानकारियों ने आग में घी डालने का काम किया। जब वेब पोर्टलों को लगता है कि मामला हाथ से निकल गया, तो वे सामग्री डिलीट कर देते हैं, लेकिन तब तक बहुत नुकसान हो चुका था। इस सोच को बदलने की जरूरत है। साथ ही सोशल मीडिया और वास्तविक मीडिया में फर्क करने की भी जरूरत है। यह घटना एक बार फिर इस बात को रेखांकित करती है कि सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं कितनी महत्वपूर्ण हैं और जब वे बाधित होती हैं तो उसका असर कितना व्यापक होता है? सरकारी अस्पताल आम आदमी की आखिरी उम्मीद होते हैं। जब वहां मरीज इलाज के लिए जाता है और उसे डॉक्टर, दवाइयां, जांच या सम्मानजनक व्यवहार नहीं मिलता, तो उसका भरोसा पूरी सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था से उठने लगता है। समय पर इलाज न मिलने से बीमारियां गंभीर हो जाती हैं और कई बार जान तक चली जाती है। मजबूरी में गरीब और मध्यम वर्ग के लोग महंगे निजी अस्पतालों का रुख करते हैं, जिससे उन पर आर्थिक बोझ बढ़ता है। इसलिए यह बेहद लाजिमी है कि सरकारी अस्पतालों में शांति और सुचारु व्यवस्था बनाए रखना समाज और सरकार दोनों की जिम्मेदारी है।

यह मामला देखते ही देखते इतना ज्यादा बढ़ गया कि मुख्यमंत्री के स्तर से निकलकर प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंच गया। देश और दुनिया में आईजीएमसी की घटना की चर्चा होने लगी। इससे प्रदेश की छवि को भी आघात पहुंचा। यह भी सच है कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने डॉक्टरों के हित में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। रजिस्ट्रारशिप कर रहे डॉक्टरों की 48-48 घंटे की ड्यूटी एक बड़ा मुद्दा थी। सरकार ने इसे समझा और ड्यूटी की अधिकतम सीमा 12 घंटे तय की। साथ ही स्टाइपेंड भी 65 हजार से बढ़ाकर एक लाख रुपए किया गया। यह दिखाता है कि सरकार डॉक्टरों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रही है। इसके बावजूद यदि इस तरह की घटनाएं सामने आती हैं, तो यह चिंता का विषय है और यह सवाल खड़ा करता है कि कहीं न कहीं सिस्टम में संवाद और तनाव प्रबंधन की कमी है।

फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (एफएआईएमए) के उपाध्यक्ष डॉ. दिव्यांश सिंह की ओर से प्रधानमंत्री को लिखा गया पत्र इस पूरे विवाद को एक व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखने की कोशिश करता है। उन्होंने संवैधानिक न्याय, निष्पक्ष प्रक्रिया और डॉक्टरों की सुरक्षा जैसे मुद्दों को सामने रखा। उनका कहना था कि किसी भी व्यक्ति के खिलाफ निलंबन या दंडात्मक कार्रवाई केवल सोशल मीडिया पर वायरल अधूरी सामग्री के आधार पर नहीं होनी चाहिए। बिना पूरी जांच और प्रक्रिया अपनाए लिया गया फैसला न केवल अन्यायपूर्ण हो सकता है, बल्कि भविष्य में गलत मिसाल भी बन सकता है। डॉक्टर अत्यधिक दबाव और सीमित संसाधनों के बीच काम करते हैं और उनकी सुरक्षा को लेकर बने कानून या तो अपर्याप्त हैं या ठीक से लागू नहीं होते।

यह भी एक सच्चाई है कि अस्पतालों में किसी भी तरह की हिंसा स्वीकार्य नहीं है। न डॉक्टर के साथ, न मरीज के साथ, लेकिन आत्मरक्षा और हिंसा के बीच का अंतर भी समझना जरूरी है। जांच में यह स्पष्ट होना चाहिए कि क्या कृत्य बिना उकसावे के किया गया या अत्यधिक दबाव और खतरे की स्थिति में हुआ। आईजीएमसी की घटना में यह पहलू अभी भी पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाया है। इसके अलावा सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल उठे हैं। जब अस्पताल के गेट पर सुरक्षाकर्मी मौजूद रहते हैं, तो झगड़े के दौरान वे घटनास्थल तक क्यों नहीं पहुंचे। अगर समय पर हस्तक्षेप होता, तो शायद स्थिति इतनी नहीं बिगड़ती।

इस पूरे घटनाक्रम ने यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि स्वास्थ्य सेवाओं में सबसे बड़ा नुकसान अंततः मरीज को ही होता है। डॉक्टर और सरकार के बीच टकराव, मीडिया और सोशल मीडिया की सनसनी, और संगठनों का शक्ति प्रदर्शन, इन सबके बीच मरीज पिस जाता है। उसे न समय पर इलाज मिलता है, न मानसिक शांति। सेहत से जुड़ा कोई भी मामला राजनीति, प्रतिष्ठा या लोकप्रियता की भेंट नहीं चढ़ना चाहिए। जरूरत इस बात की है कि डॉक्टर, मरीज, सरकार और मीडिया सभी अपनी-अपनी जिम्मेदारी समझें। डॉक्टर संवेदनशीलता और संयम बनाए रखें, मरीज और तीमारदार धैर्य और अनुशासन रखें, सरकार निष्पक्ष और पारदर्शी निर्णय ले, और मीडिया जिम्मेदारी के साथ तथ्यों को सामने रखे।

बहरहाल, आईजीएमसी की घटना यह चेतावनी देती है कि अगर अब भी सबक नहीं लिया गया, तो भविष्य में ऐसे टकराव और अधिक बढ़ सकते हैं। स्वास्थ्य संस्थान भरोसे के केंद्र होते हैं। जब यह भरोसा टूटता है, तो केवल एक अस्पताल ही नहीं, बल्कि पूरा समाज प्रभावित होता है। इसलिए जरूरी है कि इस पूरे प्रकरण को भावनाओं के बजाय विवेक, संवाद और संवेदनशीलता के साथ देखा जाए, ताकि आने वाले समय में मरीज और डॉक्टर दोनों खुद को सुरक्षित और सम्मानित महसूस कर सकें।

रिस्पांस करें: editoranantgyaan@gmail.com

# क्या भारत वास्तव में सुशासन की कसौटी पर खरा उतर रहा है?

भारत में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर 25 दिसंबर को सुशासन दिवस मनाया गया।



विशाल कल्याण
सहायक प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान व समाजशास्त्र, सोलन

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

सुशासन का वास्तविक अर्थ केवल सरकार का अच्छा कार्य करना नहीं, बल्कि ऐसा प्रशासनिक ढांचा स्थापित करना है जो पारदर्शी, जवाबदेह, नागरिक-केंद्रित, ईमानदार, न्यायपूर्ण और संवेदनशील हो। लोकतांत्रिक प्रणाली में शासन का मूल्यांकन केवल नीतियों और घोषणाओं से नहीं, बल्कि उनके धरातलीय प्रभाव, जनजीवन में आए परिवर्तन और नागरिकों को मिली सुविधा एवं सुरक्षा से होता है।

इसी संदर्भ में सुशासन दिवस हमें यह सोचने का अवसर देता है कि भारत वास्तव में सुशासन के आदर्शों की दिशा में कितना आगे बढ़ पाया है और अभी कितनी दूरी तय करनी बाकी है। बीते वर्षों में भारत ने प्रशासनिक, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों में अनेक महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। डिजिटल इंडिया अभियान के तहत सरकारी सेवाओं का डिजिटलीकरण, ई-गवर्नेंस व्यवस्था का विस्तार, ऑनलाइन दस्तावेज सत्यापन की सुविधा, आधार आधारित सेवा प्रणाली, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, जनधन खातों के माध्यम से वित्तीय समावेशन, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन, स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के प्रयास और नई शिक्षा नीतियों का कार्यान्वयन जैसे कदम निश्चित रूप से सुशासन की दिशा में बड़े परिवर्तन साबित हुए हैं। आज पहले की तुलना में अनेक सरकारी सेवाओं तक पहुंच अधिक आसान और तेज हुई है।

पहले जो काम महीनों तक अटक जाते थे, वे अब डिजिटल माध्यम से तेजी से पूरे हो रहे हैं। योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंचना इस बात का संकेत है कि सरकार ने पारदर्शिता और




भ्रष्टाचार नियंत्रण के क्षेत्र में सकारात्मक प्रयास किए हैं, लेकिन सुशासन का मूल्यांकन केवल उपलब्धियों की सूची से पूरा नहीं होता, इसे चुनौतियों और जमीनी सच्चाइयों के संदर्भ में भी समझना आवश्यक है। आज भी कई क्षेत्रों में भ्रष्टाचार, लालफीताशाही, जटिल प्रशासनिक प्रक्रियाएं और जागरूकता की कमी जैसी समस्याएं मौजूद हैं। कई बार योजनाएं बन जाती हैं, परंतु उनका लाभ वास्तविक पात्रों तक नहीं पहुंच पाता। ग्रामीण और पहाड़ी क्षेत्रों में इंटरनेट सुविधा की कमी, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव, कमजोर शिक्षा व्यवस्था और सीमित रोजगार अवसर सुशासन की राह में आज भी बड़ी चुनौतियां बने हुए हैं। शिकायत निवारण तंत्र विकसित होने के बावजूद अनेक शिकायतें केवल दर्ज होकर रह जाती हैं और समाधान तक नहीं पहुंच पातीं।

यह दर्शाता है कि भारत ने सुशासन की दिशा में प्रगति तो की है, लेकिन लक्ष्य की पूर्ण प्राप्ति अभी शेष है। सुशासन का वास्तविक आकलन नागरिकों के जीवन स्तर से होता है। जब जनता स्वयं को सुरक्षित, सम्मानित, स्वस्थ और शिक्षित महसूस करती है, तभी शासन को सफल कहा जा सकता है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार के प्रयास हुए हैं, लेकिन सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता, शिक्षकों की कमी, अस्पतालों में संसाधनों की अपर्याप्तता और ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की कमजोर पहुंच अब भी चिंता का विषय है। न्याय व्यवस्था में लंबित मामलों और न्याय में देरी ने भी आम नागरिक के भरोसे को प्रभावित किया है।

जनभागीदारी सुशासन की आत्मा है। डिजिटल प्लेटफॉर्म और जनसुनवाई व्यवस्था ने जनता की आवाज को मजबूत किया है, लेकिन प्रशासनिक संवेदनशीलता और समयबद्ध समाधान के बिना ये प्रयास अधूरे हैं। ग्रामीण-शहरी असमानता, डिजिटल डिवाइड, पर्यावरण संरक्षण और रोजगार सृजन जैसी चुनौतियों से निपटकर ही वास्तविक सुशासन स्थापित हो सकता है। सुशासन दिवस हमें याद दिलाता है कि लोकतंत्र तभी सार्थक है, जब शासन सेवा-भाव और जवाबदेही के साथ जनता के जीवन को बेहतर बनाए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भारत के विकासात्मक सफर में 2025 : नीतियों से परिणामों तक का वर्ष

भारत के विकासात्मक सफर में वर्ष 2025 एक महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में उभरकर सामने आया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा पिछले एक दशक में लागू की गई नीतियों का प्रभाव इस वर्ष और अधिक स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा। 'विकसित भारत-2047' के दीर्घकालिक संकल्प को आधार बनाकर सरकार ने आर्थिक, सामाजिक, तकनीकी और वैश्विक स्तर पर ऐसे ठोस कदम उठाए, जिन्होंने भारत को एक सशक्त, आत्मनिर्भर और समावेशी राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। आर्थिक सशक्तिकरण और तेज विकास सरकार की प्राथमिकताओं में रहा। 2025 में भारतीय अर्थव्यवस्था ने वैश्विक चुनौतियों के बावजूद मजबूती का परिचय दिया। बुनियादी ढांचे में बड़े पैमाने पर निवेश, सड़क, रेल, हवाई अड्डों और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क के विस्तार ने विकास को नई गति दी। 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियानों के विस्तार से औद्योगिक उत्पादन बढ़ा और घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहन मिला। स्टार्टअप इकोसिस्टम को सरल नियमों, वित्तीय सहायता और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से मजबूत किया गया,



केशव शर्मा रसिक
स्वतंत्र लेखक,घुमारवीं

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

जिससे नवाचार को बढ़ावा मिला और रोजगार के नए अवसर सृजित हुए। जीएसटी प्रणाली में सुधार और कर प्रशासन को सरल बनाने से व्यापार सुगमता में भारत की स्थिति और अधिक सुदृढ़ हुई। डिजिटल इंडिया अभियान 2025 में विकसित भारत की रीढ़ के रूप में उभरा। डिजिटल भुगतान, यूपीआई, आधार आधारित सेवाओं और सरकारी योजनाओं की ऑनलाइन उपलब्धता ने प्रशासन में पारदर्शिता और दक्षता को बढ़ाया। ग्रामीण और दूरदराज़ क्षेत्रों तक इंटरनेट और डिजिटल सेवाओं की पहुंच ने डिजिटल डिवाइड को कम किया और आम नागरिक को सीधे शासन से जोड़ा। ई-गवर्नेंस के माध्यम से न केवल समय और संसाधनों की बचत हुई, बल्कि भ्रष्टाचार पर




भी प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में मदद मिली।सामाजिक कल्याण और समावेशी विकास मोदी सरकार की नीतियों का केंद्र बिंदु रहा। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, मुफ्त राशन और जनधन जैसी योजनाओं ने समाज के कमजोर वर्गों को सुरक्षा, सम्मान और स्थिरता प्रदान की। वर्ष 2025 में महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया गया। महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी बढ़ी और स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से मजबूत किया गया। शिक्षा सुधारों और कौशल विकास कार्य, मों ने युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए बेहतर रूप से तैयार किया। कृषि क्षेत्र में भी तकनीक और नवाचार को बढ़ावा दिया गया। किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना और डिजिटल कृषि प्लेटफॉर्म ने किसानों की आय बढ़ाने और जोखिम कम करने में मदद की। ग्रामीण बुनियादी ढांचे-सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार से गांवों में जीवन स्तर में सुधार आया और ग्रामीण-शहरी पलायन पर भी अंकुश लगा। वैश्विक मंच पर 2025 में भारत ने अपनी नेतृत्व क्षमता का प्रभावी प्रदर्शन किया। G20 जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सर्, य भूमिका निभाते हुए भारत ने विकासशील देशों की आवाज को मजबूती से आगे बढ़ाया। विदेश नीति में संतुलन, आत्मविश्वास और स्पष्ट दृष्टिकोण के कारण निवेश, व्यापार और रणनीतिक साझेदारियों को नई दिशा मिली, जिससे भारत की वैश्विक साख और मजबूत हुई। नरेन्द्र मोदी सरकार ने नवीकरणीय और स्वच्छ ऊर्जा पर विशेष जोर दिया। सौर और पवन ऊर्जा में निवेश बढ़ा, जिससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आई और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस प्रगति हुई।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### नशामुक्ति व पर्यावरण संरक्षण पर दिया संदेश

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान, गोहर।** उप-मंडलीय विधिक सेवा समिति, गोहर द्वारा ग्राम पंचायत बासा के मेला ग्राउंड ख्योड़ में एक विशाल मेगा विधिक साक्षरता शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आम जनता में कानूनी जागरूकता बढ़ाना तथा सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम में नशामुक्त समाज, पर्यावरण संरक्षण और आपदा पीड़ितों के पुनर्वास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। इस अवसर पर सिविल जज गोहर प्रिया डोगरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने कानूनी जानकारी, विभागीय समन्वय और सामुदायिक सहभागिता के महत्व पर प्रकाश डाला। एसडीएम गोहर देवी राम, सहायक न्यायवादी अनिल गुलेरिया, बार एसोसिएशन अध्यक्ष नवनीत विशिष्ट सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी लोगों को जागरूक किया। शिविर में सरकारी योजनाओं की जानकारी हेतु स्टॉल लगाए गए, जिनसे सैकड़ों लोगों ने लाभ उठाया।

### बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन

**भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गांव जय देवी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह रविवार को विद्यालय मैदान में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से सेवामुक्त मुख्य अध्यापक चमन लाल धीमान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य राजेश शर्मा ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। समारोह के दौरान किशोर एवं बाल वर्ग के विद्यार्थियों ने देशभक्ति और सांस्कृतिक विषयों पर आधारित रंगारंग प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। श्री गणेश, भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े प्रसंगों, अंधविश्वास उन्मूलन, योग बनाए निरोग जैसे विषयों पर सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छठी-सातवीं कक्षा की शूरयांशी दिव्या सिंह के भावपूर्ण नृत्य को विशेष सराहना मिली। इससे पूर्व शिवांगी ठाकुर ने जोशीला देशभक्तिपूर्ण भाषण दिया। कार्यक्रम में अभिभावक, गणमान्य व्यक्ति और शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### फेरी वालों के लिए आईडी पहनना हो अनिवार्य

**अनंत ज्ञान, महादेव।** मंडी जिला सहित तहसील सुंदरनगर के विभिन्न क्षेत्रों में बाहरी राज्यों से आने वाले फेरी लगाने वालों और मजदूरों की बढ़ती संख्या को लेकर स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि कई बार जांच के दौरान इन व्यक्तियों के पास वैध पहचान पत्र और अनुमति नहीं पाई जाती, वहीं कुछ फेरी वाले एक थाना क्षेत्र की अनुमति लेकर दूसरे थाना क्षेत्रों में बेखौफ घूमते नजर आते हैं। इससे सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। स्थानीय जनता ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि फेरी लगाकर सामान बेचने वालों के लिए गले में पहचान पत्र (आईडी) लटकाना अनिवार्य किया जाए तथा उन्हें केवल उसी थाना क्षेत्र में कार्य करने की अनुमति हो, जहां से उन्हें परमिशन मिली है। इसके साथ ही किराएदारों और मजदूरों के पुनः पंजीकरण और गहन जांच की भी मांग उठाई गई है। लोगों ने उपायुक्त मंडी से सुरक्षा के दृष्टिगत सख्त निर्देश जारी करने का आग्रह किया है।

### हेमराज को मिला सह संयोजक का दायित्व

**अनंत ज्ञान, मंडी।** भाजपा द्वारा डॉ. हेमराज राणा को शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रांत सह-संयोजक का महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किया गया है। डॉ. राणा इसी वर्ष एसोसिएट प्रोफेसर के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। वे वर्तमान में ऐल्युमिनि ऐसोसिएशन वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के संस्थापक अध्यक्ष हैं। उन्होंने यह जिम्मेदारी देने के लिए पार्टी हाई कमान, जिला व स्थानीय पदाधिकारियों का आभार जताया है।

### धर्मपुर में अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव आज से

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर जिला मंडी में सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के तत्वावधान में प्रथम अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव (ग्रुप-IV थिएटर) का भव्य तीन दिवसीय आयोजन 29 से 31 दिसंबर तक किया जा रहा है। इस महोत्सव में मंडी और कुल्लू जिलों के 15 महाविद्यालयों की टीमें भाग ले रही हैं, जिनके छात्र-छात्राएं नाटक, स्किट, माइम और मिमिकरी जैसी विधाओं में अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से कला कौशल का प्रदर्शन करेंगी। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के कुलपति प्रो. ललित कुमार अवस्थी होंगे, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति और संबोधन से छात्रों व आयोजकों में उत्साह और प्रेरणा का संचार होगा। वहीं समापन समारोह के मुख्यातिथि धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर होंगे तथा सहायक उपायुक्त, मंडी गुरशिमर सिंह विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर प्रतिभागी छात्रों का मार्गदर्शन करेंगे और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को पुरस्कार प्रदान करेंगे।

### 46 बूथों पर सुना 'मन की बात' कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, करसोग।** करसोग भाजपा मंडल के अंतर्गत सभी 46 बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को उत्साहपूर्वक सुना गया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस बारे में जानकारी देते हुए सह संयोजक आईटी, भाजपा मंडल करसोग, पीयूष शर्मा, संयोजक जितेन्द्र कुमार बर्मा ने बताया कि 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री ने देशवासियों को राष्ट्र निर्माण, सामाजिक सरोकारों, युवाओं की भूमिका एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से जोड़ते हैं। कार्यक्रम ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार किया है। वहीं विधायक दीप राज कपूर ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर सक्रिय हैं और मंडल स्तर पर ऐसे कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाते रहेंगे।

### विकास ठाकुर को नगर अध्यक्ष की कमान

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सुंदरनगर नगर इकाई की नई कार्यकारिणी गठन रविवार को किया गया। इसमें डॉ. विकास ठाकुर को नगर अध्यक्ष और जतिन शर्मा नगर मंत्री का दायित्व सौंपा गया। जानकारी देते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई सुंदरनगर नगर मंत्री जतिन शर्मा ने कहा कि नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर रोहन शर्मा, अंबिका शर्मा, नीतू यादव, निशांत शर्मा, नगर सहमंत्री जागृति जंवाल, उत्कर्ष शर्मा, इशांत, व्यावसायिक संयोजक ऐश्वर्या शर्मा, नगर एसएफएस संयोजक अंकिता चांगरा, नगर स्कूली कार्य संयोजक शुभम, नगर एसएफडी संयोजक प्रशांत ठाकुर, नगर खेलो भारत संयोजक चैतन्य, कार्यकारिणी सदस्य अथर्व, विपुल और अनुराग नियुक्त किए गए हैं।

### रमेश को सामाजिक कार्यों के लिए मिला सम्मान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धाड़ता क्षेत्र से संबंध रखने वाले सामाजिक कार्यकर्ता व हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति के प्रदेश महासचिव रमेश चन्द भारद्वाज को हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम में उनके द्वारा दिव्यांगों, दलितों के मुद्दों तथा अन्य सामाजिक मुद्दों को उजागर करने और इन्हें संबंधित प्रदेश और केंद्र सरकार को निवारण के लिए भेजने को लेकर, हिंदू परिषद टिहरा द्वारा सम्मानित किया गया हैं। एक्स सर्विसमैन लीग टिहरा के चेयरमैन कैप्टन रमेश तपवाल तथा हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति के प्रदेशाध्यक्ष हरिदास प्रजापति इत्यादि ने उन्हें इस समान के लिए बधाई दी है तथा आयोजकों द्वारा इस तरह सामाजिक कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए आभार व्यक्त किया है।

### लोकतंत्र व सामाजिक न्याय का किया सम्मान

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र में रविवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के सभी संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। सोहन लाल ठाकुर ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और पार्टी की ऐतिहासिक विरासत का स्मरण करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा लोकतंत्र, संविधान और सामाजिक न्याय की रक्षा की है। उन्होंने बताया कि गरीब, किसान, मजदूर और वंचित वर्ग की आवाज को पार्टी ने मजबूत किया है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पंचायती राज से लेकर सूचना के अधिकार तक कांग्रेस के योगदान को याद किया और धर्मनिरपेक्षता, भाईचारे और संविधान के मूल्यों की रक्षा के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता पर बल दिया। आज के दिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सत्य, अहिंसा और सेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया।

### कबड्डी स्पर्धा के लिए 40 ने दिया ट्रायल

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी के पड्डल ग्राउंड में रविवार को सीनियर वर्ग के लड़कों के लिए राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के ट्रायल आयोजित किए गए। यह प्रतियोगिता 4 से 6 जनवरी तक कांगड़ा जिले के नूरपुर में आयोजित होगी। मंडी जिला की 14 सदस्यीय सीनियर टीम इसमें भाग लेगी। ट्रायल में कुल 40 खिलाड़ियों ने भाग लिया और चयनकर्ताओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य टीम में खेलने का अवसर मिलेगा। चयनित खिलाड़ियों के लिए जिला कबड्डी संगठन 7 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करेगा। इस अवसर पर जिला कबड्डी एसोसिएशन के पदाधिकारी, हिमाचल प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के जॉइंट सेक्रेटरी प्रेम सिंह ठाकुर सहित अन्य गणमान्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# डडौर-नेरचौक मार्ग पर गंदगी की भरमार

## खुले में जमा बदबूदार पानी और कचरे से लोगों को सता रहा बीमारियों का खतरा

**भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान**

अनंत ज्ञान मुद्दा



डडौर-नेरचौक मार्ग पर खुले में जमा गंदा पानी और कचरा।

**महादेव।** नगर परिषद क्षेत्र डडौर फोरलेन के यहां इस मार्ग का एक बड़ा भाग घटिया निर्माण कार्य की ओर इशारा करते हुए कमजोर हालत में जहां बैठता जा रहा है और नाली का निर्माण कार्य ढंग से न किए जाने से सर्विस मार्ग पर गंदा पानी खड़ा होकर सत्यानाश कर रहा है जिससे वातावरण दूषित होने का सिलसिला लंबा हो चला है।

इसके साथ ही कूड़े-कचरे के फैलने की भरमार भी यहां वहां देखी जा सकती है यानि राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर ही किनारों पर वाहनों की मरम्मत वर्कशॉप आदि से होकर नेरचौक के बड़े अस्पताल -श्री लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल इत्यादि के यहां तक बीच बीच में बास मारता प्लास्टिक तथा अन्य बिखरा पड़ा कूड़ा कचरा इस कदर नगर को बदसूरत बना देता है जैसे इस एक बड़े क्षेत्र को अपने हाल पर छोड़ दिया गया हो। स्वच्छता बनाए रखने के लिए बल्ह क्षेत्र के इस अहम भीड़भाड़ वाले मुख्य कारोबारी क्षेत्र के लिए बड़े पैमाने पर काम करने की मांग जरुर दिनों दिन जोर पकड़ती जा रही है मगर अभी तक इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाने के लिए मिसाल पैदा करने जैसा कुछ दिखाई नहीं पड़ रहा है जिससे बुद्धीजीवी लोगों व आम लोगों में संबंधित विभाग - भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रति गहरा रोष व्याप्त है।यही नहीं गंदे पानी की गंदगी जगह-जगह देखी जा सकती है खासकर नेरचौक बाजार मार्ग के किनारे कई प्रकार का मलबा-कूड़ा व फटे पुराने कपड़ों का कूड़ा खुले में ही फंसा दबा देखा जा सकता है और गंदी नालियों का पानी खुले चौड़े स्थान में जमा देखा जा सकता है जहां सुरक्षा की दृष्टि से रेलिंग आदि व ढकी हालत में चैंबर निर्मित करने की सख्त जरूरत है ताकि अस्पताल का बाहरी भाग में भी साफ सफाई वाला वातावरण पैदा हो सके। लोगों ने उपायुक्त मंडी सहित मंडी की सांसद कंगना रनौत से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही डडौर फोरलेन से लेकर नेरचौक स्थित अस्पताल तक के क्षेत्र में मार्ग का गुणवतापूर्ण कार्य करने सहित तमाम सफाई व्यवस्था के लिए कारगर कदम उठाए ताकि दूरगामी परिणाम सामने आ सके।

नगर परिषद नेरचौक के अंतर्गत आने वाले स्थानों को सीवरेज व्यवस्था से जोड़ने के लिए लोगों ने प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार से पुरजोर मांग की है।

# देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में एफआईआर

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

- शिकायत पत्र में आरोपी पर धार्मिक भावनाएं आहत करने के लगाए आरोप

> **देवी-देवताओं** को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के वायरल वीडियो मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। जांच जारी है।
> 
> **- साक्षी वर्मा, एसपी मंडी।**

देवी- देवताओं और धार्मिक ग्रंथों को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के वायरल वीडियो मामले में अब नया मोड़ आ गया है। मामले में पुलिस थाना जंजैहली ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के संबंधित प्रावधान में एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शिकायतकर्ता सराज मंडल देवभूमि क्षेत्रीय संगठन के अध्यक्ष जय सिंह, स्वर्ण मोर्चा के तुलेश कुमार और दीप कुमार के शिकायत पत्र के आधार पर एफआईआर दर्ज किया है।

शिकायतकर्ता ने पुलिस को दिए शिकायत पत्र में बताया है कि सराज क्षेत्र की ग्राम पंचायत शिल्हीबागी निवासी सूरजमणि शहनाई वाद्यक द्वारा बीते दिनों सोशल मीडिया पर की गई विवादित टिप्पणी का वीडियो वायरल होने के बाद पूरे क्षेत्र में भारी आक्रोश फैल गया है। संगठन की ओर से इस टिप्पणी का कड़ा विरोध किया गया है। आरोप है कि संबंधित व्यक्ति ने वीडियो में देवी-देवताओं के प्रति अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए उन्हें बेकार बताया, वहीं हिंदू धर्म के पवित्र ग्रंथ वेद, महाभारत और रामायण को काल्पनिक एवं 'कुछ भी नहीं' कहकर संबोधित किया है। इस टिप्पणी के सामने आने के बाद देव समाज और हिंदू समाज में गहरी नाराजगी देखी जा रही है। शिकायत पत्र में संगठन ने इसे धार्मिक भावनाओं को जानबूझकर आहत करने वाला, भड़काऊ बयान बताते हुए सांप्रदायिक तनाव फैलाने और सौहार्द बिगाड़ने पर कानून के आधार पर कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। इस पर पुलिस थाना जंजैहली ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

# बनाना नहीं था तो फिर उखाड़ा क्यों टिहरा चौक व रेन शेल्टर?



एनएच-03 निर्माण के कारण टिहरा चौक और सड़क प्रभावित, जनता परेशान।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

एनएच-03 निर्माण कार्य से टिहरा क्षेत्र के लोगों का जीवन पिछले तीन वर्षों से प्रभावित है। सड़क की खराब गुणवत्ता के कारण घरों को खतरा, धूल-मिट्टी से अस्थमा जैसी समस्याएं और वाहनों की खराबी बढ़ गई है। हाल ही में बने टिहरा चौक और रेन शेल्टर को भी उखाड़ दिया गया, जिससे लोगों को कई महीनों से सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा।

सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद भारद्वाज, एक्स-सर्विसमैन लीग, टिहरा के चेयरमैन कैप्टन रमेश तपवाल और व्यापार मंडल चोलथरा के प्रधान बिहारी लाल सहित सैकड़ों लोगों ने सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से जल्द समाधान की मांग की है।

पूर्व प्रत्याशी रमेश चंद भारद्वाज ने सभी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं से अपील की है कि वे प्रदेश और जनता के हित में न केवल स्थानीय स्तर पर, बल्कि मंत्री के कार्यालय और निवास के बाहर धरने पर बैठकर इस समस्या का समाधान करवाएं।

## पीएम मोदी का संदेश स्वस्थ भविष्य का संकल्प : राकेश जम्वाल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' देश को सकारात्मक दिशा देने का सशक्त माध्यम बन चुका है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के 129वें एपिसोड को अपने विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 26, पुराना बाजार में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक रूप से सुना गया। राकेश जम्वाल ने कहा कि पीएम मोदी द्वारा एंटीबायोटिक दवाओं के अत्यधिक और बिना आवश्यकता उपयोग पर व्यक्त की गई चिंता अत्यंत गंभीर है। बिना डॉक्टर की सलाह दवाओं का सेवन और पूरा कोर्स न करना भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य संकट पैदा कर सकता है। यह संदेश केवल चेतावनी नहीं, बल्कि राष्ट्रव्यापी जन-जागरूकता अभियान है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता इस संदेश को घर-घर तक पहुंचाएंगे। साथ ही, उन्होंने हिमाचल के लिए ₹601.92 करोड़ की एनडीआरएफ सहायता स्वीकृत करने पर पीएम मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया।

# चंद्र मोहन को काम के बदले में मिला सम्मान

## भाजपा हाईकमान ने पंचायतीराज प्रकोष्ठ का बनाया सह संयोजक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



चंद्र मोहन शर्मा पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और पूर्व विधायक गोविंद ठाकुर के साथ।

राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य लिए दिन रात समाज सेवा कर रहे प्रदेश के प्रसिद्ध समाजसेवी चंद्र मोहन शर्मा को भाजपा हाईकमान ने उनके काम के बदले सम्मान दिया है। पार्टी के सिद्धांतों को लेकर उनकी सक्रिय भागीदारी और अपने बलबूते दर्जनों विकास कार्य को अंजाम देने को लेकर भाजपा हाईकमान ने उन्हें प्रदेश पंचायती राज विभाग का सहसंयोजक नियुक्त किया है उनकी नियुक्ति से सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र में जहां खुशी की लहर है।

चंद्र मोहन शर्मा ने जिला पार्षद के रूप में अपने वार्ड की सीमाओं से परे पूरे विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को अंजाम दिया। आपदा में बंद पड़ी सड़कों और रास्तों को खोलने के लिए उन्होंने निजी खर्च पर जेसीबी मशीन, टिप्पर और मजदूर लगाकर लगभग छ दर्जन बंद पड़ी सड़कों को खुलवाया। सराज विधानसभा क्षेत्र में भी उन्होंने निजी खर्च पर आपदा प्रभावित सड़कों को सुचारू किया। युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए बैरा में अंतरराष्ट्रीय कुश्ती स्टेडियम का निर्माण शुरू किया है, जिस पर करीब 2 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

- समाजसेवा के बलबूते प्रदेशभर में बनाया है अलग स्थान

पूर्व जलशक्ति मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि चंद्र मोहन शर्मा का व्यापक अनुभव, मार्गदर्शन और वैचारिक प्रतिबद्धता पार्टी संगठन को नई दिशा देगा। चंद्र मोहन शर्मा ने अपनी नियुक्ति पर भाजपा के वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ जिम्मेदारी निभाएंगे। उनका उद्देश्य आम जनता, विशेषकर युवा पीढ़ी को संगठन से जोड़ना और समाज सेवा के माध्यम से विकास कार्यों को आगे बढ़ाना रहेगा।

# गुरुकुल स्कूल के होनहार छात्र किए सम्मानित

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और स्टॉल गतिविधियों ने बढ़ाई आयोजन की रौनक



गुरुकुल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल झलवान में मुख्य अतिथि प्रकाश राणा को सम्मानित करते हुए।

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** गुरुकुल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल झलवान में फन फेयर सीजन-7 का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि प्रकाश राणा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। गेस्ट ऑफ ऑनर अंजना शर्मा और विजय भाटिया को विशेष सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता और टीमवर्क देखने को मिला। स्टॉलों में कचौरी, पानी पूरी, मोमो आदि व्यंजन प्रस्तुत किए गए। मंच पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में गायक गोपाल शर्मा और राजेंद्र आचार्य की मधुर आवाज तथा चिंटू बाबा की हास्य प्रस्तुति ने समां बांधा। फन फेयर के अंतर्गत आयोजित बेबी शो भी दर्शकों का आकर्षण बना। विद्यालय ने शैक्षणिक उत्कृष्टता और खेल में उपलब्धि प्राप्त विद्यार्थियों को सम्मानित किया। दसवीं में यथार्थ शर्मा, अपेक्षा और अनामिका शर्मा तथा बारहवीं में सेजल, धन्या और पलक को पुरस्कार दिए गए। अनामिका शर्मा को स्टूडेंट ऑफ द ईयर, योगिंदर को बेस्ट स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ द ईयर और रुमा देवी को बेस्ट मदर का सम्मान प्रदान किया गया। ग्लोरी हाउस को बेस्ट हाउस घोषित किया गया। प्रबंध निदेशक विशाल अवस्थी और मुख्य अतिथि प्रकाश राणा ने बच्चों के सर्वांगीण विकास में ऐसे आयोजनों की भूमिका की सराहना की और युवाओं को नशे से दूर रहने तथा शिक्षा, खेल और सकारात्मक गतिविधियों की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी।

## पांगणा-सुकेत में श्रीमद्भागवत महापुराण महायज्ञ का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, करसोग।** ऐतिहासिक नगरी पांगणा-सुकेत में 28 दिसंबर से 3 जनवरी 6 तक श्रीमद्भागवत महापुराण महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह महायज्ञ पांडवकालीन अंबरनाथ मंदिर के पुजारी परिवार की श्रद्धेय श्रीमती दुर्गी देवी द्वारा अपने पौत्र सौरभ और सुपुत्र विद्यासागर उपमन्यु एवं कृष्णा शर्मा के पुण्य स्मरणार्थ आयोजित किया गया है। महायज्ञ में कथा वाचन नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर के 18 पुराणों के सुप्रसिद्ध वक्ता बाल व्यास शशांक कृष्ण कौशल जी द्वारा किया जा रहा है। शुभारंभ के अवसर पर कलश यात्रा का आयोजन हुआ, जिसमें महिलाएं मिट्टी के जलपात्र सिर पर रखकर भजन-कीर्तन करती हुई कथा पंडाल तक पहुंची। शंखनाद, ढोलक और हारमोनियम के साथ जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। कथा व्यास ने बताया कि श्रीमद्भागवत महापुराण के श्रवण और पठन से भक्ति भाव प्रबल होता है, आत्मा शुद्ध होती है और मोक्ष प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। संगीतकार अभिषेक, कार्तिक, नितिश, आचार्य विवेक वत्स और उप व्यास रवि गर्ग ने भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया।

# केंद्र की आपदा राहत के लिए वित्तीय सहायता स्वागतयोग्य : अजय ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

- कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपदा प्रभावित हिमाचल को दी हिम्मत



भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता अजय ठाकुर ने केंद्र सरकार द्वारा आपदा से राहत के लिए पीडीएनए के तहत हिमाचल प्रदेश को 601.92 करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी व केंद्र सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया है। भाजपा प्रवक्ता अजय ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को नरेन्द्र मोदी जी तथा केन्द्र सरकार का लगातार साथ मिल रहा है। 601 करोड़ की सहायता राशि से प्रदेश को आपदा प्रभावित क्षेत्रों में बड़ी राहत मिलेगी। केंद्र सरकार का यह कदम स्वागत योग्य है।

अजय ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार की वित्तीय सहायता से हिमाचल प्रदेश के विकास कार्यों, आधारभूत संरचना को सशक्त करने तथा आम जनजीवन को बेहतर बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। भाजपा प्रवक्ता अजय ठाकुर ने आगे कहा कि आपदा के लिए हिमाचल प्रदेश को कुल लगभग 6000 करोड़ रुपए केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश को दिए जा चुके हैं। माननीय प्रधानमंत्री द्वारा हिमाचल प्रदेश को परिवार मानकर लगातार सहायता की गई। भाजपा प्रवक्ता अजय ठाकुर ने कहा कांग्रेस सरकार जनाकांक्षाओं पर खरी नहीं उतर रही है। यह अत्यंत शर्मनाक है। कांग्रेस सरकार जनता के पैसे के दुरुपयोग में अव्वल है। कांग्रेस के मंत्री केवल अपना परिवार को पोषित कर रहे हैं, जनता के सुख-दुख से प्रदेश सरकार को कुछ लेना-देना नहीं है।

## हिंदू सम्मेलन में हुए देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, महादेव।** विश्व हिन्दू परिषद की अगुवाई में प्राचीन शिव मन्दिर परिसर में रविवार को हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया। ग्राम पंचायत महादेव सहित अन्य चार पंचायतों -आसपास के लोगों ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर शिरकत की। 'स्वर्ग में एक सीट खाली है' का बखूबी मंचन कर ब्रह्माकुमारी संस्थान ने वाहवाही लूटी। कैप्टन गंगा राम की अध्यक्षता में आयोजित किए गए कार्यक्रम के बीच जहां वैदिक प्रवक्ता अखिलेश भारती व डॉ मंजीत शर्मा ने अपने ओजस्वी विचार रखे वहीं आयोजक मंडल हीरा सिंह कौशल, सुदर्शन चौधरी, खुशहाल वर्मा (सह जिला संघ चालक), वेदप्रकाश शर्मा तथा अन्य प्रबुद्ध लोगों की उपस्थिति में महिला मंडल नगवाहन, घांघल, महादेव आदि की मातृशक्ति ने संगीतमयी ढंग से भजनों की सुंदर प्रस्तुति कर माहौल भक्तिमय बना दिया वहीं सोमा देवी रजनी ठाकुर ने हो रहे विघटन पर अपनी चिंता जाहिर करते हुए विचार रखे।

**सफलता** पहले सीजन में ही 50 हजार से अधिक की आय, उपदान के लिए प्रदेश सरकार का जताया आभार

# ड्रैगन फ्रूट की खेती से बदली सरकाघाट के प्रेम चंद की तकदीर

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**



**सरकाघाट।** कृषि बागवानी को प्रोत्साहन देने के प्रदेश सरकार के प्रयास रंग ला रहे हैं। जिला मंडी के सरकाघाट उपमण्डल के ठौर गांव ग्राम पंचायत जुकैण निवासी प्रेमचंद ने पारंपरिक खेती से हटकर ड्रैगन फ्रूट की सफल खेती कर क्षेत्र के किसानों के लिए एक नई मिसाल कायम की है। हिमाचल प्रदेश उद्यान विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन से प्रेमचन्द ने वर्ष 2024 में अपनी अढ़ाई बीघा भूमि पर जम्बो रेड किस्म के ड्रैगन फ्रूट के 800 पौधे लगाए। पहले ही सीजन में वर्ष 2025 के दौरान उन्हें उत्साहजनक परिणाम मिले और प्रारंभिक फसल से लगभग 50 हजार रुपये की आय अर्जित हुई। वर्तमान में वे अब तक करीब 2 क्विंटल ड्रैगन फ्रूट 250 से 300 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बेच चुके हैं।

प्रेम चंद बताते हैं कि इससे पहले वे पारंपरिक खेती करते थे, जिसमें मेहनत के अनुपात में अधिक लाभ नहीं हो पाता था। इसी दौरान उद्यान विभाग ने उन्हें ड्रैगन फ्रूट की खेती के लिए प्रेरित किया।

इसके बाद उन्होंने अपनी भूमि का समुचित सुधार करवाया, खेत समतल किए तथा रेज्ड बेड तैयार कर महाराष्ट्र से लाए गए 800 ड्रैगन फ्रूट के पौधों का रोपण किया। पौधों को सहारा देने के लिए ट्रालिस तकनीक का प्रयोग कर रहे हैं। भविष्य में इस खेती के विस्तार की योजना है। ड्रैगन फ्रूट को 'सुपर फ्रूट' कहा जाता है, लेकिन इसके स्वाद और औषधीय गुणों के प्रति अभी भी आम लोगों में पर्याप्त जागरूकता नहीं है। वे स्वयं इसके स्वास्थ्य लाभ के प्रति लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ड्रैगन फ्रूट बिना फ्रिज के भी लगभग दो महीने तक सुरक्षित रखा जा सकता है।

प्राकृतिक खेती को प्राथमिकता देते हुए प्रेम चंद किसी भी प्रकार के रासायनिक उर्वरक अथवा कीटनाशक का प्रयोग नहीं करते। उनके खेतों में ड्रैगन फ्रूट के साथ-साथ सीताफल और पपीता जैसे अन्य फलदार पौधे भी लहलहा रहे हैं। उनका बेटा अर्जुन शर्मा भी इस खेती कार्य में सक्रिय सहयोग कर रहा है।


उद्यान विभाग की ओर से मिशन फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हॉर्टिकल्चर योजना(एमआईडीएच) के अंतर्गत 2.5 बीघा भूमि पर ड्रैगन फ्रूट की खेती के लिए उन्हें कुल 62 हजार रुपये की सब्सिडी स्वीकृत की गई है। पहली किस्त के रूप में 38 हजार रुपये उनके खाते में जमा हो चुके हैं। साथ ही प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत उन्हें ड्रिप सिंचाई की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई। इस पर कुल 25 हजार रुपये का खर्च आया, जिसमें से 80 प्रतिशत अर्थात 20 हजार रुपये की सब्सिडी सरकार द्वारा प्रदान की गई। प्रेम चंद ने अपनी कृषि में सफलता के लिए बागवानी विभाग व प्रदेश सरकार का आभार जताया।

### क्या कहते हैं अधिकारी

**उद्यान** विकास अधिकारी डॉ. विपिन ने बताया कि सरकाघाट क्षेत्र में ड्रैगन फ्रूट की खेती किसानों के लिए आय का एक प्रभावी और टिकाऊ विकल्प बनकर उभर रही है। प्रेम चंद जैसे प्रगतिशील किसानों ने यह दर्शाया है कि विभागीय योजनाओं, तकनीकी मार्गदर्शन और प्राकृतिक खेती के माध्यम से कम भूमि में भी बेहतर आमदनी प्राप्त की जा सकती है।

### ड्रैगन फ्रूट की खेती के लिए 3.37 लाख रुपए प्रति हेक्टेयर का उपदान

**विषयवाद** विशेषज्ञ, सरकाघाट डॉ. अनिल ठाकुर ने बताया कि ड्रैगन फ्रूट की खेती से किसानों को कम समय में बेहतर उत्पादन और अच्छा बाजार मूल्य प्राप्त हो रहा है। यह कैक्टस प्रजाति की फसल है, जो 35 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान वाले क्षेत्रों के लिए उपयुक्त है, इसलिए जिले के गर्म क्षेत्रों में इसे बढ़ावा दिया जा रहा है। क्षेत्र विस्तार योजना के अंतर्गत ड्रैगन फ्रूट की खेती के लिए किसानों को प्रति हेक्टेयर 3 लाख 37 हजार 500 रुपये तक का उपदान दो किस्तों में प्रदान किया जाता है। पहली किस्त 60 प्रतिशत होती है। विभाग द्वारा ड्रिप इरिगेशन, स्प्रिंकलर और रेनगन जैसी आधुनिक सिंचाई प्रणालियों पर भी अनुदान उपलब्ध करवाया जा रहा है।



# विकास के हर मोर्चे पर बदली हरोली की तस्वीर : मुकेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि जिस हरोली ने कभी पानी, बिजली और सड़कों की कमी का लंबा दौर देखा, वही हरोली आज विकास के निर्णायक चरण में प्रवेश कर चुकी है।

शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सिंचाई और बुनियादी ढांचे में हुए ठोस कार्यों से हर मोर्चे पर क्षेत्र की तस्वीर बदली है और आज हरोली के बच्चे सुरक्षित एवं सुविधा संपन्न वातावरण में आगे बढ़ रहे हैं। यह परिवर्तन जन-आशीर्वाद और निरंतर सहयोग का प्रतिफल है। उपमुख्यमंत्री रविवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ललड़ी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में सम्मिलित होते हुए बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने अकादमिक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। उपमुख्यमंत्री ने डॉ. सिम्मी अग्निहोत्री फाउंडेशन की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 31 हजार रुपये देने की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री ने स्कूल में 1.30 करोड़ रुपए की लागत की साइंस लैब के शेष कार्य को शीघ्र पूरा करने के साथ इसे विद्यालय को सौंपने से संबंधित औपचारिकताएं अविलंब पूर्ण करने के निर्देश दिए।



ललड़ी स्कूल के मेधावी छात्रों के साथ उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री।

उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता और स्कूल प्रधानाचार्य आपसी समन्वय से इस विषय का शीघ्र समाधान करें, ताकि भवन का उपयोग जल्द से जल्द विद्यार्थियों के हित में हो सके। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कभी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करने वाला यह क्षेत्र आज शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सिंचाई, सड़क और अधोसंरचना के क्षेत्र में अपनी एक नई पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि आज जो हरोली आकार ले रही है, वह केवल वर्तमान की आवश्यकताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित और सशक्त भविष्य को ध्यान में रखकर योजनाबद्ध तरीके से विकसित की जा रही है।

उपमुख्यमंत्री ने ललड़ी में श्री गुरु रविदास जी के मंदिर निर्माण के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि ईसपुर में 6.50 करोड़ रुपए की लागत से शीतला माता मंदिर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। बदसाली में श्री गुरु रविदास जी के मंदिर के लिए 75 लाख और सलोह में 25 लाख रुपये प्रदान किए गए हैं। बीटन कुटिया और सिद्ध बाबा जलंधरी मंदिर के लिए भी 25-25 लाख रुपये की राशि उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने बताया कि श्री गिड़गिड़ा साहिब में ट्यूबवेल तथा अमराली में श्री राधा स्वामी सत्संग भवन के लिए पानी के टैंक निर्माण के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दे दिए गए हैं।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विकास ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें राजनीति से ऊपर उठकर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर हरोलीवासी के कार्य हों, यही उनकी प्रतिबद्धता है और इसी सोच के साथ योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि जेजों मोड़ से टाहलीवाल चौक वाया भाई का मोड़ लिंक रोड के स्तरोन्नयन के लिए केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि के तहत लगभग 50 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। इस परियोजना के अंतर्गत 17.50 किलोमीटर सड़क का उन्नयन तथा पालकवाह, कांगड़ और बढ़ेड़ा में तीन पुलों का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त ललड़ी और चंदपुर में लगभग 5.50 करोड़ रुपए की लागत से पुलों का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है।

### पेयजल व सिंचाई योजनाओं से बदली तस्वीर

**उपमुख्यमंत्री** ने कहा कि योजनाबद्ध प्रयासों के चलते कभी जल संकट से जूझने वाला बीत क्षेत्र आज पेयजल और सिंचाई दोनों सुविधाओं से संपन्न होकर नकदी फसलों का प्रमुख केंद्र बन चुका है। उन्होंने बताया कि पोलियां में 50 लाख लीटर और दुलैहड़ में 25 लाख लीटर क्षमता के जल भंडारण टैंक तैयार किए गए हैं। अमराली में 25 मीटर ऊंचाई पर 25 लाख लीटर क्षमता का टैंक निर्माणाधीन है, जिसके नीचे कॉफी हाउस जैसी सुविधा विकसित की जाएगी। यह 24 करोड़ रुपये की परियोजना है। इसके अतिरिक्त 75 करोड़ रुपए की लागत से 'बीत एरिया फेज-2' उठाऊ पेयजल योजना पर कार्य जारी है, जिसके तहत स्वां नदी से पानी उठाकर बीत एवं पालकवाह क्षेत्र के 28 गांवों की लगभग 50 हजार कनाल भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों के माध्यम से हरोली को 2027 तक शतप्रतिशत पेयजल एवं सिंचाई सुविधा से संपन्न बनाने की दिशा में ठोस प्रगति हुई है।

## विजेता व उपविजेता टीमों का सम्मान

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जोल उपतहसील की ग्राम पंचायत खरयालता के गांव रौणखर मैदान में आयोजित वॉलीबाल प्रतियोगिता का समापन बड़े उत्साह और खेल भावना के साथ हुआ। दो दिवसीय प्रतियोगिता में क्षेत्र की कई टीमों ने हिस्सा लिया और शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबला रोमांचक रहा, जिसमें दोनों टीमों ने कड़ी टक्कर दी। समापन समारोह में रौणखर के युवा व्यवसायी सन्नी शर्मा जालंधर वाले विशेष अतिथि रहे, जबकि उनके पिता समाजसेवी रमेश शर्मा वशिष्ठातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ जीवन का संदेश देते हैं। सन्नी शर्मा ने विजेता टीम को 21,000 रुपए और उपविजेता टीम को 11,000 रुपए की राशि तथा ट्रॉफी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन स्थानीय वॉलीबॉल कोच अशवनी शर्मा ने किया। सदा शिव युवा क्लब तलमेहड़ा के आयोजकों ने अतिथियों, खिलाड़ियों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया। फाइनल मुकाबले में विजेता टीम ने ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि उपविजेता टीम को भी सम्मानित किया गया। आयोजन में स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों और युवा खिलाड़ियों की उपस्थिति रही।

# चिंतपूर्णी मंदिर में वर्ष के अंतिम रविवार को उमड़ा भक्तों का सैलाब


प्रदेश के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां चिंतपूर्णी के दरबार में श्रद्धालुओं की लगी लंबी कतारें।

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां चिंतपूर्णी के दरबार में वर्ष के अंतिम माह के अंतिम रविवार को श्रद्धालुओं की भारी चहल-पहल देखने को मिली। सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा, जो मां के दर्शनों के लिए कतारबद्ध खड़े थे।

रविवार को श्रद्धालुओं की डबल लाइन दोपहर 1:00 बजे तक पुराने बस स्टैंड को पार कर गई। मंदिर प्रशासन के अनुसार, आज लगभग 10,000 से अधिक भक्तों ने मां की पवित्र पावन पिंडी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पंजाब के लुधियाना से आए श्रद्धालु गगनप्रीत ने अपनी मनोकामना पूरी होने पर दंडवत होकर मां के चरणों में अपना शीश नवाया और उनका आभार व्यक्त किया। उधर, मंदिर प्रशासन ने सुरक्षा और लाइन व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए पुख्ता इंतजाम किए थे। गेट नंबर 1 और 2 पर होमगार्ड के जवान तैनात किए गए थे, ताकि भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा सके। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सुगम दर्शन प्रणाली का लाभ उठाते हुए लिफ्ट मार्ग से आसानी से दर्शन प्राप्त किए।

# जिले में तीसरे दिन भी इलाज के लिए भटके मरीज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला स्थित इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) में डॉक्टर और मरीज के बीच हुई मारपीट की घटना के विरोध में जिला ऊना के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की हड़ताल रविवार को तीसरे दिन भी जारी रही।

हड़ताल के चलते जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में ओपीडी सेवाएं ठप रहीं, जिससे आम मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि, डॉक्टरों ने मानवीय आधार पर इमरजेंसी सेवाओं को जारी रखा। जिला अस्पताल ऊना सहित अन्य सरकारी अस्पतालों में आपातकालीन सेवाएं बहाल रहीं, जिससे गंभीर मरीजों को इलाज मिल सका। रविवार का दिन होने के कारण अस्पतालों में मरीजों की भीड़ अपेक्षाकृत कम रही, जिससे हालात कुछ हद तक सामान्य बने रहे। जिला अस्पताल ऊना की इमरजेंसी में इलाज के लिए पहुंचे मरीजों और उनके परिजनों ने बताया कि उन्हें समय पर आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध करवाई गईं।



डॉक्टरों की हड़ताल के चलते सुना पड़ा ऊना स्थित अस्पताल।

**डॉक्टरों की हड़ताल का दिखा असर, मिली सिर्फ आपात सेवाएं**

इमरजेंसी में आए मरीज के साथ पहुंचे सागर, विशाल और अनीता ने बताया कि डॉक्टरों ने इमरजेंसी में उनका सही तरीके से उपचार किया और किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। हालांकि, यदि हड़ताल सोमवार को भी जारी रहती है, तो ओपीडी सेवाओं के प्रभावित होने से मरीजों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। खासकर दूर-दराज क्षेत्रों से इलाज के लिए आने वाले मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

वहीं, डॉक्टर आईजीएमसी में हुई घटना को लेकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और चिकित्सकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग पर अड़े हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की ओर से स्थिति पर नजर रखी जा रही है। अब सभी की निगाहें सोमवार पर टिकी हैं कि हड़ताल समाप्त होती है या नहीं, ताकि स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से बहाल हो सकें।

## रोहित वर्मा भाजपा इंडस्ट्रियल विंग के को-ऑर्डिनेटर नियुक्त

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** उद्योग और संगठन के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने वाले रोहित वर्मा को भाजपा के इंडस्ट्रियल विंग का को-ऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। यह घोषणा प्रदेश संयोजक औद्योगिक प्रकोष्ठ चमन सिंह कपूर ने प्रेस नोट के माध्यम से की। रोहित वर्मा की संगठनात्मक क्षमता, उद्योग क्षेत्र का अनुभव और सक्रियता को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति से बीजेपी इंडस्ट्रियल विंग को नई दिशा, ऊर्जा व मजबूती मिलने की उम्मीद है। रोहित वर्मा ने पार्टी नेतृत्व का धन्यवाद किया और कहा कि यह दायित्व उनके लिए सम्मान के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने पूर्ण निष्ठा व समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने व नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर उद्योग और संगठन से जुड़े अनेक लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# फसलों की सुरक्षा के उपायों पर दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत 10 मेगावाट सौर परियोजना अगलौर द्वारा बागवानी विषय पर एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया।

इस सेमिनार में बागवानी विभाग के सेवानिवृत्त डिप्टी डायरेक्टर अशोक धीमान ने मुख्य वक्ता के रूप में अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज करवाई। सेमिनार में क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और आधुनिक व प्राकृतिक खेती से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। अपने संबोधन में अशोक धीमान ने फलों, सब्जियों तथा अन्य कृषि प्रजातियों को विभिन्न रोगों से बचाने के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वर्तमान समय में खेती को अनेक नई-नई बीमारियों और कीटों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में किसानों को रासायनिक खेती से हटकर प्राकृतिक खेती की ओर कदम बढ़ाना चाहिए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती न केवल भूमि की उर्वरता को बनाए रखती है, बल्कि किसानों के स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए भी लाभकारी है। अशोक धीमान ने क्षेत्र के कृषि इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि कुटलैहड़ क्षेत्र लगभग 50 वर्ष पहले चने और गन्ने की खेती के लिए जाना जाता था। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि आज भी पूरे आत्मविश्वास और उत्साह के साथ यह कहा जा सकता है कि कुटलैहड़ क्षेत्र सब्जियों और फलों का एक महत्वपूर्ण केंद्र बना हुआ है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे परंपरागत ज्ञान और आधुनिक तकनीकों का संतुलन बनाकर खेती करें, जिससे उत्पादन और गुणवत्ता दोनों में वृद्धि हो सके। इस अवसर पर सौर परियोजना अगलौर के प्रशासक अधिकारी देवराज सौखला ने बताया कि सौर परियोजना अगलौर, जिला ऊना द्वारा समय-समय पर ग्रामीणों के लिए इस प्रकार के जागरूकता सेमिनार आयोजित किए जाते रहे हैं और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे। इन सेमिनारों का उद्देश्य ग्रामीणों और किसानों को नवीन तकनीकों, पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ विकास के प्रति जागरूक करना है। सेमिनार के दौरान शुभम शर्मा, अभिषेक कुमार तथा सिक्योरिटी ऑफिसर लखविंदर सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने अपने प्रश्न रखे, जिनका समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया। सेमिनार से किसानों में प्राकृतिक व वैज्ञानिक खेती को लेकर नई सोच और उत्साह देखने को मिला।



बागवानी जागरूकता सेमिनार में शामिल प्रतिभागी और आयोजक।

## बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की

**अनंत ज्ञान, ऊना।** रविवार को सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल चिंतपूर्णी में वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि इंजीनियर रामपाल, कार्यक्रम अध्यक्ष करनैल सिंह राणा, मुख्य वक्ता देशराज शर्मा व विशेषातिथि सोम कृष्ण शर्मा ने शिरकत की। स्कूल के बच्चों ने विभिन्न प्रस्तुतियां पेश की, जिसमें भारतीय सेवा पर दी गई प्रस्तुति को सभी ने सराहा। स्कूल के प्राचार्य अंकुश पंडित ने बताया कि स्कूल में छात्रों को नैतिक शिक्षा के साथ-साथ भविष्य की शिक्षा भी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले 2026/27 के सेशन में डिजिटल ब्लैकबोर्ड के माध्यम से शिक्षा दी जाएगी, जिससे छात्रों को आधुनिक तकनीक के साथ शिक्षा प्राप्त होगी। डिजिटल ब्लैकबोर्ड एक इंटरैक्टिव टूल है जो शिक्षकों को मल्टीमीडिया कंटेंट के माध्यम से पढ़ाने में मदद करता है, जिससे छात्रों की रुचि बढ़ती है और शिक्षा अधिक प्रभावी होती है।

## कांग्रेस ने लोकतंत्र को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई : कालिया

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** गगरेट कांग्रेस कमेटी ने पार्टी का स्थापना दिवस रविवार को मनाया। कार्यक्रम का आयोजन विधायक राकेश कालिया तथा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरिंद्र कुमार की अगुवाई में किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी की नीतियों, विचारधारा और देश के विकास में उसके ऐतिहासिक योगदान को याद किया। विधायक ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने आजादी की लड़ाई से लेकर देश के लोकतंत्र को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। कांग्रेस हमेशा गरीबों, किसानों, मजदूरों और युवाओं की आवाज बनी है और आगे भी जनहित के मुद्दों के लिए संघर्ष करती रहेगी। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरिंद्र कुमार ने कहा कि स्थापना दिवस हमें पार्टी की विचारधारा पर चलने और संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लेने का अवसर देता है।

# सनातन धर्म व सामाजिक चेतना पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

उपमंडल अंब के अंतर्गत धुसाड़ा पंचायत स्थित सरगम पैलेस में सकल हिंदू समाज द्वारा विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन भव्य एवं गरिमामय तरीके से किया गया। सम्मेलन में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और सनातन धर्म व सामाजिक चेतना के प्रति अपनी आस्था और सहभागिता दिखाई।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म के मूल सिद्धांतों का प्रचार-प्रसार करना तथा वर्तमान समय में हिंदू समाज के समक्ष राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्पन्न चुनौतियों पर गंभीर चिंतन करना रहा। सम्मेलन में प्रमुख धर्माचार्य आचार्य शिव शास्त्री और आचार्य कन्हैया जोशी ने अपने ओजस्वी संबोधन में सनातन धर्म की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह केवल पूजा-पाठ या धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवन पद्धति है, जो सत्य, अहिंसा, करुणा, संयम और कर्तव्यबोध की शिक्षा देती है। उन्होंने युवाओं से भारतीय संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर समाजसेवी सतीश शर्मा मुख्यातिथि रहे, जिन्होंने आयोजन की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि यह समाज को एक सूत्र में पिरोने, सांस्कृतिक चेतना जागृत करने और राष्ट्रप्रेम बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सम्मेलन के मुख्य वक्ता जिला संघ चालक डॉ. हेमराज ने समाज में आवश्यक पांच प्रमुख मूल्यों— सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वयं का बोध और नागरिक कर्तव्य पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यदि समाज इन्हें अपनाता है, तो भारत पुनः विश्वगुरु बन सकता है। सम्मेलन में उपस्थित जनसमूह ने वक्ताओं के विचारों को गंभीरता से सुना और जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, वक्ताओं और उपस्थित जनसमुदाय का आभार व्यक्त किया और भविष्य में ऐसे प्रेरणादायक आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।


धुसाड़ा पंचायत में हिंदू सम्मेलन के भव्य आयोजन पर मौजूद लोग।

## हिंदू सम्मेलन रामलीला ग्राउंड मुबारिकपुर में 11 जनवरी को

**अनंत ज्ञान, मुबारिकपुर।** विराट हिंदू सम्मेलन हनुमान मंदिर के परिसर व रामलीला ग्राउंड मुबारिकपुर में 11 जनवरी दिन रविवार को 11 बजे होगा। कार्यक्रम के उपलक्ष्य में ठाकुर सरबजीत सिंह की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। इसमें मुबारिकपुर, शिवपुर, लोअर भंजाल के बंदूवार आए थे। इसमें सम्मेलन की आयोजक कमेटी का गठन किया गया। संयोजक सर्वजीत ठाकुर, सुदीप कुमार, कार्तिक शर्मा, हर्ष, अजनीश व सचिव राजिंद्र सिंह इस 11 जनवरी में होने वाले कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मुबारिकपुर, शिवपुर, लोअर भंजाल के सभी हिंदू परिवार शामिल होंगे। यह सम्मेलन हिंदुओं की जागरूकता व एकता के निमित होगा। इस सम्मेलन में मुख्यातिथि महंत सूर्यनाथ योगी होंगे। यह सूचना राजीव परिहार, अमन ठाकुर, प्रिंस परिहार और कौस्तुभ शर्मा द्वारा दी गई।

# कांग्रेस का 141वां स्थापना दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कांग्रेस पार्टी का 141वां स्थापना दिवस ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुटलैहड़ द्वारा बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया।

यह कार्यक्रम जोगी पंगा स्थित पार्टी कार्यालय में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुटलैहड़ के अध्यक्ष राम आसरा शर्मा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत कांग्रेस पार्टी के ध्वज फहराने के साथ हुई। इसके उपरांत कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी सहित पार्टी के अन्य महान नेताओं के चित्रों पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी के गौरवशाली इतिहास और देश की आज़ादी से लेकर राष्ट्र निर्माण में उसके योगदान को याद किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुटलैहड़ के अध्यक्ष राम आसरा शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि देश की आज़ादी और लोकतंत्र की मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने हमेशा गरीबों, किसानों, मजदूरों, युवाओं और वंचित वर्गों की आवाज़ को बुलंद किया है। आज के समय में कांग्रेस पार्टी की विचारधारा पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। राम आसरा शर्मा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाएं और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाएं। उन्होंने कहा कि एकजुट होकर कार्य करने से ही पार्टी आने वाले समय में नई ऊंचाइयों को छुएगी। कार्यक्रम के दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने पार्टी को मजबूत करने, संगठनात्मक अनुशासन बनाए रखने और कांग्रेस की विचारधारा के अनुसार कार्य करने की सामूहिक प्रतिज्ञा ली। वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा भाईचारे, सद्भाव, धर्मनिरपेक्ष और सामाजिक न्याय की भावना को आगे बढ़ाया है, और आगे भी इसी मार्ग पर चलती रहेगी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस और अन्य अग्रणी संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और कांग्रेस पार्टी के समर्थन में नारेबाजी के साथ हुआ। स्थापना दिवस समारोह ने कार्यकर्ताओं में नया जोश और ऊर्जा भर दी।


कुटलैहड़ कांग्रेस के नेता स्थापना दिवस समारोह में।

**श्रद्धांजलि** जमासनी देवी मंदिर में अटल स्मृति दिवस का भव्य आयोजन, वाजपेयी को श्रद्धांजलि

# प्रदेश के विकास में अटल के योगदान को किया याद

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जमासनी देवी मंदिर परिसर में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के अवसर पर अटल स्मृति दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने अटल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके योगदान को स्मरण किया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को सामूहिक रूप से सुना। इसके उपरांत एस आई आर कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रेरणादायक भाषण का सीधा प्रसारण भी सुना गया, जिसमें उन्होंने राष्ट्र निर्माण, संगठन की मजबूती और लोकतांत्रिक मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इस अवसर पर प्रदेश भाजपा सचिव सुमीत शर्मा, प्रदेश सह मीडिया संयोजक राज कुमार पठानिया, कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र भुट्टो, पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक कृष्ण पाल शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, मनोहर लाल शर्मा, नीरज परमार, सुभाष शास्त्री, सुदर्शन शर्मा, राजेंद्र सिंह, अभय राणा, राहुल शर्मा, रोहित ठाकुर, भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्षा सुषमा ठाकुर, राज कुमार, करनैल सिंह, मीना कुमारी, रामकिशन तथा मनोहर लाल चौधरी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का हिमाचल प्रदेश के विकास में अतुलनीय योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि अटल जी केवल एक कुशल राजनेता ही नहीं, बल्कि एक संवेदनशील कवि, प्रखर वक्ता और दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने देश को नई दिशा दी। अटल जी के कार्यकाल में हिमाचल प्रदेश को विशेष औद्योगिक पैकेज मिला, जिससे प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा मिला और हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए। दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि अटल रोहतांग सुरंग अटल जी की दूरदर्शी सोच का जीवंत उदाहरण है। इस सुरंग के निर्माण से लाहौल-स्पीति क्षेत्र को वर्षभर संपर्क सुविधा मिली, जिससे न केवल सामरिक दृष्टि से देश मजबूत हुआ, बल्कि पर्यटन, व्यापार और स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में भी सुधार आया। अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने राजनीति में शुचिता, संवाद और सहमति की परंपरा को मजबूत किया। उन्होंने विपक्ष को भी सम्मान देने की संस्कृति विकसित की, जो आज के राजनीतिक परिदृश्य में अत्यंत प्रेरणादायक है।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने अटल जी के आदर्शों पर चलने, राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित रहने और संगठन को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन का वातावरण श्रद्धा, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत रहा।


अटल स्मृति दिवस कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यातिथि और गणमान्य।

# अटल के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत माता जमासनी देवी मंदिर परिसर में अटल स्मृति दिवस के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा सचिव एवं हमीरपुर लोकसभा के प्रभारी सुमित शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृतियों को नमन करते हुए उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान को याद किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत 'मन की बात' के सामूहिक श्रवण से हुई। इसके उपरांत एसआईआर विषय पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संबोधन को भी कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित जनसमूह ने ध्यानपूर्वक सुना। वक्ताओं ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ऐसे दूरदर्शी नेता थे, जिनकी नीतियां आज भी देश की विकास यात्रा का मार्गदर्शन कर रही हैं। मुख्य वक्ता सुमित शर्मा ने अपने संबोधन में अटल जी के कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अटल रोहतांग टनल अटल जी की दूरदर्शिता का जीवंत उदाहरण है, जिसने हिमाचल प्रदेश और लद्दाख के बीच साल भर संपर्क को संभव बनाया। इसके साथ ही उन्होंने अटल सरकार द्वारा शुरू किए गए इंडस्ट्री पैकेज का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे पहाड़ी राज्यों में औद्योगिक विकास को नई दिशा मिली और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित हुए। सुमित शर्मा ने प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना को भी अटल जी की ऐतिहासिक देन बताया। उन्होंने कहा कि इस योजना ने गांव-गांव को सड़क संपर्क से जोड़कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान की। इसके अतिरिक्त स्वां नदी के चैनलाइजेशन कार्य का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र को बाढ़ जैसी समस्याओं से राहत मिली और कृषि भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित हुई। संबोधन में सुमित शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के ग्यारह वर्षों के कार्यकाल पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह कालखंड सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। बुनियादी ढांचे का विस्तार, सड़क, रेल और स्वास्थ्य सुविधाओं में अभूतपूर्व सुधार, डिजिटल इंडिया, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत और किसान कल्याण से जुड़ी योजनाएं मोदी सरकार की प्रमुख उपलब्धियां हैं। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों को आत्मसात करने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। अंत में माता जमासनी देवी से देश और प्रदेश की उन्नति, शांति और समृद्धि की कामना की। इस मौके पर भाजपा नेता देवेंद्र भुट्टो, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड, जिला पार्षद कृष्ण पाल शर्मा पंचायती राज प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक, मनोहर लाल शर्मा, सूरम सिंह, नीरज परमार, सुभाष शास्त्री, सुदर्शन शर्मा, राजेंद्र सिंह, अभय राणा, राहुल शर्मा, रोहित ठाकुर, सुषमा ठाकुर, राज कुमार, करनैल सिंह, मीना कुमारी, रामकिशन, मनोहर लाल चौधरी आदि सैकड़ों गणमान्य मौजूद रहे।


अटल स्मृति दिवस के अवसर पर सुमीत शर्मा और अन्य नेता।

## चिंतपूर्णी में रोबोटिक सर्विस

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** लॉर्ड स्टूडियो इन रेस्टोरेंट ने अपने गेस्ट के लिए एक अनोखा अनुभव पेश किया है, जहां रोबोट गेस्ट को खाना परोस रहे हैं। यह चिंतपूर्णी में पहला रेस्टोरेंट है, जो रोबोटिक सर्विस प्रदान कर रहा है।

**लॉर्ड स्टूडियो इन रेस्टोरेंट में गेस्ट को खाना परोस रहे हैं रोबोट**

रेस्टोरेंट के मैनेजर अश्विनी राणा ने बताया कि फिलहाल दो रोबोट रेस्टोरेंट में सर्विस के लिए लाए गए हैं और अगर यह प्रयोग सफल रहता है, तो भविष्य में और भी रोबोट ले जाएंगे। रोबोट को ऐप के माध्यम से संचालित किया जाता है, जिसके बाद यह रोबोट कमांड लेकर गेस्ट को खाना परोसते हैं। यह एक नया कांसेप्ट है, जो गेस्ट को आकर्षित कर रहा है और उन्हें एक अनोखा अनुभव प्रदान कर रहा है। लॉर्ड स्टूडियो इन ग्रुप कस्टमर को अपनी सर्विस के लिए जाना जाता है, जिसमें कई तरह के प्रयोग ले जाते हैं। यह रेस्टोरेंट अपने गेस्ट को उच्च गुणवत्ता वाली सर्विस प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और रोबोटिक सर्विस इसी दिशा में एक कदम है।

# नव वर्ष मनाने मनाली आ रहे हैं तो करवा लें एडवांस में बुकिंग

## 70 से 80 हजार पर्यटकों के उमड़ने का है अनुमान, रोहतांग व शिंकुला में लगा है पर्यटकों का मेला

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**कुल्लू/केलांग।** पर्यटन नगरी मनाली नववर्ष 2026 के स्वागत के लिए तैयार है। हर रोज 20 से 25 हजार पर्यटक मनाली आ रहे हैं। पर्यटन निगम सहित निजी स्तरीय होटलों के 31 दिसंबर तक एडवांस में 90 प्रतिशत कमरे पैक हैं।

नव वर्ष मनाने मनाली आ रहे हैं, तो एडवांस में बुकिंग करवा लें अन्यथा स्तरीय कमरों के लिए भटकना पड़ सकता है। शहर सहित आसपास के क्षेत्रों के होटलों की आक्यूपेंसी भी 70 से 75 प्रतिशत पहुंच गई है। नव वर्ष की संध्या में 70 से 80 हजार पर्यटकों के उमड़ने का अनुमान है। रोहतांग व शिंकुला में पर्यटकों का मेला लगा हुआ है। होटल कारोबारियों की मानें तो जनवरी के प्रथम सप्ताह तक होटलों की अच्छी बुकिंग चल रही है। उनका कहना है कि पर्यटन नगरी मनाली में अधिकतर होटल एडवांस में तीन जनवरी तक पैक हो रहे हैं। पर्यटन नगरी में उमड़े पर्यटकों के सैलाब ने सारी व्यवस्था को चरमरा दिया है। मनाली के सभी पर्यटन स्थल सैलानियों से भर गए हैं। पर्यटक वाहन बढ़ने के कारण जगह जगह ट्रैफिक जाम की समस्या भी गहराई है। पर्यटन नगरी मनाली आ रहे पर्यटकों के शिंकुला, रोहतांग व ग्रांफू सहित अटल टनल पहली पसंद बनी हुई है। हर कोई इन पर्यटन स्थलों को निहारने को बेताब दिख रहा है।



पर्यटन नगरी मनाली नववर्ष 2026 के स्वागत के लिए तैयार है। सड़कों पर लगा ट्रैफिक जाम (दाएं) बर्फ में मस्ती करते पर्यटक।

### लाहौल घाटी में रौनक

**दिसंबर** महीने में मनाली से अधिक रौनक शीत मरुस्थल लाहौल घाटी के ग्रांफू में लगी हुई है। लाहौली घाटी के इस क्षेत्र में दिन में भी तापमान माइनस पर चल रहा है। शिंकुला दर्रे सहित रोहतांग दर्रे के लिए फोर बाई फोर वाहनों को ही जाने की अनुमति है। ऐसे में अपने वाहन भी सामान्य वाहन में सफर करने वाले पर्यटक ग्रांफू का ही रुख कर रहे हैं।

### कुछ एक क्षेत्रों में लग रहा ट्रैफिक जाम

**पर्यटकों** के उमड़े हुजूम ने प्रशासन की भी परेशानी को बढ़ाया है। मनाली के आलू ग्राउंड से लाहौल के सिस्सु, कोकसर तक लगभग 40 किलोमीटर क्षेत्र में ट्रैफिक जाम लग रहा है। आलू ग्राउंड, मनाली बाइपास, मनाली बाजार, हिडिंबा व मनाली गांव रोड, अलेउ, बाहंग, नेहरुकुंड, कुलंग, पलचान, सोलंगनाला, धुंधी, साउथ पोर्टल, अटल टनल के भीतर, नॉर्थ पोर्टल, कोकसर, ग्रांफू व सिस्सू में ट्रैफिक जाम की समस्या बनी हुई है। पिछले कुछ दिन से मनाली जाम हो गई है। पर्यटकों के उमड़े सैलाब से पर्यटन नगरी मनाली की सड़कें छोटी पड़ गई हैं।

### क्या कहते हैं पर्यटन कारोबारी

**मनाली** के पर्यटन कारोबारी राजू, रवि ब्यास, बंशी व रमन ने बताया तीन जनवरी तक बुकिंग अच्छी है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से मनाली में पर्यटकों का सैलाब उमड़ा हैं। वहीं, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष रोशन ठाकुर ने बताया कि एडवांस बुकिंग को देखते हुए जनवरी के पहले सप्ताह तक कारोबार बेहतर रहेगा।

### सहयोग करें पर्यटक : प्रशासन

**एसडीएम** मनाली रमण कुमार शर्मा ने कहा कि पर्यटकों के उमड़े सैलाब से ट्रैफिक जाम की समस्या बनी है। प्रशासन पर्यटकों को यथा संभव सुविधा मुहैया करवा रहा है। वाहन चालकों से आग्रह है कि सड़क किनारे वाहन पार्क न करें। पर्यटकों के मनोरंजन के लिए माल रोड मनाली में साउंड सिस्टम की व्यवस्था की है। पर्यटक रात 10 बजे तक खूब आनंद ले रहे हैं।

# मनाली में देह व्यापार का भंडाफोड़ मध्यप्रदेश के दो युवक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, मनाली



पर्यटन नगरी मनाली में फिर से वेश्यावृत्ति के धंधे का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। करीब सप्ताह पूर्व भी वेश्यावृत्ति के मामले में पुलिस ने एक पुरुष व तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया था। वहीं, अब एक बार फिर वेश्यावृत्ति के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने उनके चंगुल से चार युवतियों को भी बचाया, जिनसे जबरन यह अनैतिक कार्य करवाया जा रहा था। मनाली में एक सप्ताह के भीतर देह व्यापार से जुड़ा यह दूसरा मामला सामने आया है। गिरफ्तार किए गए दोनों युवक मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं। उन्हें आज न्यायालय में पेश किया जा रहा है। कुल्लू के पुलिस अधीक्षक मदन लाल ने इस संबंध में जानकारी दी। एसपी मदन लाल के अनुसार, मनाली थाना प्रभारी मुनीश राज शर्मा अपनी टीम के साथ सिमसा चौक के पास गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें विश्वसनीय सूचना मिली कि मनाली और रांगड़ी क्षेत्र में कुछ लोग महिलाओं से वेश्यावृत्ति करवा रहे हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने नियमानुसार कार्रवाई की और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान विक्की परमार उर्फ योगी (उम्र 22 वर्ष), निवासी ग्वालियर, मध्य प्रदेश और धर्मेंद्र सोलंकी उर्फ छोटू (उम्र 22 वर्ष), निवासी ग्वालियर, मध्य प्रदेश, के रूप में हुई है। इस कार्रवाई में चार महिलाओं को रेस्क्यू किया गया। आरोपियों के खिलाफ मनाली पुलिस थाने में अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम, 1956 की धारा 4 और 5 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की आगे की जांच निरीक्षक मनीष शर्मा कर रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### हिंदुओं का संगठित होना बहुत ही आवश्यक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू शहर के सुल्तानपुर के सनातन धर्म सभा सभागार में हिंदू सम्मलेन का आयोजन किया गया। सम्मलेन के मुख्यातिथि रघुनाथजी के प्रथम सेवक महेश्वर सिंह रहे, जबकि सरस्वती विद्या मंदिर भुंतर के प्रधानाचार्य व विश्व हिंदू परिषद प्रांत समरस्ता प्रमुख हरदीप ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। विश्व हिंदू परिषद के पूर्व महामंत्री जनक राज मोदगिल एवं कुलराज सिंह कपूर, सेवानिवृत निदेशक हिमालयन फारेस्ट संस्थान शिमला वशिष्ठातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा सम्मलेन में काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा भक्ति गीत गाए गए। अपने संबोधन में महेश्वर सिंह ने कहा कि यह सोचने की बात है कि हमें ऐसे सम्मेलनों की क्यों आवश्यकता पड़ी। उन्होंने कहा कि हिंदुओं का संगठित होना बहुत ही आवशयक है और यही समय की भी पुकार है। उन्होंने कहा कि हम सबको एक होना पड़ेगा, तभी हम बच पाएंगे, क्योंकि हम अपने आप को भूलते जा रहे है। उन्होंने कि हम अपने पथ से भटक रहे हैं, इसीलिए हुंदुत्व में कमी आई है। उन्होंने कहा कि आज कुदरत भी हमसे रूठ गई है, क्योंकि हमने धर्म छोड़ दिया है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों व कुल्लवी नाटी से सजा समारोह

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रायसन का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। समारोह के मुख्यातिथि ग्राम पंचायत रायसन के प्रधान कर्मचंद ठाकुर रहे। समारोह में अन्य गणमान्य व्यक्तियों में पूर्व प्रधान वीर चंद, उपप्रधान सुरेश, समिति सदस्य रंजना ठाकुर, पूर्व समिति सदस्य अनीता, पूर्व में बीडीसी मेंबर रहे गुरदास नेगी तथा क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, तत्पश्चात प्रधानाचार्य हंसराज आचार्य ने मुख्यातिथि कर्मचंद नेगी समेत अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत कुल्लवी टोपी तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर किया तथा विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विद्यालय से दसवीं कक्षा की परीक्षा में कुल 82 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें बोर्ड की मेरिट सूची में 18 विद्यार्थी आए तथा इसी साल की जमा दो परीक्षा में विद्यालय से 69 विद्यार्थी उपस्थित हुए। इसमें 25 विद्यार्थियों ने अपना नाम मेरिट सूची में दर्ज करवाया। इस तरह विद्यालय से कुल 43 विद्यार्थी बोर्ड की मेरिट सूची में शामिल हुए। हंसराज आचार्य ने बताया कि विद्यालय से एक छात्र राहुल ठाकुर ने दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में 97.28 फीसदी अंक हासिल कर प्रदेश भर की मेरिट में 16वां स्थान प्राप्त किया, जिसे जिला मंडी में हाल ही में मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया तथा हिमाचल सरकार के सौजन्य से इस छात्र को प्रशिक्षण भ्रमण के लिए केरल भी ले जाया गया था। वर्ष भर के दौरान पाठशाला की विभिन्न गतिविधियों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले मेधावियों को मुख्यातिथि द्वारा पारितोषिक देकर नवाजा गया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जबकि कुल्लवी नाटी इस पूरे कार्यक्रम में विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

### आठवें दिन छात्रों ने सीखे ट्रैकिंग के गुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं राफ्टिंग सेंटर पिरडी राष्ट्रीय साहसिक प्रशिक्षण शिविर के आठवें दिन छात्रों ने ट्रैकिंग के गुर सीखे। इसके साथ ही पिरडी से बिजली महादेव मंदिर तक आठ किलोमीटर पैदल यात्रा तय की। राफ्टिंग केंद्र प्रभारी गिमनर ने बताया कि 10 दिवसीय इस कोर्स के दौरान छात्रों को जहां राफ्टिंग सहित रेस्क्यू व आपातकालीन स्थिति से निपटने की ट्रेकिंग दी जा रही है वहीं, छात्रों को यहां के विभिन्न पर्यटन व धार्मिक स्थलों में ले जाकर वहां की जानकारी भी दी जा रही है। साथ ही बच्चों को पैदल यात्रा करवाकर ट्रेकिंग के गुर भी सिखाये जा रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को कुल्लू की खराहल घाटी स्थित भगवान बिजली महादेव के यहां बच्चों को पैदल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि 10 दिवसीय इस कोर्स में दक्षिण भारतीय राज्य केरल , तेलंगाना पंजाब व चंडीगढ़ के बच्चों के लिए बिजली महादेव की सीधी खड़ी चढ़ाई चढ़ने का अलग ही अनुभव रहा। प्रभारी ने बताया की बच्चों को सुबह सात बजे ट्रेकिंग के लिए रवाना किया गया और शाम को बच्चे वापिस पिरडी पहुंचे। उन्होंने बताया कि कोर्स का समापन मंगलवार को होगा।

# मां अंबिका यूनियन निरमंड हुई पंजीकृत


मां अंबिका टैक्सी/मैक्सी ऑपरेटर यूनियन निरमंड के पदाधिकारी व सदस्य खुशी मनाते हुए।

अनंत ज्ञान, आनी

मां अंबिका टैक्सी/मैक्सी ऑपरेटर यूनियन निरमंड के ट्रेड यूनियन के रूप में पंजीकृत होने पर बस स्टैंड निरमंड पर टैक्सी मैक्सी ऑपरेटरों ने पटाखे फोड़कर व लड्डू बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया।

टैक्सी/मैक्सी ऑपरेटर यूनियन निरमंड के प्रधान जय सिंह व महासचिव यश पाल 'बबलू' का यूनियन के सदस्यों, व्यापार मंडल व नगर पंचायत के प्रतिनिधियों व आम लोगों ने बस स्टैंड निरमंड पहुंचने पर फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया। टैक्सी-मैक्सी ऑपरेटर यूनियन निरमंड को पंजीकृत करने के लिए तमाम पदाधिकारियों व सदस्यों ने यूनियन के महासचिव यश पाल 'बबलू' का आभार जताते हुए बताया कि इनके सतत प्रयासों व वर्षों की मेहनत से ही आज यह यूनियन पंजीकृत हो पाई है।

वहीं, महासचिव यश पाल 'बबलू' ने इस अवसर पर इसके लिए सभी ऑपरेटरों को बधाई देते हुए कहा कि आज यूनियन के पंजीकृत होने पर जहां एक ओर टैक्सी मैक्सी ऑपरेटरों के हकों की रक्षा होगी, वहीं आम जन मानस को भी निरमंड बस स्टैंड पर सही एवं उचित दामों पर टैक्सी/मैक्सी सेवाएं 24 घंटों उपलब्ध होंगी तथा इससे अब टैक्सी के रूप में चलने वाले निजी गाड़ी चालकों पर भी नूकेल कसी जा सकेगी। इस अवसर पर व्यापार मंडल निरमंड के अध्यक्ष पुष्पेंद्र शर्मा, महासचिव सन्नी दनयाल, नगर पंचायत निरमंड के पार्षद अमर चंद जोशी, विदेशा नंद शर्मा समेत टैक्सी/ मैक्सी ऑपरेटर यूनियन निरमंड के उप प्रधान अमर सिंह, सलाहकार मदन लाल व कार्यकारणी के सदस्य गंगा राम, तिलक राज, प्रीतम, अजय कुमार, प्रेम दास, संजीव, जितेंद्र कंवर, कनू, जनक, बिहारी लाल आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में बेटे को खो चुके पिता ने प्रशासन, सरकार से लगाई न्याय की गुहार

अनंत ज्ञान, मनाली

**23 दिसंबर को टिप्पर चालक ने मार दी थी बेटे की स्कूटी को टक्कर**

सड़क हादसे में अपने बेटे को खो चुके पिता अजय कुमार ने प्रशासन व सरकार से न्याय की गुहार लगाई है। प्रेस को जारी बयान में पिता अजय ने आरोप लगाया कि उसका 20 वर्षीय मेहनती व ईमानदार बेटा सचिन गाड़ी चलाने वाले टिप्पर चालक का शिकार हुआ है।

नेपाली मूल के व्यक्ति अजय ने आपबीती सुनाते हुए बताया कि वह अपने परिवार के साथ गांव सियाल मनाली में रहता है। बेटा सचिन मेरे काम में हाथ बटाने के साथ जोमेटो कंपनी में पार्ट-टाइम डिलीवरी का काम भी करता था। वो मेहनती था और अपने भविष्य के लिए बड़े सपने देखता था। 23 दिसंबर की उस रात मेरा बेटा अपनी स्कूटी पर अपने काम से जा रहा था। इसी दौरान एक नशे में गाड़ी चला रहा ड्राइवर तेजी और लापरवाही से गलत साइड आया और मेरे बेटे की स्कूटी को जोर से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि मेरा बेटा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उपचार के लिए बेटे को अस्पताल लाया। पूरी रात जिंदगी और मौत के बीच लड़ता रहा लेकिन सुबह तक उसकी सांसें रुक गईं और वो हमें हमेशा के लिए छोड़ कर चला गया। पिता ने बताया कि बेटे के साथ उनके सारे सपने भी टूट गए। ये दर्द और अफसोस जिंदगी भर भुलाया नहीं जा सकता।

उन्होंने कहा कि आज हर वो मां-बाप डरे हुए हैं, जो अपने बच्चों को रोज काम के लिए घर से बाहर भेजते हैं। उन्होंने प्रशासन और सरकार अपील की है कि दोषी ड्राइवर पर सख्त कानून लागू किया जाए और नशे में गाड़ी चलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए, ताकि किसी और मां बाप को अपना बेटा न खोना पड़े। उधर, डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# मनाली में दो जनवरी तक हथियार लाने और ले जाने पर प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली में नए साल पर उमड़ने वाली भीड़ की देखते हुए जिला प्रशासन ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों, अर्धसैनिक बलों और सेना कर्मियों के अलावा सभी व्यक्तियों पर हथियार लाने, ले जाने और साथ रखने पर 2 जनवरी 2026 तक प्रतिबंध लगा दिया है। डीसी कुल्लू ने कहा कि नए साल पर पर्यटकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एसडीएम मनाली के आग्रह पर यह निर्णय लिया गया है। अधिसूचना में यह स्पष्ट किया है कि ये आदेश 28 दिसंबर से लेकर 2 जनवरी तक प्रभावी होंगे और आदेशों का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत सहज का प्रावधान होगा। नए साल पर कुल्लू जिले के मनाली में अत्याधिक पर्यटकों के आने का अंदेशा है और ऐसे में मॉल रोड मनाली व आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा होने के चलते असमाजिक तत्व सार्वजनिक आवाजाही और भीड़ की अधिकता का फायदा उठाकर ऐसी गतिविधियों को अंजाम दे सकते हैं, जिससे सार्वजनिक व्यवस्था को भंग किया जा सके।

# 7 फरवरी को मनाई जाएगी स्व. प्रोफेसर श्याम की 96वीं जयंती


बैठक के दौरान श्याम संगीत सम्मेलन समिति के पदाधिकारी व सदस्य।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

श्याम संगीत सम्मेलन समिति कुल्लू की बैठक कुल्लू में समिति के अध्यक्ष डॉ. सूरत ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में 7 फरवरी को संगीत शिरोमणि स्व प्रोफेसर श्याम लाल ठाकुर की 96वीं जयंती पर होने वाले शास्त्रीय संगीत के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। डॉ. सूरत ठाकुर ने बताया कि यह वर्ष शास्त्रीय संगीत के कार्यक्रम का रजत जयंती वर्ष है, इसलिए इस वर्ष का कार्यक्रम विशेष ढंग से मनाया जाएगा। डॉ. सूरत ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष देश के प्रथम श्रेणी के गायक व वादकों को बुलाया जाएगा। डॉ. सूरत ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। बैठक में श्याम संगीत समिति के सलाहकार कैप्टन रणधीर सल्हुरिया, डीसी यादव, संजीव भारद्वाज, कार्यकारी अध्यक्ष, पंडित विद्या सागर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रेणुका शर्मा, महासचिव कैलाश गौतम, मंजू शर्मा, संगीता आचार्य, हलिंदर गिरिराज, जीवन बुढ़ाल, प्रीति, विद्या देवी ठाकुर उपस्थित रहे।

# अब 15 जनवरी तक करवाएं रबी की फसलों का बीमा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत जिला कुल्लू में रबी की फसलों पर बीमा की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 15 जनवरी 2026 की गई है। कृषि उप-निदेशक, कुल्लू रितु गुप्ता ने जानकारी दी कि कृषि विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा रबी सीजन 2025- 26 की फसलों के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके अंतर्गत जिला में गेहूं व जौ की फसलों का बीमा करवाया जा सकता है। दोनों के बीमा के लिए कुल फसल का बीमा प्रति हेक्टेयर क्रमशः 60000, व 50 हजार है। बीमा करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2026 है तथा कुल प्रीमियम प्रति बीघा क्रमशः 72 व 60 रुपए है। फसल का बीमा उपरोक्त कंपनी से अंतिम तिथि से पहले अपने नजदीक के लोक मित्र केंद्र में जाकर करवा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए खंड के विषयवाद विशेषज्ञ कृषि विकास अधिकारी, कृषि प्रसार अधिकारी व बीमा कंपनी से 70188-06168 एवं 86298-02474 पर संपर्क करें।

## रघुनाथ हॉस्पिटल की मेडिकल टीम पहुंची सुदूर व ऐतिहासिक मलाणा गांव

# 150 से अधिक मरीजों का जांचा स्वास्थ्य

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला मुख्यालय कुल्लू स्थित रघुनाथ हॉस्पिटल की मेडिकल टीम द्वारा समाज सेवा की भावना के तहत हिमाचल प्रदेश के अत्यंत सुदूर एवं ऐतिहासिक मलाणा गांव में एक-दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया।

दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद रघुनाथ हॉस्पिटल की टीम मलाणा पहुंची और स्थानीय लोगों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराईं। इस स्वास्थ्य शिविर का नेतृत्व बीर सिंह थापाकू मैनेजिंग डायरेक्टर रघुनाथ हॉस्पिटल, कुल्लू द्वारा किया गया। शिविर की चिकित्सा सेवाओं का संचालन डॉ. संजय ठाकुर, मेडिकल ऑफिसर, रघुनाथ क्लिनिक जरी ने किया। उनके साथ रेशमा (स्टाफ नर्स, रघुनाथ क्लिनिक जरी), शालिनी (फार्मासिस्ट) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर के समन्वय व व्यवस्थाओं में अटल व जीत (मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव्स) तथा रेशमा व आंचल (पेशेंट्स कोऑर्डिनेटर) का विशेष योगदान रहा। इस एकदिवसीय स्वास्थ्य शिविर में लगभग 150 मरीजों की चिकित्सकीय जांच की गई। इनमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, महिलाएं एवं बुजुर्ग शामिल थे। मरीजों की सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ बुखार, सर्दी-खांसी, रक्तचाप, शुगर, पेट संबंधी रोगों, त्वचा रोगों व बच्चों से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं की जांच की गई। शिविर के दौरान सभी जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं तथा जिन मरीजों को आगे विशेष उपचार की आवश्यकता थी, उन्हें



उचित चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया। बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देते हुए उनकी शारीरिक जांच, पोषण संबंधी सलाह व स्वास्थ्य जागरूकता प्रदान की गई। इस अवसर पर बीर सिंह थापाकू ने कहा कि रघुनाथ हॉस्पिटल का उद्देश्य दूरदराज एवं दुर्गम क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है और ऐसे निशुल्क स्वास्थ्य शिविर समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी का हिस्सा हैं। स्थानीय ग्रामीणों व पंचायत प्रतिनिधियों ने रघुनाथ हॉस्पिटल की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की मांग की। रघुनाथ हॉस्पिटल प्रबंधन ने बताया कि अस्पताल भविष्य में भी समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए ऐसे निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करता रहेगा।

# पर्यटन सीजन को लेकर बंजार में प्रशासन सतर्क

**अनंत ज्ञान, बंजार।** जिला कुल्लू की तीर्थन और जीभी घाटी में क्रिसमस और नव वर्ष के उपलक्ष्य में खासी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। आगामी पर्यटन सीजन के दौरान बंजार उपमंडल में पर्यटकों की संभावित बढ़ती संख्या को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाए हैं। उपमंडलीय दंडाधिकारी बंजार पंकज शर्मा द्वारा जारी आदेश के अनुसार तहसीलदार बंजार व तहसीलदार सैंज को उनके अपने अपने क्षेत्रों में ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है और आगामी आदेशों तक प्रभावी रहेगी। ड्यूटी पर तैनात मजिस्ट्रेट पुलिस विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर यातायात प्रबंधन, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही सभी पुलिस अधिकारियों, फील्ड स्टाफ और संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे ड्यूटी पर तैनात मजिस्ट्रेटों को पूर्ण सहयोग प्रदान करें। प्रशासन का कहना है कि इस व्यवस्था का उद्देश्य पर्यटन सीजन के दौरान आम जनता और पर्यटकों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुगम वातावरण उपलब्ध कराना है।

# स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और मानसिक स्वास्थ्य पर रहा एनएसएस शिविर का जोर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जवाहर नवोदय विद्यालय, बंदरोल में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का सात दिवसीय विशेष शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। यह शिविर 22 दिसंबर से 28 दिसंबर तक आयोजित किया गया, जिसमें स्वयंसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर का समापन समारोह विद्यालय के प्राचार्य प्रताप ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजकुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर का शुभारंभ प्रथम दिन सेवानिवृत्त प्राचार्य फतेह सिंह नेगी द्वारा किया गया। उन्होंने स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यप्रणाली से अवगत करवाते हुए समाज व राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया। दूसरे दिन सुखराम सिंह (बैंक मैनेजर/सलाहकार), दीपांशु एवं शुसेन शर्मा ने बैंकिंग सेवाओं, शिक्षा ऋण तथा साइबर अपराधों से बचाव को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी। तीसरे दिन जिला समन्वयक एनएसएस बहादुर सिंह व मेहर चंद ने स्वयंसेवियों को सेवा भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण के उद्देश्यों पर प्रेरक सत्र दिया। चौथे दिन कार्तिक एवं भूपेंद्र सिंह द्वारा परेड अभ्यास कराया गया। इसके उपरांत संदीप शर्मा, कंज़र्वेटर ऑफ फॉरेस्ट एवं नवोदय विद्यालय पांडोह के पूर्व छात्र, ने पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता, जलवायु परिवर्तन तथा प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को सिविल सेवा संबंधी करियर काउंसलिंग भी प्रदान की।

पांचवें दिन स्वयंसेवियों ने गोद लिए गए गांव में जागरूकता रैली निकाली और व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया। मंदिर परिसर की विशेष सफाई की गई। बौद्धिक सत्र में सेवानिवृत्त प्राध्यापक शिव कुमार सूर्य ने साहित्यिक संगोष्ठी एवं मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा की। छठे दिन एनएसएस वाटिका और विद्यालय परिसर की सफाई की गई तथा वंदना बोध ने मानसिक स्वास्थ्य व सामाजिक मूल्यों पर व्याख्यान दिया। सातवें दिन प्राचार्य प्रताप ठाकुर ने सेवा भावना और नशामुक्त जीवन का संदेश दिया। उत्कृष्ट स्वयंसेवियों राहुल कुमार, अविनाश व करमा शेरिंग को सम्मानित किया गया। अंत में डॉ. राजकुमार शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# कांस्य पदक जीतने पर बास्केटबॉल संघ ने किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** जिला बास्केटबॉल संघ लाहौल-स्पीति ने इटली में आयोजित पहले फायरबॉल एक्सट्रीम चैलेंज विश्व कप में कांस्य पदक जीतकर भारत का मान बढ़ाने वाली भारतीय फायरबॉल टीम को भव्य सम्मान प्रदान किया। टीम में मनाली के युवा खिलाड़ी शिवेन, सागर, अर्शदीप और अनुज शामिल थे, जिन्होंने अपने डेब्यू वैश्विक आयोजन में अमेरिका, मैक्सिको, स्पेन, इटली, साइप्रस, युगांडा व कनाडा जैसी मजबूत टीमों को कड़ी टक्कर दी। इस सम्मान समारोह में संघ के महासचिव अंकुर राणा, चेयरमैन मदन बौद्ध सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। महासचिव राणा ने कहा, 'यह उपलब्धि खिलाड़ियों के समर्पण और टीमवर्क का प्रतीक है, जो पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित करती है।' चेयरमैन बौद्ध ने युवा एथलीटों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी वे बास्केटबॉल में जिले का नाम रोशन करते रहेंगे। यह सम्मान न केवल खिलाड़ियों की ऐतिहासिक सफलता का उत्सव है, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत भी बन गया है।

**बैठक** पेंशनभोगी संघ खंड बंजार की समीक्षा बैठक आयोजित

# वित्तीय देनदारियों का भुगतान करे सरकार

अनंत ज्ञान, बंजार

हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ खण्ड बंजार की समीक्षा बैठक रविवार को पंचायत भवन लारजी के सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। बैठक में ध्वनिमत से प्रस्ताव पारित कर पेंशनभोगी संघ खंड सैंज को बंजार खंड में शामिल (मर्ज) किया गया। बैठक में पेंशनर्स की लम्बित मांगों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस मौके पर संघ के प्रदेशाध्यक्ष एल0आर0 गुलशन ने कहा कि एक जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 तक सेवानिवृत्त पेंशनर्स के संशोधित वेतनमान का एरियर, संशोधित पेंशन की ग्रेच्युटी, 40 प्रतिशत पेंशन कम्युटेशन, लीव इनकैशमेंट, मेडिकल बिल, जुलाई 2023 से 13 प्रतिशत मंहगाई भत्ते की पांच किस्तें, जनवरी 2022 से करीब 115 महीनों के मंहगाई भत्ते के एरियर का एकमुश्त भुगतान करने की प्रदेश सरकार से मांग की गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने मंत्रियों और विधायकों के वेतन भत्तों में अप्रत्याशित वृद्धि की है जबकि पेंशनर्स और कर्मचारियों की करोड़ों रूपये की लम्बित वित्तीय देनदारियों को जानबूझ कर लटकाया जा रहा है।


बैठक के दौरान प्रदेश पेंशनभोगी संघ के पदाधिकारी व सदस्य।

इससे पेंशनरों और कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। संघ ने चेतावनी दी है कि अगर प्रदेश सरकार ने 31 दिसंबर तक पेंशनर्स की सभी वित्तीय देनदारियों का एकमुश्त भुगतान नहीं किया तो पेंशनर संघर्ष को और तेज़ करेंगे। इस दौरान पेंशनभोगी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, सब्जा चंद, एसपी सागर, प्रदेश उपाध्यक्ष (महिला विंग) मीना शर्मा, संगठन सचिव प्रवीण कहोल, तेजा सिंह, पेंशनभोगी संघ जिला मंडी के अध्यक्ष एवं खंड औट के अध्यक्ष शारदा नंद शर्मा, जिला कुल्लू पेंशनभोगी संघ के महासचिव खेमसिंह हांडा,शहरी कुल्लू इकाई के अध्यक्ष तेज सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष (महिला विंग) रेणुका शर्मा, बंजार खंड के अध्यक्ष नारायण सिंह चौहान, महासचिव शेर सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष हीरा लाल, ज्ञान चंद सहित अनेक पेंशनर मौजूद रहे।

# भुंतर- मणिकर्ण मार्ग पर रात 9 से सुबह 7 बजे तक ही चलेंगे भारी वाहन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** नए साल व पर्यटन सीजन के दृष्टिगत भुंतर-मणिकरण मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। आदेशानुसार भुंतर मणिकर्ण सड़क मार्ग पर वोल्वो बसों, डंपर और अन्य उच्च क्षमता वाले भारी वाहनों को केवल रात 9 से सुबह 7 बजे के बीच ही चलने की अनुमति होगी। जिला मजिस्ट्रेट कुल्लू, तोरुल एस रवीश ने आगामी नए साल और पीक पर्यटन सीजन के दौरान भुंतर-मणिकर्ण मार्ग पर सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जनहित व सुरक्षित यातायात प्रबंधन के लिए मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 के तहत विशेष आदेश जारी किए हैं। यह आदेश 27 दिसंबर से 5 जनवरी 2026 तक प्रभावी रहेंगे। इसके अलावा एंबुलेंस, दमकल वाहन, पुलिस वाहन और अन्य आवश्यक आपातकालीन सेवाओं से जुड़े वाहनों को इन प्रतिबंधों से पूरी तरह मुक्त रखा गया है। तैनात पुलिस कर्मियों को दोनों ओर से लगने वाले जाम को देखते हुए भारी वाहनों के टाइम स्लॉट को सिंक्रोनाइज करने के लिए अधिकृत किया गया है। साथ ही क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि वे पुलिस के साथ समन्वय कर ओवरचार्जिंग (अवैध वसूली) के मामलों पर निगरानी रखें।

## न्यूज ब्रीफ

### मेहनत व अनुशासन से मिलती है सफलता : यशपाल

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सेर तेंदुला में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिरमौर टाइल्स के ऑनर एवं समाजसेवी यश पाल शर्मा रहे, जबकि सुभद्रा अत्री विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा मुख्य अतिथि को लोइया टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्यतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत और अनुशासन से ही सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। इस दौरान शैक्षणिक, खेलकूद व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य चंद्रमणि भारद्वाज ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। भाजपा मंडल महामंत्री अरुण चौहान ने भी विद्यार्थियों को प्रेरक संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ, अभिभावक व बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### 30 दिसंबर को बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सोलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत 30 दिसंबर को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता सोलन हिमांशु मेहता ने दी। हिमांशु मेहता ने कहा कि 30 दिसंबर, 2025 को प्रातः 10 से सायं 5 बजे अंबुशा रिसोर्ट, शांडिल निवास से बाबा बालक नाथ मंदिर से पुराना पर्यटन कार्यालय व आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि खराब मौसम व किन्हीं अपरिहार्य कारणों से उपरोक्त समय व तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### छात्रों की प्रतिभा पहचानने के लिए ग्रुप की पहल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमालयन ग्रुप ऑफ प्रोफेशनल इंस्टीट्यूशंस ने हरियाणा राज्य के विभिन्न छात्रों और बुद्धि का पता लगाने के लिए एक छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया। इस परीक्षा में लगभग 2000 विद्यार्थियों ने भाग लिया और उन्हें अपनी योग्यता प्रदर्शित करने का मौका मिला। परीक्षा ने छात्रों को जीवन के सभी क्षेत्रों के संदर्भ में अपने ज्ञान का पता लगाने का मौका प्रदान किया। छात्रों और उनके शिक्षकों ने भी छात्रों के कल्याण के संबंध में संस्थान के प्रयासों के साथ-साथ ज्ञान के प्रसार के बारे में हिमालयन समूह के दृष्टिकोण की सराहना की। समूह के अध्यक्ष रजनीश बंसल, सीईओ मन्नत बंसल और अकादमिक निदेशक डॉ. जोगिंदर सिंह ने छात्रवृत्ति परीक्षा और परीक्षा के महत्व के बारे में अपने बहुमूल्य अनुभव साझा किए।

### उषा संग ऑटो ने बनकला स्कूल को दिए 20 डेस्क

**अनंत ज्ञान, नाहन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनकला में उषा संग ऑटो कॉम्पोनेंट्स के प्रबंध निदेशक राजीव वर्मा के द्वारा बच्चों के लिए 20 डेस्क दिए गए, ताकि वह बिना किसी कठिनाई के अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। राजीव वर्मा ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन की ओर से उन्हें जानकारी दी गई थी कि विद्यालय में बच्चों के बैठने के लिए डेस्क की आवश्यकता है। विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रीति तंवर ने आभार व धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा कि राजीव वर्मा इसी विद्यालय से निकले हुए स्कूल के मोती हैं और विद्यालय के लिए हमेशा इनका योगदान प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रहता है इस मौके पर विद्यालय उपप्रधानाचार्य नवनीत वर्मा, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ऋषि पाल शर्मा कार्यालय अधीक्षक मैडम सूरतों तोमर, अमित, शशि व विद्यालय का समस्त स्टाफ भी मौजूद रहा।

### विशेषज्ञों ने बच्चों के समग्र विकास पर दिया मार्गदर्शन

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** बाल विकास परियोजना कंडाघाट के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का पोषण अभियान के तहत प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण का उद्देश्य 'पोषण भी पढ़ाई भी' रहा। इसमें बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं कोर्स निदेशक डॉ. आभा पवार, वृत्त पर्यवेक्षका सरोज शर्मा, सुषमा शांडिल, शकुंतला देवी, वंदना शर्मा इस प्रशिक्षण में स्त्रोत व्यक्ति बतौर उपस्थित रहे। प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को बच्चों के शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक विकास के लिए पोषण और शिक्षा दोनों की आवश्यकता बारे बताया। आंगनबाड़ी की दैनिक गतिविधियों को पोषण और शिक्षा दोनों के साथ किस प्रकार जोड़ा जाए इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। इसके व्यवहारिक तरीकों पर चर्चा की गई। शून्य से तीन साल के बच्चों के लिए माता-शिशु संवाद, खेल, बातचीत व प्रोत्साहन के महत्व पर प्रकाश डाला गया। प्रतिभागियों को घरों का भ्रमण करवाया गया और माताओं को मार्गदर्शन देने की भूमिका पर चर्चा की गई।

### नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम पेश किया

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** हनुमान बड़ोग स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर उप महाधिवक्ता हिमाचल प्रदेश हेमंत वर्मा मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना और वंदे मातरम् से हुई। छात्रा चेतना एवं सहेलियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। विद्यालय की स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हेम चंद शर्मा और अन्य सदस्यों ने मुख्य अतिथि को शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया। मुख्याध्यापक पी.सी. बट्टू ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बोर्ड परीक्षा और अन्य गतिविधियों में विद्यार्थियों की उपलब्धियों का विवरण दिया। दसवीं कक्षा में 14 विद्यार्थियों में से 10 विद्यार्थियों ने मेरिट प्रमाण पत्र प्राप्त किए। खेलकूद और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि हेमंत वर्मा ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी और नशे से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने विद्यालय कार्यक्रम के लिए 8,100 रुपए और बच्चों की मिठाई के लिए 1,100 रुपए भी भेंट किए। कार्यक्रम में शिक्षकगण, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और पारंपरिक नाटी नृत्य ने समारोह को और रंगारंग बनाया।

# सपरून में अधूरा फुटपाथ अब होगा पूरा

## नगर निगम ने ठेकेदार को जारी किया नोटिस, 18 लाख खर्च के बाद भी कार्य अधर में

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**सोलन।** सपरून में बंद पड़े अधूरे फुटपाथ निर्माण की उम्मीद जगी है। नगर निगम ने ठेकेदार को नोटिस जारी कर कारण पूछा है। जानकारी के मुताबिक फुटपाथ निर्माण में डेवियशन के चलते इसकी लागत बढ़ गई है। इसके चलते ठेकेदार ने काम रोक रखा है। साथ ही निगम से बढ़ी हुई लागत का भुगतान करने की मांग की है। शुरू में फुटपाथ निर्माण के लिए 18 लाख के टेंडर हुए थे। डेवियशन बढ़ने से इतनी राशि में काम पूरा नहीं होगा।

निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि कुछ डेवियशन नियमों के दायरे में आती है, तो उस पर जनहित में विचार किया जाएगा। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि जल्द फुटपाथ का कार्य शुरू होगा। लोगों को उम्मीद थी की यह फुटपाथ समय रहते पूरा हो जाएगा। पर योजना की मंजूरी से अब तक एक वर्ष बीत जाने के बावजूद निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ। ऐसे में नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बता दें कि निर्माण कार्य अधर में होने के बावजूद इससे पुराने रास्ते से जोड़ दिया था। ऐसे में राहगीर रास्ता समझकर निर्माणाधीन रास्ते में निकल पड़ते थे पुलिया के लिए लगाए लोहे के एंगल को लांघ कर जोखिम उठाते थे।स्थानीय लोगों ने दुर्घटना के डर से इस मामले को उजागर किया था। यक्ष प्रश्न खड़ा हो रहा है कि टेंडर के मुताबिक फुटपाथ निर्माण पर करीब 18 लाख खर्च होने के बावजूद यह कार्य अधर में है।



सपरून में अधूरा पड़ा फुटपाथ का निर्माण।

### वाहनों के रश के बीच चलने को मजबूर

**स्थानीय** वार्ड 13 और 14 के वासियों को उम्मीद थी कि दिवाली तक यह कार्य पूरा हो जाएगा पर ऐसा संभव नहीं हुआ। फुटपाथ की कमी से लोगों को जान जोखिम में डालकर वाहनों के रश के बीच चलने को मजबूर होना पड़ता है। कार्य में देरी का मुख्य कारण बजट बताया जा रहा है। बता दें कि सपरून में वार्ड 14 के पार्षद व पूर्व डिप्टी मेयर राजीव कौड़ा प्रयासों से पार्किंग, फुटपाथ और वाटर स्टोरेज टैंक का निर्माण किया जा रहा है। इन कार्यों में 50 लाख से अधिक राशि खर्च होगा। यदि समय रहते सपरून में फुटपाथ बने तो शहर के चार वार्डों के लोगों को सुविधा मिलेगी। वार्ड-14 की हाउसिंग कॉलोनी, कमल ऑर्चर्ड सोसाइटी, वार्ड-13 का क्लीन, सपरून पंचायत, वार्ड -16 का रबोन, आंजी, तथा वार्ड -1 का देउंघाट सहित बाहर से आने वाले यात्रियों की आवाजाही सुगम होगी। इसी मार्ग से रोज उप नगरों और आसपास के गांव से सैंकड़ों की संख्या में लोग सोलन शहर पहुंचते हैं।

### 2 मंत्रियों की मौजूदगी में हुआ था शिलान्यास

ज्ञात रहे कि 19 जनवरी 2025 स्थानीय विधायक व मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और लोक निर्माण और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने 30 लाख रुपए से निर्मित किए जाने वाले बाईपास सपरून पर शहीद स्मारक पार्क, 20 लाख रुपए से निर्मित किए जाने वाले बाईपास सपरून फुटपाथ के निर्माण कार्य और 8.08 लाख रुपए से लगभग बाई पास सपरुन में पार्किंग के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी थी। तब दोनों मंत्रियों ने इस कार्य को समय सीमा पर पूरा करने के निर्देश दिए थे। पर शिलान्यास के 11 महीने बीत जाने इतना समय बीत जाने पर भी नगर निगम इन कार्यों को पूरा नहीं कर पाया है।



सपरून में फुटपाथ निर्माण के लिए 18 लाख रूपए का टेंडर हुआ। काम रूकने के बाद फुटपाथ राहगीरों के लिए खतरा बन गया था। जिसे फिलहाल बंद कर दिया है। ठेकेदार को नोटिस भेज जवाब मांगा गया है। जिसमें डेवियशन के चलते लागत बढ़ने की बात सामने आ रही है। इसे बातचीत से हल किया जाएगा।
**एकता कापटा, आयुक्त, नगर निगम सोलन।**

# रोजगारोन्मुखी शिक्षा पर सरकार का जोर: अवस्थी

अनंत ज्ञान, अर्की

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कृति व परंपराओं का ज्ञान छात्रों को एक आदर्श नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण है। संजय अवस्थी अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भूमती की राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला व सहित कलस्टर के 10 विद्यालयों के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

संजय अवस्थी ने इससे पूर्व राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भूमती में 15 लाख रुपए से निर्मित होने वाले बहुउद्देशीय मंच की आधारशिला रखी तथा 2 लाख रुपए की लागत से निर्मित पुस्तकालय के कमरे का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि छात्रों को उत्तरदायी नागरिक बनाने में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान होता है। शिक्षा के साथ देश व प्रदेश की समृद्ध संस्कृति व परंपराओं का समावेश करना भी आवश्यक है। इससे जहां छात्रों का सर्वांगीण विकास होगा वहीं उनके व्यक्तित्व में संवेदनशीलता भी आती है। संजय अवस्थी ने कहा कि छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने के लिए शिक्षा में आधुनिक तकनीक को जोड़ना भी आवश्यक है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रदेश सरकार द्वारा रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम जैसे कृत्रिम मेधा, कौशल विकास व मशीन लर्निंग को अधिमान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में इस वित्त वर्ष में 9849 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे है। संजय अवस्थी ने इस अवसर पर विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि मेधावी छात्रों से प्रेरणा लेकर भविष्य में आगे बढ़ने का निरंतर प्रयास करते रहे। विधायक ने राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भूमती में हॉल निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रुपए, ग्राम सुधार सभा जमरोटी के भवन की मरम्मत के लिए 50 हजार रुपए व कमरे के निर्माण कार्य के लिए 1 लाख रुपए, भूमती में बहुउद्देशीय खेल मैदान निर्माण के लिए 2 लाख रुपए, मोक्षधाम चुनारनाला के निर्माण के लिए 1.50 लाख रुपए देने की घोषणा की।

# खली ने लगाए जमीन खरीद-फरोख्त में अनियमितताओं के आरोप

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान

**नाहन।** सिरमौर जिला के पांवटा साहिब में विश्व प्रसिद्ध रेसलर द ग्रेट खली ने एक बार फिर राजस्व अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। जमीन की निशानदेही को लेकर द ग्रेट खली और स्थानीय तहसीलदार के बीच उपजा विवाद लगातार गहराता जा रहा है। खली ने न केवल अपने साथ हुए कथित अन्याय को उजागर किया, बल्कि पांवटा साहिब के कुछ अन्य लोग भी मीडिया के सामने आए और जमीन की खरीद-फरोख्त में गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए।

मीडिया से बातचीत में द ग्रेट खली ने कहा कि उन्होंने पांवटा साहिब में वैध रूप से जमीन खरीदी है, जिसके रजिस्ट्री और इंतकाल सहित सभी जरूरी दस्तावेज उनके पास मौजूद हैं। इसके बावजूद संबंधित तहसीलदार उनकी जमीन को किसी अन्य व्यक्ति की बता रहा है। खली ने कहा कि उन्होंने यह जमीन अपनी खून-पसीने की कमाई से खरीदी है और इस मामले में उनके साथ अन्याय किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जमीन विवाद केवल उनके साथ ही नहीं, बल्कि अन्य लोगों के साथ भी धोखाधड़ी की गई है। द ग्रेट खली ने यह भी कहा कि पांवटा साहिब जैसी पवित्र नगरी में यदि कोई अधिकारी भ्रष्टाचार और लोगों के शोषण में लिप्त है, तो यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने दावा किया कि जमीन की निशानदेही के दौरान नियमों और प्रक्रियाओं की अनदेखी की गई। इस दौरान खली ने कुछ अन्य पीड़ित लोगों को भी मीडिया के सामने पेश किया, जिन्होंने तहसीलदार पर मनमाने ढंग से कार्य करने और जमीन सौदों में अनियमितता के आरोप लगाए। मामले की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त सिरमौर ने इस पूरे प्रकरण की जांच एसडीएम पांवटा साहिब को सौंपी है। एसडीएम गुंजित सिंह चीमा ने बताया कि जांच पूरी तरह निष्पक्ष ढंग से की जा रही है। इसके लिए एक विशेष कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें पांवटा साहिब तहसील कार्यालय से कोई भी कर्मचारी शामिल नहीं है। जांच टीम में सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार, कानूनगो तथा दूसरे सर्किल से कानूनगो और पटवारी को शामिल किया गया है। एसडीएम ने बताया कि आठ दिसंबर को खली की शिकायत के मामले में सभी पक्षों को पहला नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद 15 दिसंबर को खली के भाई यशपाल राणा कार्यालय पहुंचे और दस्तावेज एकत्र करने के लिए 15 दिन का समय मांगा, जिसे स्वीकार करते हुए 30 दिसंबर तक का समय दिया गया है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों से दस्तावेज प्राप्त होने के बाद निष्पक्ष जांच की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर समय बढ़ाने पर भी विचार किया जा सकता है।



# स्कूल प्रवक्ता संघ ने भविष्य की चुनौतियों पर किया मंथन



बैठक में शामिल हुए हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ के सदस्य।

अनंत ज्ञान, सोलन

हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला सोलन कार्यकारिणी की पहली बड़ी बैठक राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मपुर जिला सोलन में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रवक्ता संघ जिला सोलन के प्रधान जय लाल जलपाइक ने की।

इसमें 35 प्रवक्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान प्रवक्ता संघ जिला सोलन की तरफ से किए गए कार्यों को सदन के समक्ष प्रमुखता से रखा जिसे सभी ने सराहा। प्रधान ने सभी को विश्वास दिलाया कि भविष्य में प्रवक्ता संघ के समक्ष उत्पन्न होने वाली है चुनौतियों का डटकर मुकाबला किया जाएगा। इसमें मुख्यत: सीबीएसई का मुद्दा, प्रवक्ताओं का अलग कैडर बनाना, छठी से दसवीं पढ़ाने बारे, ट्रेनी टीचर भर्ती, प्रधानाचार्य की पदोन्नति को 50 से बढ़ाकर 90 करना, डीए एरियर और पे एरियर को जल्द जारी करना, बोर्ड रेम्युनेरेशन को जल्द जारी करने जैसे ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की गई। महासचिव ने कहा कि बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि जो प्रवक्ता अभी तक संघ से नहीं जुड़ें हैं, उनके लिए विशेष सदस्यता अभियान यूनिट स्तर पर शुरू किया जाए।

# एमसी पार्किंग में चिट्टे का सेवन करते महिला व पुरुष धरे

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पुलिस ने मिली गुप्त सूचना के आधार पर पांवटा साहिब की एमसी पार्किंग के बेसमेंट में चिट्टे का सेवन कर रही एक विवाहित महिला व एक व्यक्ति को अचानक दबिश देकर धर-दबोचा। आरोपियों के कब्जे 6.56 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पांवटा पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस एक्ट में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। अदालत ने दोनों आरोपियों को 30 दिसंबर तक पुलिस रिमांड में रखने के आदेश दिए हैं। जिले के एसपी एनएस नेगी ने बताया कि पांवटा साहिब की टीम को गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली कि एक महिला, जिसका नाम रेखा पत्नी साहिल निवासी वाल्मीकि बस्ती पांवटा साहिब व एक व्यक्ति जिसका नाम अमन पुत्र विजय कुमार निवासी वार्ड-7 बाल्मिकी बस्ती पांवटा साहिब जिला सिरमौर, पांवटा साहिब में एमसी पार्किंग की बेसमेंट मे स्मैक सेवन कर रहे हैं।

# केंद्र से प्रदेश को मिली 601.92 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता पर सुक्खू सरकार मौन: अभिषेक

अनंत ज्ञान, सोलन

भाजपा सोलन जिला प्रवक्ता अभिषेक ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार की वर्तमान हालात पर छोटे दिल से कोई बड़ा नहीं होता और टूटे दिल से कोई खड़ा नहीं होता ये लाइनें सटीक बैठती हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले लंबे समय से प्रदेश सरकार केंद्र सरकार पर आर्थिक मदद न देने का आरोप लगा रही है और जब अब केंद्र सरकार ने आपदा प्रभावित क्षेत्र के लिए करोड़ों रुपए की मदद की है, तो हिमाचल सरकार की तरफ से किसी प्रकार का कोई धन्यवाद या आभार अभी तक केंद्र सरकार का व्यक्त नहीं किया गया है। इससे प्रदेश सरकार की मानसिकता का भी पता चलता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आपदा राहत के लिए पीएनडीए के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश को 601.92 करोड़ की महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान किए जाने पर प्रदेश की जनता की ओर से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया जाता है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित हिमाचल प्रदेश के लिए यह सहायता केवल आर्थिक मदद नहीं, बल्कि केंद्र सरकार की संवेदनशीलता, प्रतिबद्धता और मजबूत नेतृत्व का प्रमाण है, जब प्रदेश आपदा के कठिन दौर से गुजर रहा है, ऐसे समय में मोदी सरकार का यह सहयोग प्रभावित परिवारों के लिए बड़ी राहत और संबल है। उन्होंने कहा कि एक ओर केंद्र की मोदी सरकार बिना भेदभाव के प्रदेश के साथ मजबूती से खड़ी है। वहीं, दूसरी ओर प्रदेश की कांग्रेस सरकार आपदा प्रबंधन, राहत व पुनर्वास को लेकर पूरी तरह विफल साबित हुई है। राज्य सरकार की निष्क्रियता के बीच केंद्र से मिली यह सहायता प्रदेशवासियों के लिए जीवनरेखा के समान है।



# जिप वार्ड संगड़ाह फिर आरक्षित हुआ, तो खटखटाएंगे होईकोर्ट का दरवाजा : प्रताप रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने कहा जिला परिषद वार्ड संगड़ाह पिछले कई सालों से आरक्षित है। इतना ही नहीं रेणुका विधानसभा सीट भी कई सालों से आरक्षित है। इसके कारण अन्य वर्ग के लोग चुनाव लड़ने से वंचित रह जाते हैं, जबकि चुनाव लड़ना सबका अधिकार है। यदि इस बार भी जिला परिषद वार्ड संगड़ाह ओपन नहीं आया, तो फिर लोग इसको लेकर उच्च न्यायालय शिमला जाकर जनहित याचिका दायर करेंगे, क्योंकि चुनाव लड़ने से कोई भी वर्ग वंचित नहीं रहना चाहिए। प्रदेश सरकार को रोस्टर प्रणाली समय पर बदलनी चाहिए, ताकि सभी वर्ग के लोगों को चुनाव लड़ने का मौका मिले। जिला परिषद वार्ड संगड़ाह लगातार कई बार विभिन्न वर्गों के लिए आरक्षित हो चुका है, लेकिन यह वार्ड आज तक कभी भी पुरुष के लिए ओपन नहीं हुआ है। इस कारण इस वार्ड के पुरुष आज तक जिला परिषद चुनाव लड़ने से वंचित हैं।

## मंजयाट में लक्ष्य बीएड कॉलेज में फ्रेशर पार्टी 'संगम' का भव्य आयोजन

# हितेश मिस्टर और कविता बनी मिस फ्रेशर

कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान

**अर्की।** लक्ष्य बीएड कॉलेज मंजयाट में नवागत प्रशिक्षुओं के स्वागत के लिए फ्रेशर पार्टी 'संगम' का भव्य एवं रंगारंग आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित, पूर्व प्रधानाचार्य और विख्यात हिंदी साहित्यकार डॉ. हेमराज कौशिक मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कॉलेज परिसर में उनके आगमन पर लक्ष्य शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष डॉ. प्रेम गुप्ता और निदेशक आकाश गुप्ता ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इसके उपरांत डॉ. हेमराज कौशिक ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। मुख्यातिथि ने नवागत प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण केवल डिग्री प्राप्त करने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह समाज निर्माण की जिम्मेदारी भी है। उन्होंने प्रशिक्षुओं से अनुशासन, निरंतर अध्ययन और नवाचार को अपनाने का आह्वान किया और कहा कि आधुनिक शिक्षक को तकनीक और संवेदनशीलता में संतुलन बनाए रखना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रधानाचार्या डॉ. विभा सिंह ने कहा कि 'संगम' कार्यक्रम का उद्देश्य नए और पुराने प्रशिक्षुओं के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाना है और उन्हें संस्थान की शैक्षणिक परंपराओं से अवगत कराना है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रशिक्षुओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे। विद्यार्थियों ने समूह नृत्य, लोकनृत्य, एकल गीत, कवितापाठ और लघु नाटिका के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। हिमाचली संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियों को अतिथियों ने विशेष सराहना दी।

इस अवसर पर हितेश को मिस्टर फ्रेशर और कविता को मिस फ्रेशर, जबकि मनन और अर्चना को मिस्टर-पर्सनेलिटी और मिस-पर्सनेलिटी के खिताब से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रशिक्षु और शिक्षक उपस्थित रहे।



फ्रेशर पार्टी 'संगम' के दौरान छात्र सामूहिक चित्र में।

# एक प्रयास ट्रस्ट के लगाए गए रक्तदान शिविर में 40 ने दिया महादान का संदेश



एक प्रयास संस्था की ओर से आयोजित शिविर में रक्तदान करते स्वयंसेवक।

अनंत ज्ञान, बद्दी

निकटवर्ती हिल व्यू अपार्टमेंट झाड़माजरी में सुप्रसिद्ध सामाजिक संस्था एक प्रयास ट्रस्ट द्वारा लगाए गए रक्तदान शिविर में 40 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में पाइन ट्री कंपनी के अमरजीत ने 97वीं बार, सुरेंद्र कुमार ने 56वीं रक्तदान किया।

शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि पूर्व विधायक परमजीत सिंह ने किया। एक प्रयास संस्था के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविर लगाने के लिए अन्य संस्थाओं को आगे आना चाहिए, ताकि क्षेत्र में रक्त की कमी न हो और जरूरतमंद को समय पर रक्त मिल सके। शिविर में रोटरी एंड ब्लड बैंक सोसाइटी रिसोर्स सेंटर सेक्टर-37 चंडीगढ़ की टीम ने डॉ. रोहली अग्रवाल के नेतृत्व में रक्त एकत्रित किया। डॉ. रोहली अग्रवाल ने उपस्थित लोगों को रक्त के प्रति जागरूक किया। एक प्रयास संस्था के अध्यक्ष नवीन शर्मा ने बताया कि संस्था ने यह दूसरा शिविर लगाया है। इसके अलावा अन्य सामाजिक कार्यों में संस्था ने शिक्षा, प्राकृतिक आपदा जैसी घटनाओं में जरूरतमंदों की सहायता की है। शिविर में चालीस बार से अधिक रक्तदान करने वालों को ट्रस्ट ने सम्मानित किया। शिविर में मुख्यातिथि पूर्व विधायक परमजीत सिंह के साथ कैंप मोटिवेटर बलबीर सिंह, हिल व्यू रसीडेंट वेलफेयर सोसायटी के प्रधान वासु जंवाल, पाइन ट्री के महाप्रबंधक राजेश शर्मा, भाजपा प्रधान मान सिंह मेहता, नगर निकाय के जिला संयोजक लोकेश दत्ता, गुरदेव संडोली, राज संधू, दीपू पंडित, कपिल भाटी, अमरजीत सिंह, यादवेंद्र बंटी, मनीष, अर्जुन, गोवर्धन, सुरिंदर, अमित सांगवान, अंकित, प्रकाश गुप्ता, सतपाल आदि मौजूद रहे।

## आयोजन: बद्दी में शिव नुआला और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ आयोजित

# प्राचीन संस्कृति को संरक्षित रखना सभी का कर्तव्य: पठानिया

अनंत ज्ञान, बद्दी

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि प्राचीन संस्कृति को संरक्षित रखना हम सभी का कर्तव्य है। कुलदीप सिंह पठानिया गत रात्रि सोलन जिले के बद्दी में जय मणिमहेश सेवा दल बद्दी द्वारा आयोजित शिव नुआला और सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर विधिवत शिव नुआला आरम्भ किया। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि ऐसे धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम जहां युवाओं को हमारी संस्कृति से रू-ब-रू करवाते हैं वहीं सभी को संरक्षित रखने के लिए प्रेरित भी करते हैं। उन्होंने ऐसे कार्यक्रमों को बड़े स्तर पर आयोजित करने के लिए उपस्थित जनसमूह को प्रोत्साहित भी किया। उन्होंने कहा कि शिव नुआला हिमाचल प्रदेश के गद्दी समुदाय की एक प्राचीन और अनूठी धार्मिक परंपरा है जो आध्यात्मिकता और समृद्ध संस्कृति को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जय मणिमेहश सेवा दल बद्दी द्वारा शिव नुआला का आयोजन पर्यटकों को आकर्षित करने में अहम भूमिका अदा कर रहा है। उन्होंने कहा कि शिव नुआला का प्रसारण देश-विदेश में किया जा रहा हैं, जिससे धार्मिक पर्यटन को बढ़वा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि शिव नुआला के प्रसारण को बाहरी क्षेत्रों में रह रहे प्रदेश के लोग भी देख कर अपनी संस्कृति से जुड़ रहे हैं। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम लोगों को आपस में जोड़ते हैं, आध्यात्मिक शांति देते हैं व नई पीढ़ी को संस्कार सिखाते हैं। इन कार्यक्रमों से सामाजिक सौहार्द और भाईचारा बढ़ता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों में सभी को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए क्योंकि यह हमारी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का सशक्त माध्यम हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने आयोजन समिति को 1.51 लाख रुपए देने की घोषणा की।

हिमाचल प्रदेश सरकार के उप मुख्य सचेतक एवं शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक केवल सिंह पठानिया ने आयोजन समिति को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं आरम्भ की है, जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है। दून के विधायक राम कुमार चौधरी ने शिव नुआला कार्यक्रम की लोगों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में जिला चंबा, कांगड़ा व अन्य जिले के लोग अहम योगदान दे रहे हैं। उन्होंने आयोजन समिति को अपने ऐच्छिक निधि से 51 हजार रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर अजय शर्मा द्वारा शिव नुआला की स्तुति की गई तथा ईशांत भारद्वाज, कमल नहरीया, अनुरागनी ठाकुर तथा अन्य कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। नगर परिषद बद्दी के पूर्व अध्यक्ष मदन लाल, कांग्रेस नेता कुल्तार सिंह ठाकुर, पुलिस अधीक्षक बद्दी विनोद धीमान, उपमण्डलाधिकारी बद्दी संजीव धीमान, जय मणिमहेश सेवा दल बद्दी के बलदेव सिंह, राजेन्द्र चौहान, नागेश, बुद्धी प्रकाश, राकेश भारद्वाज, संजय परिहार, रवि कपूर, संजय भारद्वाज व अन्य सदस्य सहित जिला चंबा व कांगड़ा के निवासी इस अवसर पर उपस्थित थे।



कार्यक्रम में पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया व अन्य।

# इंटर स्कूल प्रतियोगिता के वॉलीबाल अंडर-14 में जेठना स्कूल विजय



विजेता टीम को सम्मानित करते सांसद सुरेश कश्यप।

प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान

**कंडाघाट।** कंडाघाट उपमंडल के चायल में श्रीजी परिवार की दो दिवसीय इंटर स्कूल प्रतियोगिताएं संपन्न हुई।

समापन समारोह में शिमला लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। श्रीजी परिवार के श्रीहित परिवार के अभय शर्मा ने ट्रस्ट की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि सेवा की विरासत के एक वर्ष के उपलक्ष्य में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 15 स्कूलों के 300 स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। इसमें ड्राइंग, डिबेट, क्विज, वॉलीबाल अंडर-14, अंडर-19 प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। सांसद ने अपने संबोधन में ट्रस्ट के माध्यम से किए जा रहे सामाजिक कल्याण के कार्यों की सराहना की। उन्होंने समाज फैल रही नशे की प्रवृति पर चिंता जताई। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर खेल और अन्य प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने का आह्वान किया। वॉलीबाल प्रतियोगिता अंडर 14 में जेठना स्कूल को विजेता, स्नेक रेप्टर क्लब चायल उपविजेता, डिबेट प्रतियोगिता में, छात्राओं में संजौली की टीम विजेता और शुलिनी क्लब सोलन की टीम उपविजेता रही, ड्राइंग प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग तेजस्वनी, भानवी, रितिका और सीनियर वर्ग में वंशिका, नव्या, शिवानी प्रथम द्वितीय और तृतीय रही।

# किसान, मजदूर, वंचितों की लड़ाई लड़ेगी कांग्रेस : नरेंद्र

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की स्थापना से लेकर आज तक उसका मूल मंत्र किसानों, मजदूरों, युवाओं तथा वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा करना रहा है।

वर्तमान में देश और प्रदेश में लोकतंत्र, संविधान तथा संवैधानिक संस्थाओं पर सुनियोजित आघात किए जा रहे हैं, जिन्हें कांग्रेस पार्टी किसी भी हाल में सहन नहीं करेगी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस के अवसर पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राव नरेंद्र सिंह ने पार्टी ध्वज फहराया और उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों के कारण बेरोजगारी, महंगाई और सामाजिक असमानता अपने चरम पर पहुंच गई है, जबकि हरियाणा का युवा रोजगार की तलाश में भटकने को मजबूर है। भाजपा ने तानाशाही के कारण कांग्रेस द्वारा शुरू की गई मनरेगा योजना को लगभग समाप्त कर दिया गया है, जो मजदूरों, वंचितों और भूमिहीन किसानों के अस्तित्व पर सीधा प्रहार है। इसके अलावा नौकरी भर्ती घोटाले, भूमि घोटाले, अवैध खनन, आदिवासी भूमि का भूमाफियाओं को हस्तांतरण तथा अन्यायपूर्ण कार्यों की लंबी फेहरिस्त गिनाते हुए उन्होंने कहा कि जनता अब इनका हिसाब जरूर लेगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि पार्टी सड़क से सदन तक जनता की आवाज बनकर भाजपा सरकार की नाकामियों को बेनकाब करती रहेगी। स्थापना दिवस के इस अवसर पर नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने संविधान, लोकतंत्र तथा सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए संघर्ष को और तेज करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने संगठन को और मजबूत बनाने तथा आगामी चुनौतियों का सामना करने के लिए पूर्ण शक्ति से जुटने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष संजय चौहान, पूर्व विधायक प्रदीप चौधरी, जसवीर मालौर एवं लहरी सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी संजीव भारद्वाज, महिला कांग्रेस अध्यक्षा सुधा भारद्वाज, पूनम चौहान सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पूरी दुनिया की नजर है भारत पर : सैनी

## सीएम ने पिपली अनाज मंडी धर्मशाला में मन की बात कार्यक्रम के 129वें एपिसोड को सुना



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विकसित भारत 2047 के विजन अनुरूप और तरक्की की राह पर तेजी से आगे बढ़ता देखकर पूरी दुनिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नए विजन को एक नई उम्मीद और आशा के साथ देख रही है।

विज्ञान के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियों, नए-नए आविष्कारों से दुनियाभर के देश प्रभावित हैं। आज देश की युवा पीढ़ी में नया करने का जुनून स्पष्ट नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को पिपली अनाज मंडी स्थित धर्मशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 129वें एपिसोड को सुन रहे थे। मन की बात कार्यक्रम में पहुंचने से पहले मुख्यमंत्री ने मौके पर पहुंचे लोगों की समस्याओं को सुना और उन्हें अधिकारियों के पास भेजकर समाधान करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी दिन यंग लीडर डायलॉग कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में देश के युवाओं द्वारा इनोवेशन, फिटनेस, स्टार्टअप व एग्रीकल्चर जैसे विषयों पर आइडिया शेयर किए जाएंगे, जो देश को विकसित बनाने में मदद करेंगे। कार्यक्रम में युवाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों को प्रेरणा देने के लिए देश के अलग-अलग कोने में समाजहित व देशहित में काम करने वाले लोगों की जानकारी सांझा करते हैं, जिससे अन्य नागरिक प्रेरणा पाते हैं और आगे बढ़ने के प्रयास करते हैं।

इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं में काम करने का जज्बा पैदा करते हैं। अब तक हुए मन की बात कार्यक्रम से सैकड़ों युवाओं ने अपना कार्य शुरू किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने वर्षभर में हुई उपलब्धियों से देशवासियों को भी अवगत करवाया। इसके साथ ही जम्मू कश्मीर में बुद्ध स्तूप की आकृति मिलने पर आर्केलॉजी विभाग द्वारा किए गए सराहनीय कार्य की तारीफ की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य के प्रत्येक कोने का समान रूप से विकास करवा रही है ताकि नागरिकों को सभी सुविधाएं सहज उपलब्ध हो सकें। मुख्यमंत्री ने देश व प्रदेशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं भी दी। इस मौके पर हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी प्रधान जगदीश सिंह झींडा, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, भाजपा जिला अध्यक्ष तिजेंद्र सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# एक से अधिक अपराध वाले आरोपियों की निगरानी को बनेंगी टीमें : डीजीपी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह ने राज्य के सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं कि जिन अपराधियों पर अनेक आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह जमानत पर बाहर हैं, उनकी सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए। यदि किसी आरोपी के दोबारा अपराध में लिप्त होने की आशंका हो तो उसकी जमानत निरस्त कराने की ठोस कार्रवाई की जाए।

डीजीपी ने रविवार को प्रदेश के सभी पुलिस अधिकारियों की बैठक में वर्ष 2025 में हुई अपराधिक घटनाओं, घटनाओं की नई प्रवृत्ति पर चर्चा की और वर्ष 2026 में घटनाओं से निपटने की रणनीति पर रोडमैप दिया। बैठक में एडीजीपी, आईजी, पुलिस आयुक्त, डीआईजी तथा अन्य सभी भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी उपस्थित रहे। डीजीपी ने कहा कि एनडीपीएस मामलों में संलिप्त अपराधियों की विस्तृत हिस्ट्रीशीट तैयार की जाए। उनकी अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों को फ्रीज करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि अपराधियों में भय बना रहे। साथ ही नशा मुक्ति केंद्रों में चल रहे उपचार की नियमित समीक्षा कर यह जानकारी ली जाए कि कितने लोग सफलतापूर्वक नशे से बाहर आए हैं। डीजीपी ने कहा कि अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास बनाए रखने के लिए ऑपरेशन ट्रैक डाउन व हॉटस्पॉट डोमिनेशन जैसे अभियानों को निरंतर और प्रभावी रूप से जारी रखा जाए। जो फरार हैं उन्हें जेल की सलाखों के पीछे धकेला जाना चाहिए। बैठक में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि पुलिस ऐसे असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखे जो बच्चों और युवाओं को नशा, जुआ, अवैध गतिविधियों या आपराधिक रास्ते पर ले जाने का प्रयास करते हैं। डीजीपी ने निर्देश दिए कि साइबर यूनिट द्वारा किए जा रहे प्रभावी कार्यों की तर्ज पर जिला पुलिस स्तर पर भी साइबर अपराध नियंत्रण को और मजबूत किया जाए, ताकि आम नागरिकों को त्वरित राहत मिल सके और डिजिटल अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

**ऑपरेशन ट्रैक डाउन और हॉटस्पॉट डोमिनेशन अभियानों को निरंतर रखा जाए जारी**

# अयोध्या व प्रयागराज में पवित्र स्थलों के किए दर्शन



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हिमाचल महासभा द्वारा आयोजित पावन तीर्थ यात्रा का शुभारंभ 22 दिसंबर को विधिवत रूप से किया गया।

इस अवसर पर परशुराम सभा, चंडीगढ़ के अध्यक्ष वीपी तिवारी तथा हिंदू पर्व महासभा के अध्यक्ष वीपी अरोड़ा ने श्रद्धालुओं को झंडी दिखाकर यात्रा के लिए रवाना किया। यात्रा के दूसरे दिन श्रद्धालु अयोध्या धाम पहुंचे, जहां पवित्र सरयू नदी में स्नान कर भगवान श्रीराम के दर्शन किए गए।

इसके उपरांत यात्रा प्रयागराज के लिए प्रस्थान कर गई, जहां त्रिवेणी संगम में विधिपूर्वक स्नान किया गया तथा श्री हनुमान जी के मंदिर में दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया गया। प्रयागराज से आगे यात्रा चित्रकूट धाम पहुंची, जहां भगवान श्रीराम के वनवास काल से जुड़े पवित्र स्थलों के दर्शन किए गए। चित्रकूट वह पावन भूमि है, जहां भगवान श्रीराम ने अपने वनवास के दौरान विश्राम किया था।इसके पश्चात यात्रा गोकुल पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने पवित्र कुंड में स्नान किया। गोकुल दर्शन के उपरांत यात्रा अपने आगामी निर्धारित गंतव्यों की ओर प्रस्थान करेगी।हिमाचल महासभा द्वारा आयोजित यह तीर्थ यात्रा श्रद्धा, आस्था एवं सनातन संस्कृति के संरक्षण और प्रचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

# ब्यूटी पार्लर हत्याकांड में पुलिस ने किया क्राइम सीन री-क्रिएट

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

**भाई ने की थी बहन की चाकू से गला रेत कर हत्या, पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी**

माता दरवाजा स्थित ब्यूटी पार्लर संचालिका माया हत्याकांड में पुलिस ने रविवार को आरोपी के साथ मिलकर घटनास्थल का क्राइम सीन री-क्रिएट किया।

पुलिस ने आरोपी से वारदात में प्रयुक्त चाकू, बाइक व खून से सने कपड़े भी बरामद किए हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। दरअसल कबीर कॉलोनी निवासी जवाला प्रसाद ने 25 दिसंबर की सुबह अपनी बहन माया की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी थी। माया ब्यूटी पार्लर संचालिका थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया था कि माया की शादी लुधियाना हुई थी और उसने अपने पति से तालाक लेकर वह लिवइन रिलेशनशीप में अपने मायके के पास रह रही थी। माया का भाई जवाला प्रसाद अपनी बहन की इस हरकत से परेशान था और उसने ब्यूटी पार्लर पर जाकर दिन-दिहाड़े उसकी निर्मम हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी भाई को काबू कर अदालत में पेश किया था, जहां से अदालत ने आरोपी को तीन दिन के रिमांड पर भेजा था।

पुलिस ने रविवार को आरोपी के साथ मिलकर घटना स्थल का क्राइम सीन री-क्रियेट किया और सारे सबूत जुटाए। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।



कंचन मित्तल मिनिस्ट्रीज ने एक शानदार क्रिसमस सेलिब्रेशन का आयोजन किया।

# कंचन मित्तल मिनिस्ट्रीज में हुआ क्रिसमस सेलिब्रेशन, हजारों लोग आए एक साथ

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

कंचन मित्तल मिनिस्ट्रीज ने एक शानदार क्रिसमस सेलिब्रेशन का आयोजन किया। इसमें पूरे भारत के 20 से ज्यादा राज्यों से हजारों विश्वासी यीशु मसीह के जन्म का जश्न मनाने के लिए खुशी-खुशी इकट्ठा हुए।

इस भव्य सभा में दिल से पूजा, एकता और उत्सव का माहौल था, जिसमें पूरे देश से परिवार, युवा, चर्च लीडर और पास्टर्स शामिल हुए। क्रिसमस सेलिब्रेशन का नेतृत्व पास्टर कंचन मित्तल, अपोस्टल अभिषेक मित्तल और पास्टर आशीष मित्तल ने किया, जिन्होंने आशा, मुक्ति और मसीह के असीम प्रेम पर आधारित प्रेरणादायक संदेशों के साथ मिलकर सेवा की। उत्सव की शुरुआत जोश भरी पूजा और स्तुति के साथ हुई, जिसने शाम के लिए एक आध्यात्मिक माहौल बनाया। इसके बाद एक खास क्रिसमस संदेश दिया गया, जिसने मंडली को इस मौसम के असली मतलब की याद दिलाई।

# पूर्व सीएम ने बनवाई भाजपा सरकार : अभय

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** इनेलो के महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कहा कि जो लोग भाजपा को जमना पार करने की बात करते थे, वो भाजपा की गोद में जाकर बैठ गए। साढ़े चार साल तक जनता को लूटने का काम किया। जनता ने उनकी दुकान बंद कर दी है। इनेलो के महासचिव अभय सिंह चौटाला रविवार को जुलाना क्षेत्र के किलाजफरगढ़ गांव में पहुंचे और कार्यक्रम को संबाधित किया। अभय चौटाला ने कहा कि हुड्डा ने सरकार बनानी थी, लेकिन उन्होंने ऐसे लोगों को टिकट दे दी जो नहीं जीत पाए। उचाना में भी हुड्डा ने कांग्रेस प्रत्याशी को हराया। कांग्रेस के प्रत्याशियों के सामने अपने कार्यकर्ता उठा दिए और कांग्रेस प्रत्याशियों को हरा दिया। आने वाले समय में इनेलो के प्रत्याशी सत्ता में आएंगे।

## देश-विदेश

# पाकिस्तान दोबारा युद्ध को तैयार, भारत को समझाया युद्ध बच्चों का खेल नहीं : जरदारी

**एजेंसी, कराची**

**पाकिस्तान** के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने कहा कि मई में हुए युद्ध के दौरान पाकिस्तान ने भारत के आक्रमण का मजबूती से जवाब दिया। इसके बाद भारत सरकार को समझ आ गया कि युद्ध 'बच्चों का खेल' नहीं है। जरदारी शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की पुण्यतिथि पर कराची में रैली में शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि भारत को पाकिस्तान के संयम के लिए शुक्रगुजार होना चाहिए, क्योंकि अगर पाकिस्तान चाहता तो और भी भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराया जा सकता था। मोदी अब समझ चुके हैं कि पाकिस्तान अपनी रक्षा करना जानता है। अगर दोबारा युद्ध थोपा गया तो पाकिस्तान पूरी तरह तैयार है। वहीं, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के चेयरमैन बिलावल भुट्टो जरदारी ने फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की तारीफ की। उन्होंने कहा कि हमारे फील्ड मार्शल (आसिम मुनीर) का नाम सुनते ही मोदी छिप जाते हैं। अब विदेश में पाकिस्तान को लेकर कुछ नहीं कहते। जरदारी ने कहा कि भले ही भारत खुद को बड़ी ताकत मानता हो, लेकिन पाकिस्तान के नेतृत्व और सेना जैसी हिम्मत और जज्बा उसमें नहीं है। मोदी को समझना चाहिए कि युद्ध के लिए हिम्मत, संकल्प और बलिदान चाहिए। मई में जब संघर्ष शुरू हुआ, तब मुझे बंकर में जाने की सलाह दी गई थी, लेकिन मैंने साफ इनकार कर दिया। (अनंत ज्ञान)

# बाबरी मस्जिद की नींव रखने वाले हुमायूं कबीर का बेटा किया गिरफ्तार

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद की नींव रखने वाले और जनता उन्नयन पार्टी के अध्यक्ष हुमायूं कबीर के बेटे गुलाम नबी आजाद को हिरासत में लिया है।

गुलाम पर आरोप है कि उसने ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी से मारपीट की थी। कांस्टेबल आरोपी के पिता कबीर की सुरक्षा में तैनात था। कांस्टेबल ने दर्ज शिकायत में कहा है कि जब उसने कबीर से छुट्टी की मांग की तो इस बात पर गुलाम ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। (अनंत ज्ञान)

## जम्मू-कश्मीर में कड़ाके की ठंड में सेना एक्शन में : बर्फीले और दुर्गम पहाड़ों में बढ़ाई गश्त

# 30-35 पाकिस्तानी आतंकियों की तलाश जारी

**एजेंसी, जम्मू**

**जम्मू**-कश्मीर में कड़ाके की ठंड के बावजूद सुरक्षाबलों ने किश्तवाड़ और डोडा जिलों में आतंकियों के खिलाफ अभियान और तेज कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक बर्फ से ढंके ऊंचे और दुर्गम पहाड़ी इलाकों में गश्त बढ़ा दी गई है।

खुफिया आकलन के अनुसार, जम्मू क्षेत्र में 30 से 35 पाकिस्तानी आतंकी सक्रिय हैं। लगातार सर्चिंग और स्थानीय समर्थन कमजोर पड़ने के कारण ये आतंकी आबादी से दूर मध्य और ऊपरी पहाड़ी इलाकों में छिपने की कोशिश कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि सेना ने अस्थायी बेस, निगरानी पोस्ट और गश्ती ग्रिड बनाकर ऊंची पहाड़ियों, जंगलों और घाटियों में नियमित पेट्रोलिंग शुरू की है। पहले सर्दियों में आतंकी गतिविधियों में कमी आती थी, लेकिन अब सेना ने प्रो-एक्टिव विंटर स्ट्रैटजी अपनाई है।

### स्पेशल विंटर वॉरफेयर यूनिट्स भी तैनात की गई

**यह** अभियान जम्मू-कश्मीर पुलिस, सीआरपीएफ, एसओजी, सिविल प्रशासन, वन विभाग और ग्राम रक्षा दल के साथ तालमेल में चल रहा है। आतंकियों की निगरानी के लिए ड्रोन, थर्मल इमेजर, ग्राउंड सेंसर और रडार का इस्तेमाल किया जा रहा है। स्पेशल विंटर वॉरफेयर यूनिट्स भी तैनात की गई हैं। सुरक्षाबलों का लक्ष्य आतंकियों को खत्म करना और उन्हें दूर-दराज, मुश्किल पहाड़ी इलाकों में भी नहीं छिपने देना है।

**80 से ज्यादा गांवों में भी सर्च ऑपरेशन जारी:** सेना, बीएसएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस पिछले 10 दिन से संयुक्त रूप से सर्च ऑपरेशन चला रही है। सेना, बीएसएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस पिछले 10 दिन से संयुक्त रूप से सर्च ऑपरेशन चला रही है। सीमा से सटे इलाकों में आतंकियों की घुसपैठ की कोशिशों को नाकाम करने के लिए सेना, बीएसएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस पिछले 10 दिन से संयुक्त रूप से सर्च ऑपरेशन चला रही है। यह सर्चिंग बॉर्डर एरिया के 80 से ज्यादा गांवों में चलाया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक खुफिया इनपुट मिले थे कि आतंकी संगठन घने कोहरे, सर्द मौसम और दुर्गम इलाकों का फायदा उठाकर घुसपैठ की कोशिश कर सकते हैं। इसी के मद्देनजर यह बड़ा ऑपरेशन शुरू किया गया है। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली के द्वारका में अवैध रूप से रह रहे सात नाइजीरियाई नागरिक गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी रह रहे थे**

**दिल्ली** के द्वारका इलाके में पुलिस ने वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी भारत में रहने के आरोप में सात नाइजीरियाई नागरिकों को हिरासत में लिया है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस की कई टीम ने प्राप्त सूचना के आधार पर सत्यापन अभियान चलाकर इन विदेशी नागरिकों को पकड़ा और जांच के दौरान पता चला कि उनके पास वैध दस्तावेज नहीं थे।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि पकड़े गए सभी व्यक्ति या तो वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी भारत में रह रहे थे या वैध अनुमति के बिना रह रहे थे। उन्होंने बताया कि चिकित्सीय जांच के बाद हिरासत में लिए गए सभी लोगों को विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के समक्ष पेश किया गया, जहां उनके निर्वासन का आदेश दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि निर्वासन की औपचारिकताएं पूरी होने तक उन्हें एक निरुद्ध केंद्र भेज दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

# मणिपुर में हथियार और गोला-बारूद जब्त, दो लोग किए गिरफ्तार

**एजेंसी, इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पूर्व जिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारियां और बरामदगी शनिवार को की गई। पुलिस के अनुसार, 49 वर्षीय रेबांता क्षेत्रीमायुम को पंगई लैरम मापन इलाके में उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से नौ मिमी पिस्तौल और 18 कारतूस बरामद किए गए। हाओतान थांगजाम खुनौ इलाके में 30 वर्षीय अरिबाम गुनिंद्रो शर्मा को भी उसके घर से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से विभिन्न कैलिबर के 13 कारतूस और 12-बोर कारतूस के तीन खोल बरामद किए गए। (अनंत ज्ञान)

# कांग्रेस सिर्फ राजनीतिक दल नहीं, भारत की आत्मा की आवाज है : राहुल गांधी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कांग्रेस** ने रविवार को अपना 140वें स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की आवाज है, जो हर कमजोर, वंचित और मेहनतकश के साथ खड़ी रही है।

राहुल गांधी पार्टी के मुख्यालय इंदिरा भवन में आयोजित 140वें स्थापना दिवस समारोह में हिस्सा लेने पहुंचे थे। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी समेत कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। संविधान की रक्षा की लड़ाई का संकल्पगांधी ने पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट लिखा। इसमें उन्होंने कहा कि संकल्प है कि नफरत, अन्याय और तानाशाही के खिलाफ सत्य, साहस और संविधान की रक्षा की लड़ाई और अधिक मजबूती से लड़ेंगे। आज भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना दिवस पर हर कांग्रेसजन को हार्दिक शुभकामनाएं। हम उस ऐतिहासिक विरासत और उन महान बलिदानियों को नमन करते हैं, जिन्होंने भारत को आजादी दिलाई, संविधान की नींव रखी और लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय व समानता के मूल्यों को मजबूत किया। हम उस ऐतिहासिक विरासत और उन महान बलिदानों को श्रद्धांजलि देते हैं, जिन्होंने भारत को आजादी दिलाई, संविधान की नींव रखी और लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय के मूल्यों को मजबूत किया। (अनंत ज्ञान)

# एसआईआर प्रक्रिया के बीच केंद्र ने राज्य के चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर की सुरक्षा बढ़ाई

**एजेंसी, कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) हो रहा है। केंद्र सरकार ने राज्य के चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर मनोज अग्रवाल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

खुफिया एजेंसियों से मिले इनपुट के बाद यह फैसला लिया गया। 26 दिसंबर को गृह मंत्रालय के आदेश के बाद कोलकाता में मनोज अग्रवाल को सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स की Y+प्लस कैटेगरी सिक्योरिटी दी गई है। सीआईएसएफ की वीआईपी सिक्योरिटी विंग की 20 हथियारबंद जवानों की टीम को अग्रवाल की और उनके आवास की सुरक्षा में तैनात किया गया है। टीम ने सुरक्षा का चार्ज संभाल लिया है। पिछले हफ्ते चुनाव आयोग ने कोलकाता में सीआईओ ऑफिस को सेंट्रल फोर्स के सिक्योरिटी कवर में लाने का ऑर्डर दिया था। कमीशन की तरफ से सेंट्रल होम मिनिस्ट्री के ज्वॉइंट सेक्रेटरी अनिल सुब्रह्मण्यम को एक पत्र भी भेजा गया था। पत्र में इलेक्शन कमीशन के सचिव सुरजीत कुमार मिश्रा ने कहा था कि सीआईओ ऑफिस के दूसरे और तीसरे फ्लोर पर सेंट्रल सिक्योरिटी दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# खालिदा जिया की तबीयत 'नाजुक'

**एजेंसी, ढाका।** खालिदा जिया का इलाज 23 नवंबर से ढाका के अस्पताल में चल रहा है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष खालिदा जिया की सेहत को लेकर चिकित्सा टीम ने जानकारी दी है। चिकित्सा टीम के सदस्य और पार्टी की स्थायी समिति के सदस्य एजेडएम जाहिद हुसैन ने बताया कि खालिदा जिया 'नाजुक स्थिति' से गुजर रही हैं। शनिवार रात को एक प्रेस ब्रीफिंग में उन्होंने यह बात कही है। ब्रीफिंग के कुछ घंटों बाद रविवार सुबह 6:30 बजे बीएनपी मीडिया सेल ने एक पोस्ट में एजेडएम जाहिद हुसैन के हवाले से कहा कि खालिदा जिला पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। बीएनपी के कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान और उनकी पत्नी जुबैदा रहमान खालिदा जिया को देखने अस्पताल गए। (अनंत ज्ञान)

## रूस के राजधानी कीव पर ताजा हमले को लेकर भड़के जेलेंस्की, बोले-

# हम शांति चाहते हैं, लेकिन पुतिन युद्ध

**एजेंसी, कीव**

**रूस** ने ताजा हमले में यूक्रेन की राजधानी कीव और उसके आसपास के इलाकों को निशाना बनाया है। जिस पर यूक्रेन के राष्ट्रपति ने तंज कसते हुए पुतिन को हमेशा लड़ाई में लगे रहने वाला व्यक्ति बताया।

जेलेंस्की ने कनाडा में मीडिया से बात करते हुए कहा, हम शांति चाहते हैं, लेकिन पुतिन हमेशा युद्ध में ही लगे रहने वाले व्यक्ति हैं। कनाडा के नोवा स्कोटिया में कनाडाई पीएम मार्क कॉर्नी के साथ बैठक के बाद जेलेंस्की ने यह बात कही। अमेरिका पहुंचने से पहले जेलेंस्की कनाडा रुके और वहां कनाडा के पीएम मार्क कार्नी और अन्य यूरोपीय नेताओं से बातचीत की। जेलेंस्की ने यूरोपीय नेताओं से अपील की कि पुतिन को युद्ध के अंत में हेरफेर करने से रोकने के लिए रूस पर कूटनीतिक और जंग के मैदान में, दोनों तरफ से दबाव बनाने की जरूरत है। जेलेंस्की की यह टिप्पणी, रूस के कीव पर ताजा हमले के बाद आई है, जिसमें रूस ने कीव पर बड़ा हवाई हमला किया, जिसमें दो लोग मारे गए हैं और चार अन्य लोग घायल हुए हैं। जेलेंस्की ने आरोप लगाया कि रूस ने 500 से ज्यादा ड्रोन और 40 से ज्यादा मिसाइलों से हमला किया। यह हमला 10 घंटे तक चला, जिससे कीव में जनजीवन बुरी तरह से बाधित रहा और कई घंटे तक बिजली गुल रही।

### रूस ने राजधानी कीव पर दागी मिसाइल-ड्रोन



**रूस** ने यूक्रेन की राजधानी कीव और उसके आसपास के इलाकों पर अब तक के सबसे बड़े हवाई हमलों में से एक हमला किया। मिसाइल और ड्रोन से हुए इस हमले ने शहर और आसपास के इलाकों को हिला कर रख दिया। कई घंटों तक एयर रेड अलर्ट जारी रहा और बिजली गुल हो गई। इस हमले के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को 'मैन ऑफ वॉर' करार दिया।

# सहारनपुर फायरिंग रेंज में धमाका होने से सेना के चार जवान घायल

**एजेंसी, सहारनपुर**

**उत्तर** प्रदेश के सहारनपुर में फायरिंग रेंज में अभ्यास के दौरान धमाका होने से सेना के चार जवान घायल हुए हैं। घटना मिर्जापुर क्षेत्र स्थित सेना की फायरिंग रेंज में नियमित अभ्यास के दौरान अचानक ब्लास्ट हो गए। धमाके की आवाज सुनते ही अफरा-तफरी मच गई।

घायल जवानों को मौके पर मौजूद एंबुलेंस से बेहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया। डॉक्टरों की टीम ने प्राथमिक उपचार शुरू किया। बेहट सीएचसी चिकित्सकों के अनुसार, चारों जवानों को चोटें आई हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर पाई गईद्ध गंभीर रूप से घायल जवानों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की



सूचना मिलते ही सेना के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। इसके साथ ही स्थानीय पुलिस भी फायरिंग रेंज पर पहुंच गई और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। राहत एवं बचाव कार्य तेजी से चलाया गया ताकि किसी तरह की और अनहोनी न हो। सुरक्षा कारणों से पूरे क्षेत्र को अस्थायी रूप से सील कर दिया गया। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### दुबई कैपिटल्स पर जीत से एमआई एमिरेट्स ने की क्वालीफायर एक में जगह पक्की

**एजेंसी, अबूधाबी।** स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान कीरोन पोलार्ड की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की बदौलत एमआई एमिरेट्स ने दुबई कैपिटल्स पर आठ विकेट से आसान जीत हासिल करके आईएलटी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट में शीर्ष दो में अपनी जगह पक्की कर ली। एमआई एमिरेट्स के स्पिनरों ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखा और कैपिटल्स को आठ विकेट पर 122 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। उसकी तरफ से कप्तान मोहम्मद नबी ने सर्वाधिक नाबाद 22 रन बनाए। एमआई एमिरेट्स के लिए अल्लाह ग़ज़नफ़र ने 28 रन देकर तीन विकेट लिए और शाकिब अल हसन ने चार ओवरों में 11 रन देकर एक विकेट लिया। पोलार्ड की 31 गेंदों में खेली गई नाबाद 44 रन की पारी से एमआई एमिरेट्स ने 16.4 ओवर में दो विकेट पर 126 रन बनाकर इस सत्र की अपनी लगातार पांचवीं जीत हासिल की। पोलार्ड ने अपनी पारी में एक चौका और पांच छक्के लगाए। एमआई एमिरेट्स की टीम अब 30 दिसंबर को क्वालीफायर एक में डेजर्ट वाइपर से भिड़ेगी। (अनंत ज्ञान)

### मेरे लिए 160 किमी प्रति घंटे की रफ्तार विकेट लेने से ज्यादा मायने रखती : ब्रेट ली

**एजेंसी, मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व गेंदबाज ब्रेट ली तेज गेंदबाजी के प्रति इतने जुनूनी थे कि उन्होंने नौ साल की उम्र में ही 160 किमी प्रति घंटे की रफ्तार हासिल करने का लक्ष्य बना लिया था और जब तक उन्होंने यह जादुई आंकड़ा हासिल नहीं कर लिया, तब तक उनके लिए कोई भी व्यक्तिगत उपलब्धि या सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों के विकेट उखाड़ना कोई मायने नहीं रखता था। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के हॉल ऑफ फेम में शामिल किए गए 49 वर्षीय ली ने कहा कि उन्होंने अपना जीवन अपने इस सपने को साकार करने के लिए समर्पित कर दिया था। इसके लिए उन्होंने अपनी मां हेलेन को श्रेय दिया जो एक फर्राटा धाविका थीं और इस तरह से उनके पास रफ्तार का सौदागर बनने के लिए आवश्यक आनुवंशिक गुण थे। (अनंत ज्ञान)

### नोर्किया के शानदार प्रदर्शन से सनराइजर्स ने बोनस अंक के साथ की शुरुआत

**एजेंसी, पार्ल (दक्षिण अफ्रीका)।** तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया की घातक गेंदबाजी की मदद से सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने पार्ल रॉयल्स को एसए 20 क्रिकेट टूर्नामेंट के इतिहास में अब तक के सबसे कम स्कोर पर आउट करके 137 रन की बड़ी जीत के साथ बोनस अंक हासिल किया। नोर्किया ने तीन ओवर में 13 रन देकर चार विकेट लिए और 187 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे रॉयल्स को 11.5 ओवर में केवल 49 रन पर आउट करने में अहम भूमिका निभाई। नोर्किया के अलावा एडम मिल्ने और तारिंडु रत्नायके ने दो-दो विकेट लिए। सनराइजर्स ने इससे पहले चार विकेट पर 186 रन बनाए थे। उसकी तरफ से जॉर्डन हरमन ने केवल 28 गेंदों में 62 रन (पांच चौके, चार छक्के) बनाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने डेलानो पोटगीटर के आखिरी ओवर में 22 रन बनाकर सनराइजर्स की पारी का शानदार अंत किया। क्विंटन डी कॉक (24 गेंदों में 42 रन) और जॉनी बेयरस्टो (33 गेंदों में 31 रन) ने शुरुआत में ही 50 गेंदों में 66 रन की साझेदारी की। (अनंत ज्ञान)

### एलिस कैप्सी का बेहतरीन स्टाइल

**इंग्लैंड।** एलिस कैप्सी क्रिकेट जगत की उभरती हुई स्टार हैं जो अपनी युवा आकर्षण और प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए जानी जाती हैं। उनकी प्राकृतिक सुंदरता और ऊर्जावान उपस्थिति उन्हें देखने लायक सबसे खूबसूरत महिला क्रिकेटरों में से एक बनाती है।



### श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए पाकिस्तान ने किया टीम का ऐलान

# बाबर, शाहीन और रऊफ बाहर शादाब खान की हुई वापसी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पाकिस्तान** क्रिकेट बोर्ड ने जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी-20 इंटरनेशनल सीरीज के लिए टीम का ऐलान कर दिया है। पूर्व कप्तान और टी- 20 में पाकिस्तान के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बाबर आजम को इस टीम में शामिल नहीं किया गया है।

वहीं, वनडे कप्तान शाहीन शाह अफरीदी और 20 फॉर्मेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले हारिस रऊफ को भी बाहर रखा गया है। टीम की कमान एक बार फिर सलमान अली आगा को सौंपी गई है। यह सीरीज फरवरी-मार्च में भारत और श्रीलंका में होने वाले टीम- 20 वर्ल्ड कप से पहले पाकिस्तान की आखिरी टी- 20 सीरीज होगी। तीनों मुकाबले श्रीलंका के दांबुला में 7, 9 और 11 जनवरी को खेले जाएंगे। शादाब खान की वापसी इस टीम में ऑलराउंडर शादाब खान की वापसी हुई है। वह जून 2025 में बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू 20 सीरीज के बाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर थे। उस सीरीज में पाकिस्तान ने 3-0 से जीत दर्ज की थी, जिसमें शादाब ने 4 विकेट लिए और 55 रन बनाए थे। इसके बाद दाहिने कंधे की समस्या के चलते उनकी सर्जरी हुई। रिहैबिलिटेशन पूरा करने के बाद शादाब ने 16 दिसंबर, 2025 से ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में सिडनी थंडर के लिए खेलना शुरू किया। बीबीएल में उनके प्रदर्शन के बाद सेलेक्टर्स ने उन्हें फिर से टी- 20 टीम में शामिल किया है। 23 साल के दाएं हाथ के बल्लेबाज ख्वाजा नफे को पहली बार पाकिस्तान की टी- 20 टीम में जगह मिली है। वे हाल ही में अबू धाबी टी-10 लीग में खेल चुके हैं और पाकिस्तान शाहीन टीम का हिस्सा भी रहे हैं। अब तक खेले गए 32 20 मैचों में उन्होंने 688 रन बनाए हैं, उनका स्ट्राइक रेट 132.81 है। वे पार्ट-टाइम विकेटकीपर भी हैं। (अनंत ज्ञान)




# शेफाली ने लगातार तीसरी फिफ्टी लगाई मंधाना के 10 हजार इंटरनेशनल रन पूरे

### चौथा महिला टी-20: भारतीय सलामी जोड़ी ने दिलाई तेज शुरुआत




**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम**

**भारत** और श्रीलंका के बीच चौथा टी-20 तिरुवनंपुरम में खेला गया। रविवार को ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में श्रीलंका ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। इंडिया वुमेंस ने सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना रखी है। समाचार लिखे जाने तक भारत ने 15.1 ओवर के बाद बगैर नुकसान के 162 रन बना लिए थे। शेफाली वर्मा 79 रन बनाकर आउट हुई। शेफाली ने लगातार तीसरी फिफ्टी लगाई। मंधाना ने भी 35 गेंद पर फिफ्टी लगा दी। मंधाना ने 10 हजार इंटरनेशनल रन पूरे कर लिए हैं। वे ऐसा करने वालीं चौथी ही महिला क्रिकेटर बनीं। स्मृति मंधाना 79 रन रन पर खेल रही थी।

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी इंडिया वुमेंस ने तेज शुरुआत की। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने 3 ही ओवर में टीम का स्कोर 26 रन तक पहुंचा दिया। दोनों ने पावरप्ले के 6 ओवरों में स्कोर 62 रन तक पहुंचा दिया। भारत के लिए स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ओपनिंग करने उतरीं। दोनों ने मालशा शेहानी के खिलाफ पहले ओवर में 10 रन बटोरे। मंधाना ने 2 चौके लगाए। (अनंत ज्ञान)

## नया साल भारतीय महिला हॉकी के लिए नई उम्मीद लेकर आएगा: दीपिका सेहरावत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए यह साल मैदान के भीतर और बाहर भले ही अच्छा नहीं रहा हो, लेकिन हॉकी इंडिया लीग के जरिये पांच महीने बाद मैदान पर वापसी को तैयार ड्रैग फ्लिकर दीपिका सेहरावत का मानना है कि नए साल में चीजें अच्छे के लिए बदलेंगी। अगस्त में एशिया कप के लिए रवानगी से एक दिन पहले आखिरी अभ्यास सत्र में पैर फिसलने के कारण टीम से बाहर हुई दीपिका ने स्वीकार किया कि बीते साल टीम अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाई, लेकिन यह भी कहा कि नया साल नई उम्मीदें लेकर आएगा।

हॉकी इंडिया लीग के जरिए वापसी कर रही 22 वर्ष की इस फॉरवर्ड ने कहा कि नए साल में नई चीजें शुरू होंगी, तो काफी कुछ बदलेगा। अगला साल काफी अहम है जिसमें विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना सबसे पहली चुनौती है और 2026 में एशियाई खेल भी हैं। प्रो लीग में आखिरी स्थान पर रहने के अलावा एशिया कप के फाइनल में चीन से 1-4 से हारकर भारतीय महिला टीम ने बेल्जियम और नीदरलैंड में अगले साल अगस्त में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने का मौका गंवा दिया। अब उसे मार्च में हैदराबाद में क्वालीफायर खेलना है, जिसमें इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरूग्वे, वेल्स और आस्ट्रिया भी भाग लेंगे और शीर्ष तीन टीमें विश्व कप का टिकट कटाएंगी। वर्ष 2025 में हॉकी इंडिया के सर्वश्रेष्ठ उदीयमान खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाली दीपिका ने कहा कि हॉकी से दूर ये पांच महीने मेरे लिये बहुत कठिन थे। मुझे गुस्सा आता था और मैं रोती थी कि टीम से बाहर क्यो हूं, क्योंकि एशिया कप के लिए मेरी तैयारी अच्छी थी।

अब पूरी तरह फिट होकर वापसी कर रही हूं और अपनी ओर से कोई कसर नहीं छोड़नी है। उन्होंने कहा कि हमें दिखाना है कि भारत की महिला हॉकी टीम भी किसी से कम नहीं है। टोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद महिला हॉकी का ग्राफ जो ऊपर गया था, उसे फिर लौटाना है। पिछला साल अच्छा नहीं रहा, लेकिन अगला साल नई सुबह लेकर आएगा। (अनंत ज्ञान)

# महिला टी-20 : लौरा ने की फास्टेस्ट फिफ्टी की बराबरी

### सुपर स्मैश में 15 गेंद में 50 रन पूरे किए; 6 चौके, 4 छक्के लगाए

**एजेंसी, नई दिल्ली**

न्यूजीलैंड में चल रही महिला सुपर स्मैश में ऑस्ट्रेलिया की विस्फोटक बल्लेबाज लौरा हैरिस ने इतिहास रच दिया। उन्होंने सिर्फ 15 गेंदों में अर्धशतक जड़कर महिला टी-20 क्रिकेट के सबसे तेज फिफ्टी के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। इससे पहले यह रिकॉर्ड इंग्लैंड की वारविकशर खिलाड़ी मैरी केली के नाम था। रविवार को एलेक्जेंड्रा के मोलिन्यू पार्क में खेले गए मुकाबले में ओटागो को जीत के लिए 146 रन का लक्ष्य मिला था।

टीम ने 6 ओवर में 46 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। ऐसे समय में लौरा हैरिस क्रीज पर उतरीं और आक्रामक बल्लेबाजी से मैच का रुख बदल दिया। हैरिस ने महज 17 गेंदों में 52 रन बनाए। उनकी पारी में 6 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। उनकी इस तूफानी बल्लेबाजी की बदौलत ओटागो ने लक्ष्य को 15वें ओवर में ही हासिल कर लिया। हैरिस गैबी सुलिवन की गेंद पर डीप में कैच आउट हुईं, लेकिन तब तक जीत लगभग तय हो चुकी थी।




**टी-20 क्रिकेट में 6 बार 20 से कम गेंदों में अर्धशतक जड़ा:** लौरा हैरिस ने अपने टी-20 करियर में अब तक 6 बार 20 गेंदों से कम में अर्धशतक पूरे किए हैं। इनमें एक 15 गेंदों में, एक 17 गेंदों में, तीन 18 गेंदों में और एक 19 गेंदों में आई फिफ्टी शामिल है। महिला क्रिकेट में किसी अन्य बल्लेबाज ने यह कारनामा एक से ज्यादा बार नहीं किया है। इस साल की शुरुआत में हैरिस ने इंग्लैंड में वारविकशायर की ओर से खेलते हुए 17 गेंदों में अर्धशतक लगाया था। हालांकि हाल ही में खत्म हुए विमेंस बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) का सीजन हैरिस के लिए निराशाजनक रहा। सिडनी थंडर की ओर से उन्होंने 10 मैचों में 8 पारियों में सिर्फ 69 रन बनाए। इसके बावजूद उनका स्ट्राइक रेट 197.14 रहा, जो पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा था। (अनंत ज्ञान)

#### ओटागो को मिला बोनस प्वॉइंट

**हैरिस** की पारी के दम पर ओटागो महिला सुपर स्मैश में बोनस प्वॉइंट हासिल करने वाली पहली टीम बन गई। नए नियम के तहत जीत के 4 अंकों के अलावा बोनस प्वॉइंट तब मिलता है, जब टीम 150 रन बनाए या विपक्षी टीम के मुकाबले 1.25 गुना तेज रन रेट से लक्ष्य हासिल करे। इस मैच में कैंटरबरी का रन रेट 7.25 था, जबकि ओटागो ने 9.84 की रन गति से लक्ष्य हासिल किया।

## अलग-अलग तरीकों से टीम में योगदान देकर अच्छा लग रहा है: ट्रेविस हेड

**एजेंसी, नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने इंग्लैंड के खिलाफ जारी एशेज टेस्ट श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन पर प्रसन्नता जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि सिडनी में पांचवें टेस्ट में सलामी बल्लेबाज के रूप में अपनी भूमिका जारी रखने में उन्हें खुशी है। उन्होंने कहा कि टीम में अलग-अलग तरीकों से योगदान देकर अच्छा लग रहा है। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की एशेज श्रृंखला खेली जा रही। मेजबान ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला में 3-1 से आगे है। श्रृंखला का पांचवां एवं अंतिम टेस्ट मैच सिडनी में चार जनवरी से खेला जाएगा। श्रृंखला में शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी कर रहे हेड ऑस्ट्रेलिया के लिए एक शानदार खिलाड़ी साबित हुए हैं। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने चार मैचों की आठ पारियों में दो शतक के साथ 437 रन बनाकर सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। हेड ने ऑस्ट्रेलियाई टीम में नंबर 5 पर बल्लेबाजी करते हुए अपनी छाप छोड़ी, लेकिन 31 वर्षीय खिलाड़ी ने संकेत दिया कि अगर टीम के हित में हो तो वह बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष पर बने रहने के इच्छुक हैं। हेड ने रविवार को मेलबर्न में कहा कि मुझे शीर्ष पर रहकर अच्छा लग रहा है। मैं अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं। मुझे लगता है कि मैं गेंद को सही जगह पर पहुंचा रहा हूं। विभिन्न तरीकों से योगदान दे पाना सुखद है। हालांकि, एशेज के पहले चार मैचों में कई खिलाड़ियों द्वारा कम स्कोर बनाने के बाद उनके कुछ साथियों के भविष्य पर सवाल उठ रहे हैं। साथी सलामी बल्लेबाज जेक वेदराल्ड ने टेस्ट पदार्पण करने के बाद से आठ पारियों में केवल 146 रन बनाए हैं। हेड ने कहा कि मुझे लगता है कि जेक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए काफी अच्छा खिलाड़ी है। उसने अपने पहले चार टेस्ट मैचों में कई झलकियां दिखाई हैं। ऐसा हमेशा नहीं होगा कि चीजें आपके पक्ष में ही हों। ऐसे कई खिलाड़ी हैं जो बल्ले से दबाव में दिखते हैं, लेकिन हमारी पीढ़ी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से कुछ हैं। (अनंत ज्ञान)



## वैभव सूर्यवंशी बने अंडर-19 टीम इंडिया टीम के कप्तान

**एजेंसी, मुंबई।** 14 साल के वैभव सूर्यवंशी को भारतीय अंडर-19 टीम का कप्तान बनाया गया है। वे साउथ अफ्रीका दौरे पर टीम की कप्तानी करेंगे। हालांकि, वर्ल्ड कप में आयुष म्हात्रे ही कप्तान होंगे। वे इंजरी के कारण साउथ अफ्रीका दौरे से बाहर हैं। बीसीसीआई ने साउथ अफ्रीका टूर और अंडर-19 वर्ल्ड कप के लिए टीम का ऐलान किया है। बोर्ड ने विहान मल्होत्रा को वर्ल्ड कप के लिए उपकप्तान बनाया है। विहान भी इंजरी के कारण साउथ अफ्रीका नहीं जा रहे हैं। भारत की युवा टीम का साउथ अफ्रीका दौरा 3 जनवरी से शुरू होगा। इसमें 3 वनडे खेले जाएंगे। इसके बाद टीम इंडिया 15 जनवरी से जिम्बाब्वे और नामीबिया में आयोजित होने वाले वर्ल्ड कप में हिस्सा लेगी। 15 जनवरी को यूएसए के खिलाफ भारत अपने वर्ल्ड कप अभियान का आगाज करेगी। दूसरा मैच 17 जनवरी को बांग्लादेश और तीसरा मैच 24 जनवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला जाएगा। बीसीसीआई ने ने प्रेस रिलीज में बताया कि युवा टीम के रेग्युलर कप्तान आयुष म्हात्रे और विहान मल्होत्रा की कलाई में चोट लगी है। दोनों साउथ अफ्रीका दौरे से बाहर रहेंगे। ये दोनों चोट के इलाज के लिए बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिपोर्ट करेंगे। फिर आईसीसी मेंस अंडर-19 वर्ल्ड कप के लिए टीम से जुड़ेंगे। अंडर-19 वर्ल्ड कप में 16 टीमें हिस्सा लेंगी। जिन्हें चार ग्रुप में बांटा गया है। सुपर सिक्स स्टेज, सेमीफाइनल और फाइनल खेले जाएंगे। फाइनल मुकाबला हरारे में होगा। (अनंत ज्ञान)

# विश्व रैपिड शतरंज: हम्पी संयुक्त शीर्ष पर

### भारत के स्टार खिलाड़ी गुकेश और एरिगैसी भी अच्छी स्थिति में

**एजेंसी, दोहा**

मौजूदा चैंपियन कोनेरू हम्पी ने अपने धैर्य और दृढ़ता का शानदार नमूना पेश करते हुए यहां फिडे विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप के दूसरे दिन महिला वर्ग में संयुक्त बढ़त बनाए रखी, जबकि भारत के स्टार खिलाड़ी डी गुकेश और अर्जुन एरिगैसी भी ओपन वर्ग में मुकाबले में बने रहे। महिला वर्ग में अब तीन राउंड का खेल होना बाकी है, तब हम्पी चीन की झू जिनर के साथ अधिकतम आठ अंकों में से 6.5 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं।

इन दोनों से पीछे छह अंकों के साथ 10 खिलाड़ी हैं, जिनमें भारत की द्रोणावल्ली हरिका भी शामिल हैं। ओपन वर्ग में 13 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिसमें नौ राउंड के बाद क्लासिकल प्रारूप के विश्व चैंपियन गुकेश और एरिगैसी 6.5 अंकों के साथ खिताब की दौड़ में बने हुए हैं।

यह भारतीय जोड़ी संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज व्लादिस्लाव आर्टेमिएव और हैंस नीमन (प्रत्येक 7.5 अंक) से एक अंक पीछे है। ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी और एलेक्सी सरना के खिलाफ दो ड्रॉ के साथ शुरुआत करने के बाद गुकेश ने स्पेन के डेविड एंटोन को हराया, लेकिन उन्हें अगले दौर में नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से हार का सामना करना पड़ा। रूस के 27 वर्षीय ग्रैंडमास्टर आर्टेमिएव ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और पांच बार के विश्व रैपिड चैंपियन मैग्नस कार्लसन और एरिगैसी को हराकर सुर्खियां बटोरीं। संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे आर्टेमिएव और नीमन के बाद चार खिलाड़ी कार्लसन, एलेक्सी सरना, यागिज एर्दोगमस और नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव उनसे आधे अंक पीछे हैं। महिला वर्ग में कड़ी टक्कर देखने को मिली, जिसमें भारत की दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन हम्पी ने सारा खादेम को हराकर सातवें दौर के अंत में छह अंकों के साथ एकमात्र बढ़त हासिल की, जबकि आठ खिलाड़ी उनसे आधे अंक पीछे थे। रूस की ग्रैंडमास्टर गोरियाचकिना एलेक्जेंड्रा के खिलाफ आठवें दौर में ड्रॉ खेलने से भारतीय दिग्गज खिलाड़ी का स्कोर 6.5 हो गया, जबकि झू जिनर ने दिन के आखिरी दौर में भारत की महिला विश्व कप चैंपियन दिव्या देशमुख को हराकर हम्पी के साथ शीर्ष स्थान पर जगह बनाई। रविवार को विश्व रैपिड टूर्नामेंट का तीसरा और अंतिम दिन होगा, जिसमें ओपन वर्ग में चार और महिला वर्ग में तीन राउंड खेले जाएंगे। (अनंत ज्ञान)



# आर्सेनल शीर्ष पर बरकरार, मैनचेस्टर सिटी और एस्टन विला भी ज्यादा दूर नहीं

**एजेंसी, मैनचेस्टर**

**आर्सेनल** ने ब्राइटन के अंतिम समय में जोरदार पलटवार से बचकर 2-1 से जीत हासिल करके इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबाल टूर्नामेंट में अपना पहला स्थान बरकरार रखा, लेकिन मैनचेस्टर सिटी और एस्टन विला भी उससे ज्यादा दूर नहीं हैं। शीर्ष स्थान के लिए इन तीन टीमों के बीच कड़ी टक्कर है।

तालिका में पहले और तीसरे स्थान के बीच केवल तीन अंकों का अंतर है। नॉटिंघम फॉरेस्ट पर 2-1 से जीत के बाद मैनचेस्टर सिटी ने कुछ समय के लिए शीर्ष स्थान हासिल कर लिया था, लेकिन इसके कुछ देर बाद आर्सेनल ने ब्राइटन को इसी अंतर से हराकर फिर से पहला स्थान हासिल कर दिया। वह मैनचेस्टर सिटी से दो अंक आगे है। एस्टन विला ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चेल्सी के खिलाफ 2-1 से जीत हासिल की। इस तरह से उसने सभी प्रतियोगिताओं में जीत दर्ज करने का अपना सिलसिला 11 मैच तक पहुंचा दिया है। आर्सेनल के अब 18 मैच में 42, जबकि मैनचेस्टर सिटी के इतने ही मैच में 40 और एस्टन विला की 39 अंक हैं। लिवरपूल चौथे स्थान पर है, लेकिन उसके 32 अंक हैं। लिवरपूल ने आखिरी स्थान पर काबिज वॉल्वरहैम्प्टन के खिलाफ 2-1 से जीत हासिल करके अपनी शानदार वापसी जारी रखी, जिससे वह चौथे स्थान पर पहुंच गया। वॉल्वरहैम्प्टन ने किसी एक सत्र की शुरुआत से सबसे लंबे समय तक बिना जीत के रहने का नया प्रीमियर लीग रिकॉर्ड बनाया। (अनंत ज्ञान)




**यादें** भारतीय बैडमिंटन के लिए वर्ष 2025 उतार चढ़ाव वाला रहा, युवा खिलाड़ियों ने जगाई उम्मीद

# सेन, सात्विक और चिराग का अच्छा प्रदर्शन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** बैडमिंटन के लिए वर्ष 2025 उतार चढ़ाव वाला रहा, जिसमें कई प्रमुख खिलाड़ियों को फॉर्म हासिल करने के लिए जूझना पड़ा, लेकिन लक्ष्य सेन का एक खिताब, सात्विकसाईराज रंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी का विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतना और युवा खिलाड़ियों की शानदार प्रगति ने उम्मीद की किरण भी जगाई। भारतीय खिलाड़ियों को इस वर्ष फिटनेस से जुड़ी समस्याओं से भी जूझना पड़ा, जिसका असर उनके प्रदर्शन पर भी पड़ा। इस सत्र में भारतीय खिलाड़ियों की सबसे महत्वपूर्ण व्यक्तिगत उपलब्धि सेन की ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में खिताबी जीत रही। सेन ने 2023 में कनाडा ओपन के बाद पहली बार सुपर 500 खिताब जीता और पिछले साल दिसंबर में सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 जीतने के बाद यह उनका पहला खिताब था। हांगकांग ओपन में वह उपविजेता रहे थे।




**सात्विक और चिराग की वापसी :** सात्विक और चिराग ने सत्र की शुरुआत में चोट और बीमारी से जूझने के बावजूद भारत की प्रमुख युगल जोड़ी के रूप में अपनी स्थिति को फिर से स्थापित किया। इस जोड़ी ने पेरिस में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता, हांगकांग ओपन और चीन मास्टर्स के फाइनल में जगह बनाई और बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स के नॉकआउट चरण में पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल जोड़ी बनकर साल का सकारात्मक अंत किया। किदाम्बी श्रीकांत ने इस सत्र में वापसी की झलक दिखाई, लेकिन वह कोई ट्रॉफी नहीं जीत पाए। मलेशिया मास्टर्स और सैयद मोदी इंटरनेशनल में उपविजेता रहकर उन्होंने पुराने दिनों की याद दिलाई, लेकिन लंबे समय से चले आ रहे खिताब के सूखे को खत्म नहीं कर सके। सैयद मोदी इंटरनेशनल टूर्नामेंट में गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली ने महिला युगल खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। भारतीय बैडमिंटन में वर्ष 2025 में सबसे उत्साहजनक संकेत युवा पीढ़ी से मिले। (अनंत ज्ञान)

### तन्वी शर्मा ने अपनी तरफ खींचा सबका ध्यान

**आयुष** शेट्टी ने अमेरकी ओपन सुपर 300 जीता और बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिताओं में लगातार अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने जापान के कोदाई नाराओका, पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू, चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन और कनाडा के ब्रायन यांग पर भी उल्लेखनीय जीत दर्ज की, जिससे उनकी शानदार प्रगति का पता चलता है। सोलह वर्षीय तन्वी शर्मा ने विश्व जूनियर चैंपियनशिप में लड़कियों के एकल वर्ग में रजत पदक जीतकर सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा। उन्होंने अमेरिकी ओपन के फाइनल में भी जगह बनाई थी तथा सैयद मोदी इंटरनेशनल में पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी नोजोमी ओकुहारा को हराकर इस सत्र की सबसे शानदार जीत में से एक हासिल की। तन्वी ने गुवाहाटी मास्टर्स में उपविजेता रहकर वर्ष का समापन किया। उन्नति हुडा ने विश्व जूनियर टीम चैंपियनशिप में भारत को कांस्य पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चीन मास्टर्स में पीवी सिंधू पर उनकी जीत ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

### सारस्वत ने पहला सुपर 100 खिताब जीता

**गुवाहाटी** मास्टर्स में संस्कार सारस्वत ने अपना पहला सुपर 100 खिताब जीता। भारत के सीनियर खिलाड़ियों के लिए हालांकि वर्ष 2025 काफी हद तक निराशाजनक साबित हुआ। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू तीन बार क्वार्टर फाइनल तक पहुंचीं, लेकिन उन्हें छह बार पहले दौर में और चार बार दूसरे दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। साल की शुरुआत में हैमस्ट्रिंग की समस्या ने उनके अभियान को बाधित किया, जिसके बाद पैर में चोट लगने के कारण उन्हें अक्तूबर के बाद सभी बीडब्ल्यूएफ प्रतियोगिताओं से नाम वापस लेना पड़ा।